ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● रांची ● पौष कृष्ण पक्ष 13 ● विक्रम संवत 2079 ● बुधवार, 21 दिसम्बर 2022 ● वर्ष-23 ● अंक-315 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 1.50

अर्जेंटीना पहुंचे वर्ल्ड चैम्पियन मेसी, सड़कों पर उमड़ा हुजूम - पेज 10 पर



NEWS इन ब्रीफ

### सीसीएल के पूर्व अधिकारी को तीन साल की सजा

**रांची।** आय से अधिक संपत्ति के मामले में सीसीएल के एक पूर्व अधिकारी धनेश प्रसाद को सीबीआई की अदालत ने दोषी पाते हुए तीन साल की सजा सुनाई है। अदालत ने उन पर एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। यह फैसला रांची स्थित सीबीआई की स्पेशल कोर्ट ने सुनाया है।

### दारोगा के घर से चोरी करनेवाला चोर बंगाल से गिरफ्तार

**रांची।** दारोगा नवीन कुमार के घर से सरकारी पिस्टल समेत अन्य सामानों की चोरी करनेवाले चोर को पुलिस ने बंगाल से गिरफ्तार किया है। गौरतलब है कि बीते 16 दिसम्बर को चुटिया थाना क्षेत्र के मचकुंद टोली के मां गायत्री सोसाइटी कॉलोनी में दारोगा नवीन कुमार के घर से 16 लाख के जेवरात, आठ लाख रुपये नगद और नाइन एमएम के सरकारी पिस्टल और गोली की चोरी हो गयी थी।

### नक्सली एरिया कमांडर ने किया आत्मसमर्पण

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम के सारंडा और सीमावर्ती ओड़िशा के इलाके में 12 वर्षों से सक्रिय नक्सल एरिया कमांडर कुलदीप ने मंगलवार को चाईबासा में आत्मसमर्पण कर दिया। झारखंड सरकार की आत्मसमर्पण नीति के तहत कुलदीप ने चाईबासा पुलिस लाइन में सिंहभूम (कोल्हान) प्रक्षेत्र के डीआईजी अजय लिंडा एवं सीआरपीएफ डीआईजी पूरन सिंह समेत अन्य वरीय पुलिस पदाधिकारियों के समक्ष अपना हथियार डाल दिया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने मुख्यधारा में आने का स्वागत किया।

### रबिका हत्याकांड में पति और सास समेत आठ गिरफ्तार

**रांची।** झारखंड की बेटी रबिका पहाड़िन हत्याकांड मामले में पुलिस ने पति और सास समेत आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। डीआइजी सुदर्शन मंडल ने बताया कि बोरियो में हुए रबिका पहाड़िन हत्याकांड में प्रारंभिक जांच के बाद पुलिस ने उसके पति दिलदार अंसारी, सास मरियम खातून और मरियम के भाई मोइनुल हक समेत आठ लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। दिलदार अंसारी की रबिका पहाड़िन (22) के साथ शादी करना उसके परिवारवालों को नागवार गुजरा। इस कारण परिवार के सभी सदस्यों व रिश्तेदारों ने मिलकर शुक्रवार की देर रात धारदार हथियार से उसकी हत्या कर दी।

# बाहरी साजिश

## सीएम बोले : 20 में से 19 आपत्तिकर्ता बाहरी

### ये लोग मूलवासियों के हक के खिलाफ

### वैकल्पिक नियोजन प्रक्रिया बेहद जल्द

### राज्यपाल ने दोनों विधेयकों पर सकारात्मक रुख दिखाया: सीएम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दो टूक कहा है कि झारखंड की नयी नियोजन नीति को लेकर बाहरी राज्य के लोगों ने ही एक साजिश के तहत आपत्ति दर्ज करायी थी। उन्होंने कहा कि कुल 20 लोगों ने ऑब्जेक्शन किया था। इनमें से 19 लोग अदर स्टेट (बाहरी राज्यों) के थे। मतलब बहुत साफ है कि बाहरी राज्यों के लोग नहीं चाहते कि आदिवासी-मूलवासी को उनके हक मिलें। जल्द ही सरकार राज्य में नियुक्तियों को लेकर वैकल्पिक व्यवस्था करने पर विचार कर रही है। जल्द ही इसका सकारात्मक परिणाम सामने आ जाएगा।

### नेक्सस ने रची साजिश

यूपीए प्रतिनिधिमंडल संग राज्यपाल से मिल कर बाहर लौट रहे हेमंत सोरेन ने मीडिया से कहा : झारखंड में कई नेक्सस हैं, जो नहीं चाहते कि हमारे युवाओं को थर्ड और फोर्थ ग्रेड में भी नौकरी मिले। कई राज्यों ने ऐसा कानून बनाया है, जिसमें थर्ड और फोर्थ ग्रेड में स्थानीय युवाओं को सीधे तौर पर नौकरी मिलती है। हम लोग बेहतर करना चाहते थे। हमें परेशान किया गया है। नयी नियोजन नीति हम लोगों ने इसलिए तैयार की थी कि जो स्थानीय लोग हैं, उन्हें नौकरी मिले। वो भी सम्मान से, हक से, अधिकार से जी सकें।

### पहले भी बनी हैं नीतियां

सोरेन ने कहा : प्रदेश के युवाओं को उनका हक व अधिकार दिलाने के लिए पहले भी कई बार नीतियां बनी हैं लेकिन हर बार झारखंड हाईकोर्ट ने नीतियों को रद्द कर दिया। इस बार भी सरकार ने प्रयास किया था, लेकिन कुछ ऐसी षड़यंत्रकारी ताकतें हैं जो झारखंड के आदिवासी-मूलवासी के अधिकारों को दिलाने से रोकने का काम करती हैं। इस बार भी ऐसा ही हुआ। हमारी सरकार ने 1932 के खतियान आधारित स्थानीय नीति और ओबीसी आरक्षण विधेयक को विधानसभा से पारित कराकर केंद्र की नौवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग की थी।

### भाजपा नहीं गयी राज्यपाल से मिलने, शेष सभी दल थे मौजूद



### विधेयक राज्यपाल के ही पास

सीएम ने कहा कि विधेयक अभी तक राज्यपाल के पास ही है। मंगलवार को हम लोगों ने राज्यपाल से मांग की है कि दोनों विधेयकों को जल्द से जल्द नौंवी अनुसूची में शामिल कराने के लिए केंद्र सरकार को भेजा जाये ताकि झारखंडियों को उनका हक मिल सके। राज्यपाल ने हम लोगों को आश्वस्त किया है कि दोनों विधेयकों पर वे गंभीरतापूर्वक विचार कर रहे हैं।

### सब थे, भाजपा नहीं थी

राज्यपाल से मिलने वाले शिष्टमंडल में झामुमो, कांग्रेस, राजद, सीपीएम, आजसू, वामदल समेत अन्य राजनीतिक दल के नेता मौजूद थे। इस शिष्टमंडल से भाजपा ने खुद को दूर रखा।

# विस में चालू वित्तीय वर्ष का द्वितीय अनुपूरक बजट पेश

### हंगामे के बीच 8533 करोड़ रुपये का पेश हुआ बजट

### भाजपा विधायकों ने नियोजन नीति को लेकर किया हंगामा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

विधानसभा के शीतकालीन सत्र का दूसरा दिन भी हंगामेदार रहा। भाजपा विधायकों के हंगामे के बीच ही राज्य के वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव की ओर से सदन में चालू वित्तीय वर्ष का 8533 करोड़ रुपये का द्वितीय अनुपूरक बजट पेश किया गया। द्वितीय अनुपूरक बजट में विभिन्न विभागों के लिए राशि का प्रावधान किया गया है। इससे पहले सदन की कार्यवाही शुरू होने के साथ ही भाजपा विधायकों ने नियोजन नीति को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। हालांकि, विधानसभा अध्यक्ष ने हंगामा कर रहे विपक्षी सदस्यों से प्रश्नकाल की कार्यवाही को सुचारू रूप से चलने देने का आग्रह किया। लेकिन भाजपा के कई विधायक तख्ती लेकर वेल में जा पहुंचे। सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रहे विपक्षी सदस्यों ने राज्य सरकार पर बेरोजगारों के भविष्य से खिलवाड़ करने का आरोप लगाया। बीजेपी विधायक हेमंत सोरेन हाय-हाय के नारे लगा रहे थे। इस बीच विधायक प्रदीप यादव ने सदन को यह सूचना दी कि लोकसभा में झारखंड के एक सांसद ने सीएम हेमंत सोरेन के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की है। इसकी निंदा की जानी चाहिए। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### तीन विधेयकों को लिया वापस

**शीतकालीन** सत्र के दूसरे दिन सदन से पारित तीन विधेयकों को वापस ले लिया गया। विधानसभा से पारित वित्त विधेयक 2021, झारखंड कराधान माध्यमों की बकाया राशि का समाधान विधेयक 2022 और झारखंड कराधान अधिनियम की बकाया राशि का समाधान विधेयक 2022 को भी वापस लिया गया।

### लोस में की गयी टिप्पणी पर की निंदा

**मुख्यमंत्री** हेमंत सोरेन के संदर्भ में लोस के शीतकालीन सत्र के दौरान झारखंड के एक सांसद द्वारा की गयी आपत्तिजनक टिप्पणी पर राज्य सरकार ने कड़ी निंदा और नाराजगी व्यक्त की है। हालांकि, इन टिप्पणियों को संसदीय रिकॉर्ड से हटा दिया गया। कहा गया कि उपयोग किये गये आपत्तिजनक शब्द एक सांसद से अपेक्षित नहीं है।

## खड़गे के कुत्ते वाले बयान पर भाजपा बिफरी, गोड्डा के सांसद ने कहा

# कांग्रेस सभी को कुत्ता ही समझती है

**नवीन मेल संवाददाता/एजेंसी। नयी दिल्ली**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बयान पर लोकसभा में मंगलवार को बवाल मच गया। खड़गे ने अपने एक बयान में कहा था कि आजादी की लड़ाई में कांग्रेस के कई नेताओं ने अपनी जान दी, लेकिन भाजपा वालों के घर से आजादी की लड़ाई में एक कुत्ता भी नहीं मरा। हमने देश को आजादी दिलाई और देश की एकता के लिए इंदिरा और राजीव गांधी ने अपनी जान की कुर्बानी दी, लेकिन आपने क्या किया? इसी कुत्ते वाले बयान को लेकर भाजपा खड़गे पर बुरी तरह पिल पड़ी है।

राज्यसभा में भाजपा ने कहा कि खड़गे को अपने बयान के लिए माफी मांगनी चाहिए। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि खड़गे ने अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया है। उनके अभद्र भाषण की घोर निंदा करता हूं। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि ये डुप्लीकेट कांग्रेस है। यह नकली कांग्रेस है। ये सरदार वल्लभ भाई पटेल महात्मा गांधी वाली कांग्रेस नहीं है।



### दुबे का खड़गे पर हमला

**गोड्डा** से भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि खड़गे साहब की पार्टी सबको कुत्ता ही समझती है। मेरे नाना कांग्रेसी थे। वह करीब पांच साल तक जेल में रहे। कांग्रेस ने सभी को कुत्ता ही समझा है।

### रिजिजू ने अफसोस जताया

केंद्रीय कानून मंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि उन्हें तो यकीन ही नहीं हो रहा है कि खड़गे इतना नीचे गिर सकते हैं। उन्हें एक राजनीतिक दल के नेता के रूप में अपनी जिम्मेदारियों को समझना चाहिए। हम दुश्मन नहीं, प्रतिद्वंदी हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण और अनावश्यक है।

### खड़गे अड़े

**खड़गे** अपने बयान पर कायम हैं। उन्होंने कहा : मैंने जो भी कहा, सदन से बाहर कहा। अगर वह सदन में इस बात को फिर से दोहरा देंगे तो बीजेपी के लिए मुश्किल हो जायेगी। कांग्रेस पार्टी देश की एकता के लिए यात्रा निकाल रही है। इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने खून बहाया, कांग्रेस के लोगों ने देश के लिए खून दिया है।

## जेपीएससी 21 दिनों में रिजल्ट और कट ऑफ नंबर जारी करे : हाईकोर्ट

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड उच्च न्यायालय ने झारखंड लोक सेवा आयोग को निर्देशित किया है कि वह 21 दिनों के भीतर सातवीं जेपीएससी परीक्षा का परिणाम और कट ऑफ लिस्ट प्रकाशित करे। अगर आयोग ऐसा नहीं करता है तो उसे अदालत की अवमानना का सामना करने हेतु तैयार रहना चाहिए। अदालत ने कहा कि वह इस मामले का स्वतः संज्ञान लेगी। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस डॉ. एसएन पाठक की अदालत ने ये निर्देश दिये।




गौरतलब है कि इस मामले को लेकर कई प्रतिभागियों ने अदालत का दरवाजा खटखटाया था। इन लोगों की तरफ से दायर एक याचिका में इस बात का उल्लेख है कि इस साल मई में आयोग ने मेरिट लिस्ट जारी तो की थी पर उसे प्रकाशित नहीं किया गया है। लिहाजा, किसी भी अभ्यर्थी को यह पता ही नहीं चल पाया कि कट ऑफ नंबर क्या था, किसे कितने अंक मिले।

# सम्मेद शिखरजी की पवित्रता बनाये रखें

### लोस में भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने की मांग

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

गिरिडीह जिले के पारसनाथ की पहाड़ियों पर स्थित प्रख्यात जैन तीर्थ स्थल सम्मेद शिखरजी को टूरिस्ट प्लेस घोषित करने के मामले को दिल्ली के भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने मंगलवार को लोकसभा में उठाया। मनोज तिवारी ने कहा कि झारखंड सरकार के इसे टूरिस्ट प्लेस घोषित करने के फैसले से वहां की पवित्रता और शुद्धता को जबरदस्त खतरा पैदा हो गया है।

शून्यकाल में मनोज तिवारी ने कहा कि झारखंड सरकार इस पवित्र तीर्थस्थल को पिकनिक



स्पॉट बनाना चाहती है। सरकार ने फैसला किया है कि सम्मेद शिखरजी के आस-पास मुर्गीपालन और मछलीपालन कराया जायेगा। अगर ऐसा होता है तो वहां गंभीर समस्याएं पैदा हो जायेंगी। इस संबंध में उनके पास दिगम्बर जैन, शाहदरा, दिल्ली की ओर से एक निवेदन प्राप्त हुआ है। उन्होंने केंद्र सरकार से जैन ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# जिम्मेदारी से भाग रही सरकार

### 1932 आधारित स्थानीयता व नियोजन नीति को 2001 में ही किया गया था खारिज

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य में विधानसभा से पारित स्थानीयता एवं नियोजन नीति को नौंवी अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर राज्यपाल से मिलने जानेवाले सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल से भाजपा ने दूरी बनायी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने इस मामले में मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर कहा कि झारखंड राज्य की पहली सरकार ने बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में वर्ष 2001 में खतियान आधारित स्थानीय और नियोजन नीति को लागू किया था, जिसे उच्च न्यायालय ने निरस्त करते हुए समीक्षा के निर्देश दिये थे। बाद में निवर्तमान मुख्यमंत्री रघुवर दास के नेतृत्व में नियोजन नीति बनायी गयी जो आपकी सरकार के द्वारा निरस्त किये जाने तक लागू रही। आपकी सरकार के द्वारा वर्ष 2021 में लायी ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### दूरदर्शी सोच के साथ लें फैसला



**दीपक** प्रकाश ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को लिखा कि राज्य सरकार को सस्ती लोकप्रियता के लिए नही बल्कि दूरदर्शी सोच के साथ युवाओं के उज्ज्वल भविष्य को संवारने के लिए विधि सम्मत निर्णय लेना चाहिए। उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को एक अवसर प्रदान किया है। राज्य सरकार उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार एक बार पुनः खतियान आधारित स्थानीय नीति और नियोजन नीति की विधि सम्मत समीक्षा करे। दीपक प्रकाश ने कहा कि भाजपा राज्यहित में जनभावनाओं के अनुरूप सरकार को सहयोग करने के लिए साथ खड़ी है।

## बढ़ते कोरोना के बीच केंद्र ने जारी की एडवाइजरी

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

कोरिया, जापान, अमेरिका और चीन में बढ़ते कोरोना के मामलों के देखते हुए केंद्र ने एक एडवाइजरी जारी की है। केंद्र ने राज्यों को एक चिट्ठी लिखी है जिसमें जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए पॉजिटिव रिपोर्ट भेजने के लिए कहा गया है। स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने एनसीडीसी और आईसीएमआर को भी पत्र भेजा है। इस चिट्ठी में जीनोम सीक्वेंसिंग पर खास ध्यान देने की सलाह दी गयी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने बुधवार को सुबह 11 बजे कोरोना पर रिव्यू बैठक भी बुलायी है। जीनोम टेस्टिंग के जरिए कोरोना के नए वेरिएंट के बारे में पता चलेगा। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को एक चिट्ठी लिखी है।

## दुखद ऐतिहासिक सरकारी उर्दू लाइब्रेरी को गिराया गया, लोगों ने मलबे से भी काट ली कन्नी

# आजाद हिंदुस्तानियों ने ढहा दी अपने हाथों एक विरासत

**पटना से अली फराज रिजवी की रिपोर्ट**

साल 2022 के जाते-जाते लोगों की नजरों के सामने पटना शहर की विरासत भी खत्म कर दी गयी। अशोक राजपथ रोड पर स्थित भारत की एकमात्र सरकारी उर्दू लाइब्रेरी को जमींदोज कर दिया गया। खुदा बख़्श ओरिएंटल पब्लिक लाइब्रेरी और बिहार उर्दू अकादमी, पटना की सरकारी उर्दू लाइब्रेरी या बिहार उर्दू लाइब्रेरी के बगल में स्थित ये इमारत देश की आजादी से पहले से ही साहित्य का केंद्र था। 1938 में इसकी स्थापना के बाद से यह अखबारों और पत्रिकाओं की एक विस्तृत श्रृंखला के संग्रह के लिए जाना जाता रहा है। बिहार उर्दू लाइब्रेरी में 40 हजार से अधिक दुर्लभ पांडुलिपियों और पुस्तकों के होने की बात कही जाती रही है।

### मलबे को भी किया गया नजरअंदाज



गिराये गये इस सरकारी लाइब्रेरी का मलबा मेन रोड से दिखता था, लेकिन पूरी तरह इसे नजरअंदाज कर दिया गया। आश्वासन दिया गया है कि सरकार इस उर्दू लाइब्रेरी की पुस्तकों और पत्र-पत्रिकाओं समेत अन्य चीजों को एक नये भवन में स्थानांतरित कर देगी। हालांकि, यह राष्ट्रीय आंदोलन के बड़े व्यक्तित्व के लिए स्मरण की इस एकमात्र स्थल को पुनर्स्थापित नहीं कर पायेगा जिन्होंने इस पुस्तकालय के लिए अपना योगदान दिया था। इमारत गिराये जाने को लेकर शोर-शराबा करनेवाले केवल वे ही लोग हैं जो फ्लाईओवर और मेट्रो परियोजना के लिए रास्ता बनाने के लिए खुशी मनाते हैं।

### कम बजट से समझें पढ़ाई की तासीर

**औसतन,** बिहार सरकार अपने बजट का 0.01 प्रतिशत पुस्तकालयों को आवंटित करती है। बजट में ये कमी इस बात का संकेत देती है कि अधिकारियों के लिए पढ़ाई-लिखाई कितना महत्वपूर्ण है। राजधानी पटना पहले ही अपने बहुसांस्कृतिक अतीत और विरासत का एक बड़ा हिस्सा खो चुकी है। इस नुकसान को ध्यान में रखते हुए, हमें शहर के अतीत से जो कुछ अब तक बचा हुआ है उसे जरूर बचाना चाहिए। इतिहास के बेहद अहम और अपूरणीय प्रवेश द्वार के रूप में जाने जानेवाले पुस्तकालयों को हर कीमत पर संरक्षित किया जाना चाहिए। हालांकि, मौजूदा पुस्तकालयों की स्थिति, विशेष रूप से उर्दू पुस्तकों और पांडुलिपियों वाले पुस्तकालयों की स्थिति चौंकाने वाले हैं।

### महमूद का योगदान

महान स्वतंत्रता सेनानी और वकील मजहर-उल-हक के दामाद महमूद को ब्रिटिश विरोधी राजनीतिक गतिविधियों के लिए अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से निष्कासित कर दिया गया था। वे कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में कानून की पढ़ाई करने के लिए चले गये। उन्होंने जर्मनी से पीएचडी की ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### किसे है इतिहास की परवाह

**अशोक** राजपथ पर बिहार उर्दू पुस्तकालय की इमारत को शहर के बुनियादी ढांचे के लिए रास्ता बनाने के लिए चुपचाप तरीके से बुलडोजर चला दिया गया। यह भारत के स्वतंत्रता संग्राम के बड़े व्यक्तित्व को याद करनेवाली एकमात्र इमारत थी। इसके विध्वंस और शहरवासियों की खामोशी इस सच्चाई को उजागर करती है कि अब किसी को इतिहास की परवाह नहीं है। बिहार के मुख्यमंत्री ने विकास की जो धारणा रखी वह सतही है। पटना की बहुसांस्कृतिक विरासत की कब्रिस्तान पर बिहार की नयी सड़कें बन रही हैं। नये सरकारी पुस्तकालयों को खोलने या मौजूदा पुस्तकालयों को बेहतर करने के बजाय, सरकार जो कुछ भी मौजूद है उसे नष्ट करने, ध्वस्त करने और मिटाने पर आमादा है।

# मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए जनांदोलन चलाएं

### भाजपा सांसदों से किया आह्वान, अपने भोजन में ज्वार-बाजरा जैसे मोटे अनाज को करें शामिल

### प्रधानमंत्री ने सांसदों से 'सांसद खेल स्पर्धा' आयोजित करने को कहा



**एजेंसी। नयी दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सभी सांसदों से आह्वान किया कि वे अपने भोजन में ज्वार-बाजरा जैसे मोटे अनाज का खाना खायें और देश में भी इसके प्रचलन को बढ़ावा देने के लिए जनांदोलन चलायें। श्री मोदी ने भाजपा संसदीय दल की बैठक में यह आह्वान किया। बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री एस जयशंकर, संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी, केंद्रीय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और वी मुरलीधरन शामिल थे। बैठक में पार्टी की आगामी रणनीति को लेकर बात हुई और प्रधानमंत्री ने सांसदों से सांसद खेल स्पर्धा आयोजित करने को भी कहा। बैठक में श्री मोदी ने सांसदों को ज्वार-बाजरा जैसे मोटे अनाज का खाना खाने और देश में इसे बढ़ावा देने की सलाह दी और सांसदों से संसद में आज मोटे अनाज का विशेष भोज ग्रहण करने का आग्रह किया।

## NEWS इन ब्रीफ

### स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**सिल्ली।** गूंज महोत्सव के दूसरे दिन स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन किया गया। इन शिविरों में मुफ्त चेकअप के अलावा लोगों को दवाइयां दी जा रही हैं। ये हेल्थ चेकअप कैंप 20 दिसंबर तक सेवाएं देंगी। इनमें अलग अलग रोगों से जुड़े स्पेशलिस्ट डॉक्टर और पैरा मेडिकल स्टाफ सेवाएं दे रहे हैं। कैंप लगाने वाले असस्पतालों में प्रॉमिस हेल्थ हॉस्पिटल रांची, आई हॉस्पिटल रांची, श्री तिरुपति डेंटल क्लिनिक एंड इंप्लांटस सेंटर रांची, सिंगपुर नर्सिंग होम मूरी, सीएचसी सिल्ली, देवी नेत्रालय एवं जयश्री हेल्थ सेंटर शामिल है। इस दौरान कैंसर की रोकथाम एवं बचाव पर व्याख्यान आयोजित किया गया।

### स्वच्छ सिल्ली ग्रीन सिल्ली के लिये कूड़ा वाहन दिया गया

सिल्ली। गूंज महोत्सव के दूसरे दिन स्वच्छ सिल्ली ग्रीन सिल्ली का संकल्प लिया गया। विधायक सुदेश कुमार महतो ने सिल्ली व्यवसायिक संघ को दो कूड़ा सफाई वाहन दिये। विधायक ने कहा कि इस वाहन के प्रयोग से सिल्ली को स्वच्छ व ग्रीन बनाने का सपना साकार करने में मदद मिलेगी। इसका उपयोग एक संचालन समिति बनाकर किया जायेगा। इस मौके पर विधायक के साथ सिल्ली व्यवसायी संघ के सुमन अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, दिवाकर प्रसाद, अनिल साव, मनोज साव, विनय साव, बुलु अग्रवाल समेत अन्य सदस्य मौजूद थे।

### सिल्ली में 11 करोड़ की लागत से बनेगा अस्साल

**सिल्ली।** गूंज महोत्सव के दूसरे दिन सिल्ली के पुराने अस्प्ताल भवन परिसर में विधायक सुदेश कुमार महतो ने 11 करोड़ की लागत से बनने वाले अस्प्ताल भवन के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। भवन का निर्माण स्वास्थ्य चिकित्सा एवं परिवार कल्याण विभाग अंतर्गत झारंखण्ड राज्य भवन निर्माण निगम द्वारा कराया जायेगा। इस मौके बेहतर कार्य के लिए हलमाद वेलनेस सेंटर के एएनएम इंदु कुमारी को बिधायक ने स्कुटी देकर सम्मानित किया।

### टोल टैक्स की वसूली नहीं रंगदारी की जा रही है

**मांडर।** पाठक बस के चालक अरुण उरांव ने मांडर टॉल प्लाजा के मैनेजर संतोष पाठक और टोलकर्मी सुदीप्ता सिंह पर जाति को लेकर गाली गलौज करने और दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए एसटी एससी अधिनियम के तहत मांडर थाने में प्राथमिकी के लिए आवेदन दिया है। आरोप है कि मैनेजर और टोलकर्मी ने चालक को जाति सूचक गाली देते हुए बस में लगे फास्टटैग को नोंचकर फेक दिया।शुरू से बदनाम रहे इस टोल प्लाजा में आए दिन मारपीट व दबंगई की घटनाएं सामने आती रहती हैं। किंतु कर्नल संतोष पाठक अपने दो स्टाफ को राइफल थमा के अपनी दबंगई दिखा कर वाहन चालकों पर रौब झाड़ने से बाज नहीं आ रहा है।यही कारण है कि कई मारपीट के मामले भी इससे पूर्व थाने तक पहुंच चुका है।

### ग्राम पंचायत प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन

**मांडर।** प्रखंड सभागार में मंगलवार को स्वच्छ भारत मिशन फेज टु के तहत जनजीवन अभियान का ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल का प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। बैठक में वर्मी कंपोस्ट, जल जीवन मिशन, नाडेब शोकफिट योजना का चर्चा किया गया।इस अवसर पर एसबीएम सोमरा उरांव ने बताया स्वच्छता से संबंधित जल जीवन मिशन वर्मी कंपोस्ट नाडेब शोकफीट यह सब क्या करने जा रहे हैं जो सामूहिक विकास कार्य होगा। जल योजना अभियान 2022, 23 के द्वारा वर्ष 2023, 24 ग्राम पंचायत एवं अन्य विभागों द्वारा विकास विकास का जो कार्य होगा।

# खेती के लिए नई तकनीकी जरूरी



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिल्ली।** गूंज महोत्सव का दूसरा दिन किसानों के नाम रहा। सिल्ली विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों से आए सैकड़ों किसानों ने किसान गोष्ठी में हिस्सा लिया। किसानों को संबोधित करते हुए बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एन सिंह ने कहा कि उन्नत तरीके से खेती करने से उत्पादकता बढ़ेगी। इसके लिए नई तकनीक को जरूर जानें और इनका सदुपयोग उपयोग करें। उन्होंने किसानों से कहा कि समय के साथ खेती के तरीके बदल रहे हैं। कई नई तकनीक और लगातार होते शोध ने उत्पादकता बढाने के मार्ग प्रशस्त किए हैं। किसान उत्पादकता समूह बनाकर सरकार से मिलने वाली योजनाओं का लाभ लें। उत्पादकता समूह को कई तरह की सहायता दी जाती हैं। इससे पहले किसान गोष्ठी का उद्घाटन गूंज परिवार के संरक्षक स्थानीय विधायक सुदेश कुमार महतो ने दीप जलाकर किया। इस मौके पर 40 प्रगतिशील किसानों और 25 कृषि मित्रों को सम्मानित किया गया।

इस गोष्ठी में जिला परिषद की उपाध्यक्ष विना चौधरी प्रमुख जितेंद्र बड़ाईक उप प्रमुख आरती देवी अंचलाधिकारी धर्मेंद्र दुबे समेत काफी संख्या में किसान मौजूद थे। इस दौरान कैंसर के रोकथाम एवं बचाव पर व्याख्यान आयोजित किया गया। मेरी कैंट हॉस्पिटल बोकारो के सीएमडी मजीद अहमद तालिकोटि ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि तंबाकू के सेवन से कैंसर होता है। तंबाकू से मुंह, गले एवं पेट के कैंसर का खतरा होता है। 40% कैंसर केवल तंबाकू के सेवन से होता है। इसके अलावा शराब और सिगरेट के सेवन से कैंसर के खतरे बढ़ गए हैं। उन्होंने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए स्वच्छता जरूरी है स्वच्छ व्यक्ति के बीमार पड़ने का खतरा कम होता। इस मौके नेफ्रोलॉजिस्ट डॉक्टर उमा किशोर निधि स्वास्थ्य संबंधी उपयोगी बातों की जानकारी दी। इस मौके पर विधायक सुदेश कुमार महतो एवं अन्य अतिथि मौजूद थे।

स्वच्छ सिल्ली ग्रीन सिल्ली सेवा की शुरूआत की। इसके लिए दो सफाई वाहन सिल्ली व्यवसायिक संघ के सदस्यों को सौंपा गया। विधायक ने कहा है कि इसके सफल संचालन के लिए कमेटी बनाई जाएगी। एक सफाई वाहन सिल्ली एवं दूसरा वाहन मुरी रेलवे आसपास क्षेत्र के कचरे को कचरे डंप तक ले जाएगा। रांची सदर अस्पताल की ओर से लगाए गए दिव्यांगजन जांच शिविर में दूरदराज के गांवों से भी लोग पहुंचे। स्वास्थ्य कर्मियों बन ने उनकी जांच की। कई लोगों को मौके पर दिव्यांगता प्रमाण पत्र दिए गए।

## बसंत की कंपनी ने बगैर चालान पत्थर बाहर भेजा

**रांची।** दुमका विधायक बसंत सोरेन व उनके पार्टनरों की कंपनी मेसर्स ग्रेंड माइनिंग पर दुमका डीएमओ ने दो करोड़ 75 लाख 45 हजार 924 रुपये का फाइन लगाया है। इस संबंध में डीएमओ ने कंपनी के निदेशकों को 22 नवंबर को एक पत्र लिखा है। इस पत्र को ट्वीट करते हुए मंगलवार को भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सोरेन व बसंत सोरेन पर कड़ी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने विधायक भाई बसंत सोरेन की कंपनी का ये चोरी देख लीजिए। कुछ दिन पहले आपने बयान दिया था कि अवैध परिवहन में रेलवे के लोग शामिल हैं पर आपके भाई और आपके अजीज दोस्त सुरेश नागरे ने मिल कर 34 रेल रेक बिना चालान के बांग्लादेश भेज दिया। आपके घर की इस कंपनी पर आपके अफसर द्वारा लगायी गयी इस पेनाल्टी का पौने तीन करोड़ रुपए तो तुरंत राज्य के खजाने में जमा करवाइये।

## शिक्षा राज्यमंत्री को मांग पत्र सौंपा



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** दिल्ली स्थित शास्त्री भवन में भारत सरकार के शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी से राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता और प्रोसेसर सूरज मंडल में मुलाकात कर ओबीसी समुदाय की समस्याओं से अवगत कराया व न्याय करने की मांग की। प्रमुख मांगो में ओबीसी समुदाय को जनसंख्या अनुपात में 52% आरक्षण देने, केंद्रीय विश्वविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, आईआईटी, आईआई एम कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति में, छात्रों के एडमिशन में रोस्टर के गैर पालन और प्रोफेसर के प्रमोशन में एससी, एसटी व ओबीसी के साथ भेदभाव व उनकी प्रताड़ना के संबंध में कार्रवाई करने की मांग की. श्री गुप्ता ने बताया कि विभिन्न मांगों को गंभीरता से सुनने के पश्चात केंद्रीय राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि झारखंड सरकार को पहले अपने राज्य में ओबीसी को आरक्षण बढ़ा कर लागू के बाद वो केंद्र को भेजते। लेकिन यह ओबीसी समुदाय के साथ धोखा है। दिल्ली विश्वविद्यालय व अन्य विश्वविद्यालय संबंधित विसंगति को दूर करने के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मिलकर समाधान करने का आश्वासन दिया।

## बंद हो झारखंड के भविष्य के साथ राजनीति : बाबूलाल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड सरकार जो भी नियोजन नीति बनाए, वह झारखंड की धरती पर बनाए। इसको लेकर एक दो दिन लंबी बहस करनी पड़े तो करें। जिन निर्णयों पर कोर्ट की आपत्ति है सभी को देखते हुए बच्चों के भविष्य के लिए और क्या बेहतर होगा, सभी को समाहित करते हुए एक ठोस और राज्यहित में नीति बनाने की आवश्यकता है। यह बच्चों के भविष्य के लिए बेहतर होगा और सरकार के लिए उचित भी। राज्य सरकार को इस पर जिद छोड़ देनी चाहिए और नौजवानों के भविष्य पर राजनीति नहीं हो। मरांडी ने विधानसभा में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार ने 2021 में नियोजन नीति बनाई थी, जिसमें प्रावधान किया गया था कि जो लोग 10वीं और 12 वीं झारखंड से करेंगे वहीं नौकरी के लिए योग्य होंगे। जो लोग झारखंड से बाहर से पढ़ कर आएंगे, वे इसके योग्य नहीं होंगे। एक प्रकार से यह नीति ही अव्यवहारिक थी। दूसरा उसमें यह किया गया था कि हिंदी और अंग्रेजी को समाप्त करके उर्दू को प्राथमिकता दी गई थी। इन दो मुद्दों को लेकर लोग हाईकोर्ट चले गए थे और हाईकोर्ट ने भी सरकार की इस निर्णय को निरस्त कर दिया। झारखंड के लोग सड़क पर आंदोलनरत हैं। झारखंड सरकार की जो बातें विभिन्न स्रोतों से सामने आ रही है कि अब झारखंड सरकार हाई कोर्ट के निर्णय के विरोध में सुप्रीम कोर्ट जाने की तैयारी कर रही है। दूसरी ओर स्थानीय और नियोजन नीति एवम ओबीसी के 27 प्रतिशत आरक्षण को 9वीं शेड्यूल में डालने को लेकर राजभवन की ओर कुच किया है।

## गाडगे बाबा की 67वीं पुण्यतिथि मनाई गई

**नवीन मेल सांवाददाता**

**रांची।** मंगलवार को राष्ट्रसंत संत गाडगे बाबा के 67वां पूण्य तिथि के आयोजन भाजपा रांची महानगर कार्यालय रातू रोड रांची मैं आयोजित किया गया कार्यक्रम के अध्यक्षता भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के महानगर अध्यक्ष रामलगन राम ने किया *कार्यक्रम मुख्य रूप से प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह जी उपस्थित थे काय?क्रम में संत गाडगे बाबा के चित्रों पर पुष्पांजली व माला अर्पित कर संत गाडगे बाबा के जीवन व संघर्षो पर चर्चा किया गया मौके पर संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह जी ,वरुण साहू ,बलराम सिंह, राजू सिंह, उपेन्द्र कु0 रजक, रामलगन राम, जितेंद्र वर्मा, बिनोद राजन ने कहा कि संत गाडगे बाबा का जन्म 23 फरवरी



1876 ई0 को महराष्ट्र के आमरवती जिला के शेषनाग गांव में एक किसान परिवार में हुआ था एवं उनका मृत्यु 20 दिसंबर 1956 ईस्वी को महाराष्ट्र में हुआ था वह अपने जीवन काल में समाज सुधार के लिए आनेको काय? किया उन्होने अपने जिवन में दजनों धमशाला, पठशाला, छात्रवास, पंशाला ,पुस्तकालय, अस्पताल, का निम?णा किया जो आज भी संचालित है संत गाडगे बाबा के नाम पर संत गाडगे ग्राम स्वच्छता अभियांन साथ ही आमरवती विद्यापीठ , रेलवें स्टेशन आदि संचालित है।

## श्री श्याम मित्र मंडल का स्वर्ण जयंती संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर मंगलवार को 29 वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक संगीतमय पाठ हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में धूमधाम से संपन्न हुआ। श्री श्याम मित्र मंडल के महामंत्री श्री विश्वनाथ नर्सरिया ने बताया कि इस अवसर पर श्री हनुमान जी महाराज का दिव्य पावन मनोहारी श्रृंगार किया गया था ।सर्वश्री गोपाल, अमिताभ, व संदीप खेतान, ने श्रृंगार सेवा निवेदित की । अप्पर चुटिया निवासी श्री कैलाश केसरी ने अपनी धर्मपत्नी श्रीमती रीना केसरी के साथ महाबली बजरंगबली की अखंड दिव्य ज्योति प्रज्वलित कर के केसरिया पेड़ा चना गुड़ केला फल का भोग अर्पित कर सुगंधित इत्र चढ़ाया । श्री केसरी परिवार ने श्री रामचरितमानस का पाठ वाचको का पूजन वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया ।मंडल के उप मंत्री श्री अनिल नारनोली ने पूजन अनुष्ठान संपन्न



करवाया। प्रसिद्ध पाठवाचक श्री मनीष सारस्वत श्री ओम शर्मा ने ढोलक ढपली करताल के साथ श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय सामूहिक पाठ प्रारंभ किया। सैकड़ों भक्तों ने सामूहिक पाठ में भाग लिया । भक्तजन भावविभोर होकर पाठ कर रहे थे ।बजरंगबली के जय जयकारों से पूरा श्री श्याम मंदिर परिसर गूंज रहा था। पाठ के मध्य में भजनों का गायन किया गया। महाआरती व प्रसाद वितरण के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर श्री सुभाष रौनक पोद्दार श्री राजेश सिंघानिया व श्री श्रवण कुमार ढानढनिया श्री गोपाल लड्डू खेतान व एक भक्त ने क्रमशः घी इत्र चना प्रसाद श्रृंगार व गिरी गोला सेवानिवृत्त की । श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष श्री सुरेश सराओगी महामंत्री श्री विश्वनाथ नारसरिया उपाध्यक्ष श्री श्रवण ढानढनिया उप मंत्री श्री अनिल नारनौली श्री प्रदीप मोदी ने व्यवस्था व प्रसाद वितरण में सहयोग किया। खाटू नरेश का महास्नान शुक्रवार पौष अमावस्या के अवसर पर शुक्रवार 23:12 2022 को हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में खाटू नरेश का स्नान अनुष्ठान होगा। नया पोशाक पहनाकर भव्य श्रृंगार किया जाएगा । पंचमेवा का भोग लगाया जाएगा। श्रृंगार आरती प्रातः 8:30 बजे होगी । रातू रोड निवासी श्री मुरारीलाल अग्रवाल श्रीमती मीनादेवी अग्रवाल व जतिन गोयल परिवार संघ सभी देवी-देवताओं की पोशाकों पंचमेवा सेवा निवेदित करेंगे।

## सड़क हादसा पल्सर बाइक सवार की हुई मौत

**रातू ।** थाना क्षेत्र के हुरहुरी में एक बाईक सवार युवक की सड़क हादसे में मौत हो गयी। घटना मंगलवार की शाम 7 बजे की बताई जा रही है। मृतक की पहचान कांके थाना क्षेत्र के कुम्हारिया चरदी गांव निवासी कमल उराँव के 25 वर्षीय पुत्र अंकित उराँव के रूप में हुई। ग्रामीणों ने बताया कि युवक काफी रफ्तार से बाइक चला रहा था बाइक चलय रहा था। वह बाईक पर अपना नियत्रंण खो बैठा और सड़क किनारे एक पेड़ से जा टकराया। जिसके कारण उसके सिर में काफी गंभीर चोट आई थी। हादसे के बाद घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। मृतक के बड़े भाई अमित उराँव मृतक के शव को घर ले गया। जानकारी के मुताबिक मृतक अंकित रातू के पुरियों गांव सोमा उरांव के घर दाह संस्कार में शामिल होने गया था। इसके साथ इसके साथ मृतके माता पिता के अलावा बड़ा भाई अमित भी पुरियों गये थे।

## ट्रस्ट के सदस्यों ने निःस्वार्थ की सेवा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एव स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) दिल्ली शाखा रांची के सयुंक्त तत्वाधान में कड़ाके की ठंड में ठंड के प्रकोप को देखते हुए आज मंगलवार को अभावग्रस्त महिलाओ, पुरुषों एवं वृद्ध व्यक्तियों के बीच इस इस वर्ष पड़ रही कड़ाके की ठंड में भी निःस्वार्थ भाव से सेवा कर अपने जीवन को सार्थक कर रहे है श्री कृष्ण प्रणामी ट्रस्ट के सदस्य। आज ट्रस्ट के सह-संरक्षक बसंत कुमार गौतम अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल की देखरेख मे रातु प्रखंड के सिमलीया एव पुंदाग बस्ती के चन्द्रदिप साहु, परमेश्वर साहु एवं आलोक कुमार ने सयुंक्त रूप से सिमलीया गांव और आसपास के विभिन्न बस्तीयों से आये हुए लगभग 118 अभावग्रस्त वृद्ध महिला- पुरुषों के बीच संस्था के सदस्यों ने छावनीका परिवार के सौजन्य से प्रत्येक अभावग्रस्त



ग्रामीणों को कम्बल,मफलर एव ऊनी मोजा का निःशुल्क वितरण किया। संस्था के सदस्यों के द्वारा लगभग 118 कम्बल मफलर एव ऊनी मोजा का निःशुल्क वितरण स्व. जगदीश प्रसाद शान्ती देवी छावनीका की स्मृति मे छावनीका परिवार के सौजन्य से किया गया। संस्था के द्वारा 16 नवम्बर 2022 से 20 दिसम्बर मंगलवार तक अभावग्रस्त, जरूरतमंद निर्धन लाचार दिव्यांग परिवार के सदस्यों के बीच ठण्ड के मौसम मे लगातार उनी वस्त्रों का निःशुल्क वितरण किया जा रहा है।उनी वस्त्रो का वितरण ठण्ड के मौसम मे आगे भी जारी रहेगा। श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एव स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि) दिल्ली शाखा रांची के सयुंक्त तत्वाधान में आज लगभग 36 वर्षो से किसी भी आपदा के वक्त समय समय पर सेवा के कार्य वृहत रूप से किये जाते रहे हैं। आज की सेवा के महान कार्य में संस्था के सह-संरक्षक बसंत कुमार गौतम अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष निर्मल जालान, रमेन्द्र पाण्डेय,धीरज गुप्ता एवं आलोक सिंह संदीप साहु, अनुप कुमार इनके अलावा भी संस्था के और भी बहुत से सदस्य उपस्थित थे।

### सरकार का घेराव | लोबिन ने सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा

# स्थानीय नीति पर ठगा गया झारखंड

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्य की हेमंत सोरेन सरकार को एक तरफ भाजपा नियोजन नीति पर सदन से लेकर सड़क तक घेर रही है। वहीं झामुमो के बोरियो विधायक लोबिन हेंब्रम ने स्थानीय व नियोजन नीति पर अपने ही सरकार को घेर लिया। उन्होंने कहा कि सरकार 1932 की नीति लागू करने के नाम पर उनसे भी ढोल पिटवा ली, लेकिन उन्हें पता चला कि नीति तो लागू ही नहीं हुआ है। उनको भी सरकार ने ठग लिया। अब ढोल पीटने वालों में शामिल नहीं होंगे। लोबिन हेंब्रम ने कहा कि झारखंड में जनता भगवान भरोसे है। वहीं साहिबगंज की घटना पर भी लोबिन ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है, उन्होंने कहा कि इस मामले में दोषी को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। बोरियो



विधायक ने कहा कि समाज के लोगों से भी गुजारिश है कि वह ऐसी चीजों पर नजर रखें। लोबिन हेंब्रम ने कहा कि साहिबगंज ही नहीं पूरे संताल परगना में आदिवासी समाज का हक मारा जा रहा है। जल, जंगल, जमीन की लूट मची हुई है। शादी कर दूसरे समुदाय के लोग जिला परिषद व मुखिया बन जा रहे हैं।जमीन पर भी कब्जा किया जा रहा है। लोबिन ने कहा कि जो भी दूसरे समाज में शादी करे, उसे आदिवासी की सूची से बाहर किया जाना चाहिए।

**पांच साल की छूट दे सरकार**

बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने राज्य में होने वाली सभी नियुक्तियों में अधिकतम आयु सीमा में 5 साल की छूट देने की मांग सरकार से की। विधानसभा के बाहर धरने पर बैठकर अंबा ने नियुक्ति जल्द शुरू कराने की मांग की। वहीं बिहार व छतीसगढ़ की तर्ज पर जातिगत जनगणना की मांग अंबा ने रखी। अंबा ने कहा कि कोरोना और उसके पूर्व के वर्षों में राज्य में नियुक्ति थम गई थीं, वर्षों से नियुक्तियों के विज्ञापन प्रकाशित नहीं होने या अन्य कारणों से कई नियुक्तियां रुक गयीं थी। सरकार ने मिशन मोड में विभिन्न विभागों की नियुक्ति विसंगतियों को दूर कर बहुत सारे महत्वपूर्ण कदम उठाये, परंतु अब झारखंड नियोजन नीति 2021 रद्द होने के बाद राज्य के युवाओं का भविष्य अधर में लटक गया है। राजमहल विधायक अनंत ओझा ने कहा कि शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन नियोजन नीति को लेकर कार्यस्थगन प्रस्ताव लाया था। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष से सभी कार्यो को रोककर चर्चा की मांग किया था। नियोजन नीति पर चर्चा नहीं होने पर राजमहल विधाइयक अनंत ओझा ने कहा वर्तमान यूपीए गठबंधन की सरकार युवाओं को छलने का काम कर रही है। हेमन्त सरकार ने कहा था कि प्रत्येक वर्ष पांच लाख रोजगार देंगे, मगर अभी तक पांच हजार रोजगार भी युवाओं को नहीं मिल पाया है।

JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED
(Govt. of Jharkhand Undertaking)
JUIDCO Bhawan, Kutchery Road, Ranchi-834001, Jharkhand.
Ph No.: +91-651-2225878, e-mail Id-pdt.juidco@gmail.com, CIN: U45200JH2013SGC001752

PR. No.: 282327
NIT No.: JUIDCO/NIT/Simdega UWSS/22/515
Tender ID: 2022_UDD_63104_1
Project Name: Simdega Urban Water Supply Scheme with 5 years of Operation and Maintenance.

Corrigendum-2

All Bidders are hereby informed that Corrigendum-2 is published for the tender having details as mentioned above. The bidders are advised to consider the same before submission of their bids against the above tender.
Note: Corrigendum-2 can be referred from the e-tender site of Govt. of Jharkhand, i.e., http://jharkhandtenders.gov.in

Sd/-
Project Director (Technical)
PR 285487 Urban Development(22-23)#D

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी

ई० प्रोक्योरमेन्ट दीर्घकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

T. Reference No. :- DWSD/KH-08(CLUS/SVS)/2021-22 (10th Call), Date 20.12.2022

| Sl. No. | Name of Work | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| A) | Construction of Solar based Mini Pipe Water Supply Scheme (SVS) in different Block comprising of suitable R.C.C./Framed Structure ESR distribution line sources (as required) and FHTC all complete job in the different blocks of District- Khunti under D.W. & S. Division, Khunti. | | | | | |
| | Cluster Name | Block | Estimated Cost (Lakh) | Bid Security (Lakh) | Cost of BOQ (Rs) | Time of Completion |
| 1 | 3 (A) | Arki | 969.18 | 9.70 | 10,000.00 | 9 Months + 1 Month (Trial & Run) |
| 2 | 3 (B) | Arki | 927.79 | 9.28 | 10,000.00 | 9 Months + 1 Month (Trial & Run) |
| 3 | 5 (A) | Karra | 849.52 | 8.50 | 10,000.00 | 9 Months + 1 Month (Trial & Run) |
| 4 | 5 (B) | Karra | 642.69 | 6.43 | 10,000.00 | 9 Months + 1 Month (Trial & Run) |
| 5 | 6 (A) | Karra | 646.73 | 6.47 | 10,000.00 | 9 Months + 1 Month (Trial & Run) |
| 6 | 6 (B) | Karra | 708.34 | 7.09 | 10,000.00 | 9 Months + 1 Month (Trial & Run) |
| 7 | 7 (B) | Karra | 836.92 | 8.37 | 10,000.00 | 9 Months + 1 Month (Trial & Run) |
| 8 | 13 | Murhu | 973.14 | 9.74 | 10,000.00 | 9 Months + 1 Month (Trial & Run) |
| B) | Date of Tender Uploading on Website | 22.12.2022/05.00 PM. | | | | |
| C) | Document Download Start Date from Website | 22.12.2022/05.00 PM. | | | | |
| D) | Bid Submission Start Date | 22.12.2022/05.00 PM. | | | | |
| E) | Bid Submission End Date | 06.01.2023/05.00 PM. | | | | |
| F) | Last date of Submission of Cost of BOQ and EMD (Hard Copy) | 07.01.2023 up to 05.00 PM. | | | | |
| G) | Date of Opening of Tender | 09.01.2023/11.00 AM. | | | | |
| H) | Name & Address of Office Inviting Tender | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Khunti. | | | | |
| I) | Name & Address of Opening Officer | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Khunti. | | | | |
| J) | Contact No. of Procurement Office | 06528-299928 | | | | |
| K) | Helpline No. of e-procurement cell | 06528-299928, Mo. No.- 7717776462 | | | | |

नोटः– विशेष जानकारी के लिये वेबसाईटः– http://jharkahndtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी

PR 285508 Drinking Water and Sanitation (22-23)_D

## NEWS इन ब्रीफ

### रिबिका पहाड़िया हत्याकांड के दोषियों को फांसी की सजा हो

**रांची।** विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग के प्रांतीय प्रमुख अशोक कुमार अग्रवाल एवं प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने साहेबगंज की रिबिका पहाड़िया की हृदयविदारक एवं जघन्य हत्या की तीव्र निंदा करते हुए दोषियों को फांसी की सजा देने की मांग सरकार से की है। उन्होंने कहा है कि झारखंड मे महिलाएं सुरक्षित नहीं है। तथा आए दिन महिलाओं पर अत्याचार एवं ऐसे जघन्य और वीभत्स घटनाएं मे काफी वृद्धि हुई है जो कि समाज एवं राज्य के लिए चिंता का विषय है। ऐसी दर्दनाक घटनाएं समाज को विचलित करती है। सरकार अति शीघ्र ठोस कदम उठाते हुए ऐसे घटनाएं को अंजाम देने वालों अपराधकर्मियों को सख्त से सख्त सजा दे। उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मांग की है कि रिबिका पहाड़िया हत्याकांड के दोषियों को फांसी से कम सजा ना हो, इसकी व्यवस्था राज्य सरकार करें। यह झारखंड राज्य के लिए सबसे वीभत्स हत्याकांड है।

### साहिबगंज की घटना से मानवता हुई शर्मसार : रानी कुमारी

**रांची।** झारखंड प्रदेश राजद महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष रानी कुमारी ने साहिबगंज के बोरियो में आदिम जनजाति पहाड़िया समुदाय की महिला रुबिका पहाड़िन की निर्मम हत्या की घटना की निंदा की है। उन्होंने इस क्रूरतम और हृदय विदारक घटना को अंजाम देने वाले आरोपी को सख्त से सख्त सजा देने की मांग की है। रानी कुमारी ने कहा कि साहिबगंज की घटना मानवता को शर्मसार करने वाली है। ऐसी घटनाएं सभ्य समाज के माथे पर कलंक का टीका है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की इज्जत और उनकी जिंदगी के साथ खिलवाड़ करने वाले दुष्कर्मियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाना चाहिए।

### हाथियों ने फसलों को किया नष्ट

**रांची।** थाना क्षेत्र के सालगाडीह, सोसोडीह, करमटाड़ और हारिण आदि गांवों के दर्जनों किसानों के धान और सब्जी को हाथियों के झुंड ने नष्ट कर दिया। सोमवार की रात 40 की संख्या में हाथियों का झुंड बारेंदा पहाड़ी से निकल कर उत्पात मचाया। वन विभाग और हाथी मित्र की टीम ने हाथियों के झुंड को प्रखंड के अंतिम छोर जिलिंगसेरेग जंगल तक पहुंचा दिया था। सुबह होने के कारण प्रखंड से बाहर हाथी को नहीं खदेड़ पाए थे।

### फ्लाईओवरों का निर्माण शीघ्र हो : अजय मारू

रांची। राज्यसभा के पूर्व सांसद अजय मारू ने कहा है कि शहर में जिन-जिन स्थानों को फ्लाईओवर बनाने के लिए चिन्हित किया गया है, उनका निर्माण शीघ्र से शीघ्र किया जाए, ताकि जाम से कुछ हद तक राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि राजधानी की यातायात व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हुआ है। आज भी शहर की तमाम सड़कें जाम रही हैं। अब तक पूर्णकालिक नगर आरक्षी अधीक्षक की नियुक्ति नहीं की गई है। ग्रामीण एसपी नौशाद यातायात पुलिस आरक्षी अधीक्षक का काम देख रहे हैं।

### रिम्स में ट्रालीमैन की छुट्टी, वार्ड ब्वॉय खीचेंगे मरीजों की ट्राली

**रांची।** राज्य के सबसे बड़े हॉस्पिटल रिम्स में मरीजों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए हाईकोर्ट प्रबंधन को फटकार लगा रहा है। इसके बाद प्रबंधन थोड़ा रेस तो जरूर हुआ है। लेकिन मरीजों की परेशानी खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। वहीं इलाज के लिए आने वाले मरीजों के सामने अब बड़ी चुनौती आने वाली है. चूंकि रिम्स में काम कर रहे दर्जनों ट्रालीमैन की छुट्टी करने की तैयारी है. ऐसे में मरीजों की ट्राली खींचने की जिम्मेवारी वार्ड ब्वॉय के कंधों पर होगी. जिससे कि मरीजों को एडमिट कराने से लेकर छुट्टी कराने तक लंबा इंतजार करना पड़ेगा।

# जरूरी है बच्चों की देखभाल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** कोरोना और अन्य कारणों से अनाथ हुए बच्चों का देखभाल उनके परिवार में ही सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने कहा कि ऐसे बच्चों को जिम्मेवार नागरिक बनाने की पहल उनके 18 वर्ष होने के पश्चात नहीं बल्कि 14 वर्ष से ही प्रारंभ हो जानी चाहिए ताकि बच्चे जब 18 वर्ष के होने के बाद बालगृह को छोड़कर बाहर जाए तो आत्मनिर्भर बन सके। साथ ही सभी प्रतिभागियों को निदेश दिया गया कि जो कानून का उल्लघंन कर चुके हैं, उनके मामले समाप्त करा कर ऐसे बच्चों का देखभाल उनके परिवार में ही सुनिश्चित कराई जाए। उक्त बातें मनरेगा आयुक्त श्रीमती राजेश्वरी बी. ने आज झारखंड राज्य बाल संरक्षण संस्था द्वारा आयोजित आफ्टर केयर कार्यशाला को संबोधित करने के दौरान कहीं। राजेश्वरी बी. ने कहा कि बच्चों की




देखभाल उनके परिवार में ही हो, यह केंद्र सरकार और राज्य सरकार की प्राथमिकता में शामिल है, लेकिन कुछ अनाथ बच्चे ऐसे भी हैं जिन्हें संस्थागत देखभाल की जरूरत होती है। राज्य के दिशा-निर्देश में इन सभी बातों का ध्यान रखा जाना चाहिए. साथ ही यह प्रयास होना चाहिए कि आफ्टर केयर दिशा-निर्देश परिणाम आधारित हो। बता दें कि महिला एवं बाल विकास सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखंड सरकार एवं झारखंड राज्य बाल संरक्षण संस्थान द्वारा राज्य स्तर के सौजन्य से इस कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में रिनपास की डॉक्टर अलीशा, झालसा के उप सचिव मनीष मिश्रा, कौशल विकास मिशन के विनय कुमार और आजीविका मिशन के नुपुर ने भी आफ्टर केयर दिशानिर्देश के लिए आवश्यक सुझाव दिया। कार्यशाला में जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, कार्यक्रम पदाधिकारी, यूनिसेफ की प्रीति श्रीवास्तव, झालसा, आशा, मिराकल फाउंडेशन, बाल कुंज, रिनपास, जेएसएलपीएस, सीनी, बाल देखभाल गृह, राज्य के स्वयंसेवी संस्थाओं, बाल गृह के गृहपति संरक्षण संस्था के अधिकारियों ने भाग लिया।

## महिला हॉकी चैंपियनशिप की शुरूआत

**रांची।** राजधानी रांची के हटिया रेलवे स्टेडियम में 43वें अखिल भारतीय महिला हॉकी चैंपियनशिप की मंगलवार से शुरूआत हो गई। दक्षिण पूर्वी रेलवे के अतिरिक्त मुख्य प्रबंधक अतुल्य सिन्हा ने इस चैंपियनशिप की विधिवत शुरूआत की। इस हॉकी टूर्नामेंट में देश के बारह अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। इस चैंपियनशिप की शुरूआत करते हुए दक्षिण पूर्व रेलवे के अतिरिक्त मुख्य मुख्य प्रबंधक अतुल सिन्हा ने सभी खिलाड़ियों को शुभ कामनाएं देते हुए खेल भावना से खेलने की बात कही। इस अवसर पर हॉकी इंडिया के अध्यक्ष भोला सिंह ने कहा कि राजधानी में आयोजित इस टूर्नामेंट में भारतीय महिला हॉकी की लगभग सभी मुख्य खिलाड़ी भाग ले रहे हैं इससे झारखंड के नए खिलाड़ियों को काफी सीखने को मौका मिलेगा। उद्घाटन समारोह में दक्षिण पूर्व रेलवे के डीआरएम प्रदीप गुप्ता पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी दिलीप तिर्की एवं कई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मौजूद थे।

## शैक्षणिक भ्रमण कर शहर लौटे विद्यार्थी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मंगलवार को रांची विश्वविद्यालय के पीजी भूगोल विभाग , सत्र 2022 - 23 , ग्रुप बी के 140 विद्यार्थियों का छः दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण कर रांची लौटे। रांची लौटने पीजी भूगोल विभाग के सम्मानिये प्रोफेसर डॉ. अजय शर्मा, डॉ राजेश लाल ने बताया कि शैक्षणिक भ्रमण काफी रोमांचक व ऐतिहासिक रहा। विद्यार्थियों में उत्साह व ऊर्जा का संचार हुआ। विद्यार्थियों ने ऐतिहासिक धरोहर सुंदरवन, टाईगर रिजर्व, विक्टोरिया मेमोरियल, इंडियन म्यूजियम, चर्च, वाटर टावर, दक्षिणेश्वर मंदिर, हावड़ा ब्रिज, बंगाल के 121 टापुओं में पंचमुखानी, पिरखाली, सजनेवाली, गाजीखाली समेत कई अन्य जगहों का भ्रमण किया। शैक्षणिक भ्रमण को सफल बनाने में रांची विवि पीजी भूगोल विभाग के प्रो. डॉ. अजय शर्मा,डॉ. राजेश लाल, डॉ. हेमलाल मेहता के साथ हेरिटेज इंडिया के मनोज सिंह के निर्देशन में सम्पन हुआ।

## आधार सेवा केंद्र का उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची ।** मंगलवार को सिमलिया ग्राम पंचायत भवन रातु में नये आधार सेवा केंद्र का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख संगीता देवी एवं मुखिया सिमलिया पंचायत फुलमनी देवी के द्वारा किया गया इस नए आधार सेवा केंद्र के द्वारा नया आधार बनाने, आधार अपडेट का कार्य जाती आवासीय आय एवं अन्य सभी सरकारी तथा गैर सरकारी योजनावो का कार्य सम्पादित किया जायेगा जिससे आस पास के ग्रामीण एवं अन्य जन को लाभ मिल सकेगा इस मौके पर नीरज नगरुवार, महावीर उराव, बाल किशुन उराव, अगनु पाहन, अनिल कुमार एवं सविता उराव उपस्थित थे इस केंद्र के मुख्य संचालक राधेश्याम शर्मा एवं संचालक निरंजन चौधरी के द्वारा किया जायेगा। मौके पर उपस्थित प्रखंड प्रमुख एवं मुखिया सिमलिया पंचायत के द्वारा ग्रामीणों से कहा गया की यहां पर उपलब्ध सेवाओं का आकर ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाये।

## संजय सर्राफ बने अग्रवाल सभा के मीडिया प्रभारी

**रांची।** अग्रवाल सभा रांची के कार्यकारिणी सदस्य संजय सर्राफ को अग्रवाल सभा का प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी नियुक्त किये गये है। सामाजिक कार्यकर्ता संजय सर्राफ झारखंड के विभिन्न सामाजिक संस्थाओं में मीडिया एवं समाजिक के हर कार्य क्षेत्र में कुशलता पूर्वक कार्य कर रहे हैं। वर्तमान में संजय सर्राफ झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय प्रवक्ता, रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन, मारवाड़ी सहायक समिति एवं कवि सम्मेलन आयोजन समिति के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी, पवित्रम गोसेवा परिवार एवं झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के प्रांतीय प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी के रूप में कार्य कर रहे हैं। पेरालिंपिक कमेटी ऑफ झारखंड के स्टेट मीडिया को-ऑर्डिनेटर एवं राष्ट्रीय पत्रिका अग्रसत्ता के प्रदेश संपादक के पद पर रहकर मीडिया का कार्य कर रहे हैं।

## 5 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मंगलवार को कृषक भवन, बिरसा मुंडा कृषि विश्वविद्यालय, कांके, रांची में झारखंड ट्राइबल डेवलपमेंट सोसाइटी के आयोजन से एवं भारतीय लोककल्याण संस्थान के क्रियान्वयन से मधुमक्खी पालन एवं मधु प्रसंस्करण परियोजना के अंतर्गत 19 मास्टर ट्रेनर के लिए चयनित लाभार्थियों के प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। भारतीय लोक कल्याण संस्थान के द्वारा और झारखंड ट्राइबल डेवलोपमेन्ट सोसाइटी के आयोजन से आयोजित प्रशिक्षण में चयनित कुल 250 लाभुकों में से मास्टर ट्रेनर हेतु चयनित कुल 19 मास्टर ट्रेनर के लाभुकों का 5 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 16.12.2022 से 20.12.2022 तक आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का कार्य बिरसा मुंडा कृषि विश्वविद्यालय, रांची के विभिन्न प्रोफेसर व वैज्ञानिकों द्वारा किया गया। इस परियोजना के अंतर्गत पश्चिम सिंहभूम के (12)




### 19 मास्टर ट्रेनर के लिए चयनित लाभार्थियों के प्रशिक्षण का आयोजन किया गया

### 250 लाभुकों ने प्रशिक्षण में लिया भाग

एवं जामताड़ा (7), कुल 19 मास्टर ट्रेनर हेतु चयनित का लाभार्थी प्रशिक्षण में शामिल हुए । प्रशिक्षण के पांचवें व अंतिम दिन प्रशिक्षण का कार्य बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के प्रोफेसर एम के चतुवेर्दी व जम्मू कश्मीर कृषि विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डा० अरविंद ईसर ने किया जिसमें मधुमक्खी पालन से संबंधित विभिन्न विषयों मुख्यतः मधुमक्खी के श्रम विभाजन, रानी मधुमक्खी का रखरखाव , मधु प्रोसेसिंग व फसल चक्र इत्यादि के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। प्रशिक्षण के तत्पश्चात पांच दिवसीय मधुमक्खी प्रशिक्षण का समापन हुआ जिसमें सहभागियों को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय की तरफ से प्रशिक्षण प्रमाण पत्र तथा पाठन सामग्री का वितरण किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि इक्स्टेंशन एजुकेशन, बी ए यू, डा. जे उरांव, विशेष अतिथि अपर परियोजना निदेशक आशीष आनंद, भारतीय लोक कल्याण संस्थान के सचिव चंद्रदेव सिंह उपस्थित रहे।

## योजना जिला परिषद और औद्योगिक क्षेत्रों में भी हो लागू : चैंबर

**रांची।** झारखंड चैंबर ने मंगलवार को चैंबर भवन में बैठक की। इसमें पुराने भवनों को नियमित करने के लिए योजना के प्रारूप पर मांगे गए सुझावों को लेकर चर्चा हुई। जिसमें सदस्यों ने कहा कि इस योजना को जिला परिषदों एवं औद्योगिक क्षेत्रों में भी लागू किया जाना चाहिए। इसके अलावा सदस्यों ने नक्शा सेक्शन करने के लिए या नियमितीकरण के लिए जमीन के न्यूनतम दस्तावेज लेने सहित कई अन्य सुझाव दिए। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि योजना जितनी सरल होगी, लोग इसका उतना ही अधिक लाभ ले सकेंगे। बैठक के दौरान सदस्यों ने कहा कि इस योजना को लैंड यूज के प्रावधानों से मुक्त रखा जाना चाहिए। वैसे भवन जिनकी ऊंचाई 15 मीटर से अधिक एवं 500 वर्गमीटर प्लिंथ एरिया से ज्यादा है, उनका भी शुल्क के आधार पर नियमितीकरण करने का प्रावधान होना चाहिए।

## वूमेन अचीवमेंट अवार्ड 23 दिसंबर को

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** स्त्रीवन इंडिया की तत्वावधान में स्त्रीवन इंडिया वूमेन अचीवमेंट अवार्ड का आयोजन 23 दिसंबर को इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी (आइआइआइटी) नामकुम में किया गया है। इस कार्यक्रम में टेलीविजन अभिनेत्री और भरतनाट्यम नर्तकी सुधा चंद्रन मुख्य अतिथि मौजूद रहेंगी। इसके अलाव राज्यसभा सांसद डॉ. महुआ माजी, जेएससीए के उपाध्यक्ष अजयनाथ शाहदेव, खिलाड़ी दीपिका समेत अन्य लोग विशिष्ठ अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। यह जानकारी स्त्रीवन इंडिया की संस्थापिका मैरी स्टेला माइकल ने मंगलवार को रांची प्रेस क्लब में आयोजित प्रेसवार्ता में दी। उन्होंने बताया कि स्त्रीवन इंडिया ने शिवा-2022 नामक एक कार्यक्रम का आयोजन करने वाली है। यह




आयोजन एक पुरस्कार समारोह है जिसमें विभिन्न क्षेत्रों की महिलाओं को उनके अपने क्षेत्र में उनके अद्भुत काम के लिए सम्मानित किया जाएगा। इस दिन 22 से अधिक कैटेगरी में महिलाओं को सम्मानित किया जायेगा। यह अॅवार्ड संस्था की ओर हर साल दिये जायेंगे, ताकि ऐसे महिलाओं को सम्मान दिया जा सके, जो अपने क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रही है, लेकिन अभी उन्हें पहचान नहीं मिली है। इस सम्मान समारोह में लाइफ टाइम अचीवमेंट भी दिया जायेगा। इसमें खिलाड़ियों को अॅवार्ड दिया जायेगा।

मैरी स्टेला ने बताया कि स्त्रीवन इंडिया कम्यूनिटी संस्था है। इस संस्था के माध्यम से उन महिलाओं को आगे बढ़ाने का काम कर रही, तो बेहतर कार्य कर रही है। प्रेसवार्ता में प्रतिमा सिंह, मारिया जेसिका एंथोनी, खुशबू झा, सानंदा मित्रा, सुतापा नंदी, अनुपमा सिन्हा, इशा कुमारी समेत अन्य लोग मौजूद थी।

## झारखंड के बीएड कॉलेजों में आज से शुरू होगा नामांकन

**रांची।** राज्य के बीएड कॉलेजों में नामांकन के लिए आयोजित ऑनलाइन काउंसिलिंग का परिणाम रांची विश्वविद्यालय ने मंगलवार को जारी कर दिया गया। आवेदकों को कॉलेज आवंटित कर दिए गए हैं। इसकी सूचना उन्हें उनके ईमेल पर भी दी गई है। आवेदक 25 दिसंबर तक नामांकन ले सकते हैं। प्रथम राउंड की काउंसिलिंग में 8691, आवेदन प्राप्त हुए थे। आवेदकों को अपनी पसंद के 10 कॉलेजों का विकल्प चुनना था। इसके आधार पर कुल 7688, सीटें आवंटित की गईं। वहीं, 1003 आवेदनों के लिए सीटें आवंटित नहीं जा सकीं, क्योंकि उन्होंने जिन कॉलेजों का चयन किया था, उसमें प्रथम चरण की काउंसिल में वे नहीं आ सके। ऐसे आवेदकों के लिए द्वितीय चरण की ऑनलाइन काउंसिलिंग का विकल्प खुला है।

## सहियाओं के मानदेय बढ़ाने पर विचार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री श्री बन्ना गुप्ता ने कहा है कि राज्य सरकार सहियाओं की समस्याओं के प्रति गंभीर है। सहिया ग्रामीण क्षेत्रों के साथ सुदूरवर्ती क्षेत्रों में रह कर लोगों तक स्वास्थ्य सुविधा पंहुचाने की एक कड़ी है। सहियाओं को मिल रहा मानदेय काफी कम है। केन्द्र सरकार को सहियाओं के मानदेय बढ़ाने एवं एकमुश्त देने का प्रस्ताव भेजा गया है। जो सूचना प्राप्त हो रही है उस आधार पर कहा जा सकता है कि केन्द्र सरकार जल्द ही इस दिशा में सकारात्मक निर्णय लेगी। साथ ही मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन सरकार भी अपनी ओर से सहियाओं को मानदेय देने पर विचार कर रही है। उक्त बातें स्वास्थ्य मंत्री श्री बन्ना गुप्ता ने रिम्स ऑडिटोरियम में सहियाओं के सम्मान में आयोजित राज्य स्तरीय सहिया सम्मेलन सह पीआईएल (सहभागी सीख एवं क्रियान्वयन) समागम समरोह में कही। स्वास्थ्य मंत्री श्री बन्ना गुप्ता



ने कहा कि हमें लोगों के स्वास्थ्य और उन तक स्वास्थ्य सेवायें पंहुचा रही सहिया बहनों की चिंता हैं। विभाग उनकी सभी समस्याओं का तेजी के साथ निराकरण कर उनकी दिशा एवं दशा में गुणात्तमक परिवर्तन लाने के प्रति गंभीर है और काम जारी भी है। उन्होंने कहा कि झारखण्ड के 24 जिलों के 32000 गांव ऐसे हैं, जहां न तो नेटवर्क है और ना ही रास्ते हैं, लेकिन वहां पंहुच कर सहिया बहनें अपनी सेवा दे रही हैं। सरकार ने इनकी इसी लगन और प्रयास को समझते हुये उन्हे प्रोत्साहित एवं सम्मानित करने का फैसला लिया है। जिसके तहत सहिया बहनों के कार्यों को चार कैटगरी गोल्डेन,सिल्वर, कांस्य एवं श्वेत में विभाजित किया है। सबसे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली सहिया बहनों को गोल्डेन कैटेगरी के तहत 1000 रुपये की राशि प्रतिमाह दी जायेगी । उससे कम प्रदर्शन करने वाली सहिया बहनों को सिल्वर कैटेगरी के तहत 500रु/माह एवं कांस्य को 250रु/माह दिये जायेंगे । इस प्रकार उनमें काम में उत्कृष्ट प्रदर्शन की भावना विकसित होगी।

**गंभीर और चिंतनीय** | **लोकसभा में रांची के सांसद संजय सेठ ने कहा**

# धर्मांतरण नहीं करने पर कर दी जाती है हत्या

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में जबरन धर्म परिवर्तन के मामले को आज लोकसभा में शून्यकाल के दौरान सांसद संजय सेठ ने रखा। सांसद ने कहा कि जब से झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार आई है तब से ऐसे मामले बढ़ रहे हैं। झारखंड में विगत कई वर्षों से एक गंभीर समस्या चल रही है, हाल के दिनों में यह समस्या तेजी से बढ़ी है। इसका प्रतिरोध भी बढ़ा है। ईसाई मिशनरियों के द्वारा झारखंड में पहले से धर्मांतरण का कार्य किया जा रहा है। अब यह कार्य इस्लामिक संस्थाओं के द्वारा भी कराया जा रहा है। भोले भाले आदिवासियों को लोभ, लालच देकर, झूठा चमत्कार दिखाकर, सब्जबाग दिखाकर उनका धर्मांतरण किया जाता है। विशेष



रुप से आदिवासी बेटियों का धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है। उनकी जमीनों पर कब्जा किया जा रहा है। आदिवासी बहुल क्षेत्रों से उन्हें चुनाव तक लड़वाया जा रहा है। जो बेटियां यह सब करने को तैयार नहीं होती, इस्लाम नहीं कबूलती, उनकी हत्याएं की जा रही है। अभी 2 दिन पहले साहिबगंज से ऐसा ही एक मामला सामने आ चुका है। श्री सेठ ने कहा कि इस मुद्दे को लेकर देशव्यापी आंदोलन भी चल रहा है। पूर्व में झारखंड के वरिष्ठ सामाजिक प्रवर्तक रहे बाबा कार्तिक उरांव ने इसके खिलाफ आवाज उठाई थी परंतु तत्कालीन

### खतरे में हैं आदिवासी और उनकी बेटियां

### आदिवासियों के जमीनों पर हो रहा है कब्जा

### धर्म परिवर्तन करने वालों को नहीं दें आदिवासी होने का का लाभ।

कांग्रेस सरकार ने ध्यान नहीं दिया। उन्होंने कहा कि जनजातीय सुरक्षा मंच के माध्यम से वर्तमान समय में एक देशव्यापी आंदोलन चल रहा है, जिसमें धर्मांतरित होने वालों का आदिवासी का दर्जा समाप्त करने की मांग की जा रही है। वर्तमान समय में ऐसे लोग आदिवासियों से जुड़ी योजनाओं व अन्य चीजों का लाभ लेते हैं और ईसाइयत - मुस्लिम के नाम पर अल्पसंख्यकों से जुड़ी योजनाओं का भी लाभ लेते हैं। इस तरह की बातें नहीं होनी चाहिए। आजकल जो धर्मांतरण की बात जोर-शोर हो रहा है। इस पर सरकार को भी ध्यान देने की जरूरी है, अगर इसी तरह से ऐसा होता रहा है तो उसक अस्तित्व मिट जायेगा और लोग इनसे फायदा उठाना शुरू कर देंगे। कुछ दिन पूर्व माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने भी कह दिया है कि दवाएं और अनाज आदि देना परोपकार है परंतु इसके आड़ में धर्मांतरण गलत है। सांसद ने सदन के माध्यम से सरकार से आग्रह किया कि इस दिशा में कठोर कदम उठाए जाएं ताकि झारखंड की आदिवासी बेटियां, उनकी जमीन, उनकी पहचान सब कुछ सुरक्षित रह सकें।

## छात्रों का बेहतर प्रदर्शन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के छात्रों ने दिल्ली में आयोजित सीबीएसई नेशनल एडोलेसेंट समिट ऑन लाईफ स्किल, मेंटल हेल्थ, सेफ्टी एंड वेल बीईंग-2022 में पुरस्कार जीता। इस प्रतियोगिता में पूरे देश से लगभग 200 विद्यालयों के 800 छात्रों ने भाग लिया। यश मित्तल, सृजय सिन्हा, आयोन सरकार और विधान अजमेरा ने समकालीन थीम ह्यपाठशाला नुक्कड़ की नाटक में भाग लिया। इन छात्रों ने ह्यभारत की विविधता-मेरा गौरव ह्यनुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करने पर उत्कृष्ट पुरस्कार प्राप्त किया। इसके लिए इन्हें प्रशंसा पत्र और पदक से सम्मानित किया गया। सृजय सिन्हा को बीट बॉक्सिंग में शानदार प्रदर्शन के लिए गेस्ट ऑफ ऑनर का पुरस्कार प्रदान किया गया। विद्यालय की विशिष्ट भागीदारी के लिए प्राचार्या को सम्मानित किया गया। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए छात्रों को बधाई दी। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने विजेताओं की सराहना की और बच्चों को अपने कौशल और अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए इस तरह के अनेक कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

NEWS इन ब्रीफ

### विधि सम्मत नियोजन नीति की मांग को लेकर दिया धरना

**चाईबासा ।** झारखंड सरकार की नियोजन नीति को लेकर चाईबासा में राजनीति गरमा गई है। अदालत द्वारा नियोजन नीति को गलत ठहरा दिए जाने के बाद मंगलवार को चाईबासा में तृणमूल कांग्रेस की ओर से विधि सम्मत नियोजन नीति की मांग को लेकर धरना दिया गया। इस दौरान पूर्व सांसद दुर्गा प्रसाद जमुदा और पूर्व सांसद चित्रसेन सिंह को समेत तृणमूल कांग्रेस के नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे। युवा तृणमूल कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सन्नी सिंकु ने कहा कि विभिन्न सरकारों द्वारा बिना उचित सलाह मशवरा के नियोजन नीतियां बनाई गईं जिसका खामियाजा आज झारखंड के छात्र छात्राओं को भुगतना पड़ रहा है।

### भाजपा महिला मोर्चा और एसटी मोर्चा ने किया पुतला दहन

**देवघर ।** मंगलवार को देवघर के टावर चौक पर भाजपा महिला मोर्चा और एसटी मोर्चा के द्वारा संयुक्त रूप से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया । मौके पर बीजेपी महिला मोर्चा ने कहा कि आज संथाल परगना के साहिबगंज जिला में महिला की हत्या और उसके टुकड़े कर देने जैसे अपराध सामने आए हैं। महिलाएं बिल्कुल सुरक्षित नहीं हैं और यह सब कुछ हुआ उस जिले में जहां मुख्यमंत्री का अपना विधानसभा क्षेत्र है। महिला मोर्चा ने कहा कि हेमंत सोरेन से झारखंड की सत्ता संभाली नहीं जा रही है दूसरी तरफ से यह खतियान जोहार यात्रा कर रहे हैं।

### नियमित प्रज्ञा केंद्र नही खुलने से लोगों को नही मिल रहा है लाभ

**जलडेगा।** प्रखंड के कोनमेरला पंचायत सचिवालय एवं सचिवालय में संचालित प्रज्ञा केंद्र दिन के ग्यारह बजे तक नहीं खुला था। पंचायत सचिवालय में कार्यरत मुखिया समेत कार्यरत सभी कर्मी अनुपस्थित थे। पंचायत सचिवालय बन्द होने के कारण लोग परेशान थे। मौके पर मौजूद भुण्डुपानी निवासी रैयान कन्दुलना समेत एक युवक ने बताया कि फसल राहत योजना संबंधित केवाईसी कराना था लेकिन पंचायत सचिवालय बन्द है। इधर मुखिया अनिमा तोपनो से बात करने पर उन्होंने बताया कि पंचायत सचिव प्रखण्ड मुख्यालय बैठक में भाग लेने गए हुए थे एवं रोजगार सेवक क्षेत्र भ्रमण पर थे। और मैं निजी कार्य से व्यस्त थी, लेकिन उन्होंने प्रज्ञा केंद्र संचालक की कार्यशैली को गलत बताया, उन्होंने कहा कि प्रज्ञा केंद्र संचालक सुनील साहू को नियमित प्रज्ञा केंद्र खोलने का नोटिस भी दिया जा चुका है, लेकिन वो बात नहीं सुनता है।

### विधायक ने कई जर्जर सड़क को दुरुस्त कराने की रखी मांग

**सिमडेगा।** विधायक भूषण बाड़ा ने विस सत्र के माध्यम से जर्जर सड़कों का मरम्मत कराने की मांग की है। विधायक ने मानसून सत्र में कहा है कि बरसात के बाद जिले के अधिकतर कालीकरण पथ जर्जर हो चुकी है। इन सड़कों में बड़े बड़े गड्ढे हो जाने से आवागमन में काफी परेशानी हो रही है। खासकर जिला मुख्यालय से एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम होते सामटोली पथ, अल्बर्ट एक्का मैदान से सिमडेगा कॉलेज तक का पहुंच पथ, सिमडेगा-कुरडेग पथ, पाकरटांड़-आसनबेड़ा पथ सहित कई सड़कों की स्थिति तो काफी दयनीय हो गयी है। इस सड़क में अब तक कई लोग हादसे का शिकार भी हो चुके हैं। वहीं अतः इन सड़कों का जल्द से जल्द मरम्मत कराने की मांग करता हूँ। सामटोली स्थित स्कूल जाने वाले स्कूली बच्चों को अवागमण में काफी परेशानी हो रही है। सड़क जर्जर होने से यहां से गुजरने वाले हजारो बच्चों के सड़क दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।

## क्रिसमस गैदरिंग समारोह में बोले फादर अजीत

# आपसी प्रेम का सीख देता है क्रिसमस

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सोसायटी ऑफ जीसस के प्रोविंशियल फा. अजीत खेस ने कहा कि क्रिसमस हमें एक दूसरे के साथ प्रेम से रहने की सीख देता है। क्रिसमस के मौके पर एक दूसरे में प्यार बांटे। भाईचारे के साथ क्रिसमस मनाएं। प्रभु येसी से न सिर्फ अपने लिए बल्की सभी समुदाय के लिए अमन, चैन और खुशहाली की दुआ मांगे। फा. अजीत ने संत मेरीज इंग्लिश मीडियम स्कूल सामटोली में आयोजित क्रिसमस गैदरिंग समारोह में कही। समारोह का उदघाटन मुख्य अतिथि फा अजीत एवं विशिष्ट अतिथि पाकरटांड़ जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने संयुक्त रुप से दीप जलाकर किया। मौके



पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन स्कूल के बच्चों द्वारा किया गया। वहीं कई छात्रों को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम में सिस्टर मिनरेक, संत जेबियर कॉलेज के प्राचार्य फा एफ्रेम बाः, संत मेरीज हाई स्कूल के प्राचार्य फा फेडरिक कुजूर, महिला कॉलेज के प्राचार्या डॉ तिरियो एक्का, संत जेबियर कॉलेज के ट्रेजरर फा ब्रुनो टोप्पो, संत मेरीज इंग्लिश मीडियम स्कूल के एचएम फा इलियास कुल्लू,पंसस प्रतिमा कूजुर सहित काफी संख्या में अभिभावक, शिक्षक व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम में मंच संचालन स्कूल के छात्र सोनल बाड़ा सहित अन्य बच्चों ने किया।

### लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ाई करें बच्चे: जोसिमा

मौके पर पाकरटांड जिला परिषद सदस्य जोसिमा खाखा ने भी क्रिसमस की शुभकामनाएं दी। साथ ही उन्होंने लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ाई करने की अपील की। उन्होंने कहा कि लक्ष्य के बिना मनुष्य का जीवन व्यर्थ होता है। सभी बच्चे जीवन में एक ही लक्ष्य बनाओ और दिन-रात उसी लक्ष्य के बारे में सोचो। स्वप्न में भी तुम्हें वही लक्ष्य दिखाई देना चाहिए। फिर जुट जाओ, उस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए। धुन सवार हो जानी चाहिए आपको। सफलता अवश्य आपके कदम चूमेगी।

## कार्यालय एवं सभागार के लिए जमीन मुहैया कराने की मांग

**लोहरदगा।** लोहरदगा भूतपूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट के कार्यालय के लिए जमीन लेने के मामले को लेकर भूतपूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट के मुख्य संरक्षक सहदेव उरांव, संरक्षक डॉ टी साहु, अध्यक्ष धर्मराज महतो, सचिव गोकुल उरांव, सहयोगी मोईन अंसारी ने मंगलवार को उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल से मिल कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि भूतपूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट के कार्यालय एवं बड़ा सभागार के लिए कम से कम 50 डिसमिल जमीन की आवश्यकता है। भूतपूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट के लिए 50 डिसमिल जमीन मुहैया कराने की कृपा करें। अधिकारियों ने उनके मांग पत्र पर शीघ्र कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया।

# बिजली से संबंधित समस्याओं से अभियंता को कराया अवगत

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री तुलसी कुमार साहू ने मंगलवार को बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता से उनके कार्यालय में जाकर मुलाकात किए और उन्होंने बिजली के विभिन्न समस्याओं से जूझ रहे आम जानता के बारे में अवगत कराया। उन्होंने कहा कि जिले में 25 केवी 63 केवी 100 केवी का ट्रांसफरमर जहां-जहां जला हुआ है सभी जगह का ट्रांसफार्मर अभिलंब बदला जाए जहां-जहां तार की स्थिति जर्जर है वहां ठीक कराया जाए बिजली बिल नियमित रूप से नहीं मिल रहा है एक बार इकट्ठा आम जनता को बिजली बिल देने में समस्या उत्पन्न हो रही है। इसलिए प्रत्येक पंचायत में नियमित रूप से प्रत्येक माह बिजली बिल दिया जाए ताकि आम जनता समय पर अपना बिजली बिल का भुगतान कर सके।उन्होंने कहा बच्चों को पढ़ने लिखने के समय में या घर के कामकाज के समय में बिजली कटौती किया जाता है जिससे बच्चों को पढ़ने लिखने या घर के लोगों को अन्य कार्य में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है जिसे समय बदलते हुए निर्धारित समय में ही बिजली की कटौती किया जाए । कार्यपालक अभियंता के द्वारा सभी बातों को गंभीरता पूर्वक लेते हुए अस्वस्थ कराया गया है कि आम जनता की जो समस्याएं हैं आपके द्वारा जो समस्याओं से मुझे अवगत कराया गया उन सभी समस्याओं को मैं निराकरण कराने का प्रयास करूंगा।

## बाबा मंदिर क्षेत्र के रूट लाइन का निरीक्षण किया गया

# व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**देवघर ।** देवघर में नए साल बसंत पंचमी और शिवरात्रि को लेकर बाबा मंदिर देवघर में अप्रत्याशित भक्तों की भीड़ उमड़ती है जिसको लेकर देवघर उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री, देवघर एसपी सुभाष चंद्र जाट और नगर आयुक्त शैलेंद्र कुमार लाल के अलावा विद्युत विभाग और अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ बाबा मंदिर क्षेत्र के रूट लाइन का निरीक्षण किया गया । देवघर डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने कहा कि आगामी बसंत पंचमी फर्स्ट जनवरी और शिवरात्रि को लेकर पहले से ही तैयारियां शुरू कर दी गई है। इन दिनों श्रद्धालुओं की संख्या काफी बढ़ जाती है और अफरातफरी की स्थिति बन जाती है । श्रावणी मेले के सफल संचालन के बाद अब जिला प्रशासन की कोशिश है कि इन 3 दिनों के लिए बेहतर व्यवस्था हो जिसके लिए बाबा मंदिर से लेकर बी एड कॉलेज तक रूट लाइन का निरीक्षण किया गया। जिनमें मुख्य रूप से रूट लाइन में पढ़ने वाले अतिक्रमण को हटाने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावा निगम को जगह-जगह पेयजल की व्यवस्था और साफ सफाई करने का निर्देश जारी किया गया है । रूट लाइन में विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए विद्युत विभाग को भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं । वही देवघर एसपी सुभाष चंद्र जाट ने कहा कि रूट लाइन में निरीक्षण करने के उपरांत यह तय किया जा रहा है कि कितने फोर्स को यहां ड्यूटी पर तैनात करना है और कितने एडिशनल कोर्स की प्रतिनियुक्ति की जा सकती है सुरक्षा के मद्देनजर हर व्यवस्था दुरुस्त की जाएगी।

### 24 दिसंबर को कैंप का होगा आयोजन

**देवघर ।** देवघर के उन लोगों के लिए खुशखबरी है जिन्होंने अभी तक अपना आयुष्मान कार्ड व राशन कार्ड नहीं बनवाया है। जिला प्रशासन की ओर से बैद्यनाथ मंदिर के परिसर में 22 व 24 दिसंबर को कैंप लगाया जाएगा। पात्र व्यक्ति आयुष्मान कार्ड व राशन कार्ड के लिए जहां आवेदन कर सकते हैं। देवघर के जिलाधधिकारी मंजूनाथ भजंत्री ने इस बाबत बैठक कर अधिकारियों को निर्देश दिया है।

## टाटा स्टील टूर चैंपियनशिप का आज से होगा आगाज

**जमशेदपुर ।** बुधवार 21 दिसंबर यानि आज से लेकर 24 दिसंबर तक टाटा स्टील टूर चैंपियनशिप शुरू हो रहा है । तीन करोड़ इनाम राशि वाले इस चैंपियनशिप में देश विदेश के 77 खिलाड़ी भाग लेंगे। टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट संजीव पॉल ने बताया कि पिछले साल यह इनामी राशि डेढ़ करोड़ रूपए थी। इस बार हमने इसे बढ़ाकर दोगुना कर दिया है । उन्होंने बताया कि पूरे भारत में जो गोल्फ चैंपियनशिप होता है, सबसे अंत में जमशेदपुर में होता है। वही पीजीटीआई के सीईओ उत्तम सिंह मुंडे ने बताया कि इस चैंपियनशिप में लगभग 30 ऐसे खिलाड़ी भाग ले रहे हैं जो कभी न कभी चैंपियन रहे हैं। जितने भी भारत के नामी रैंकिंग खिलाड़ी है, उसके अलावा जमशेदपुर के भी कई गोल्फर भी भाग ले रहे हैं ।

# स्कूलों के अनुदान वेतन भुगतान कराने को लेकर शिक्षामंत्री को सौंपा ज्ञापन

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** विधायक भूषण बाड़ा और विधायक विक्सल कोंगाड़ी के नेतृत्व में अल्पसंख्यक स्कूलों का एक प्रतिनिधिमंडल शिक्षामंत्री जगरनाथ महतो से मुलाकात की। साथ ही चार अल्पसंख्यक स्कूलों को सहायता अनुदान आदि देने की मांग की। शिक्षामंत्री को सौंपे ज्ञापन में कहा गया है कि निर्मला उच्च विद्यालय खालीजोर, उवि समसेरा, संत मार्क्स उवि बानाबीरा एवं संत लुईस उवि. खंजालोया को बिहार सरकार द्वारा स्थायी मान्याता दी गई है। साथ ही यहां के शिक्षकों एवं कर्मचारियों को 1992 ई. तक गैर सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों के रुप में होता रहा। साथ ही इन चारो स्कूलों को गैर सरकारी स्कूलों के रुप में प्रस्वीकृत मानते हुए



अल्पसंख्यक विद्यालय के रुप में मान्यता दी गई है। साथ ही झारखंड राज्य वित्त रहित शैक्षणिक अधिनियम के तहत अनुदान देने की व्यवस्था की गई है। साथ ही ऐसे तीन अन्य स्कूलों को वेतनादि का भुगतान किया जा रहा है। इसी तर्ज पर जिले के चारो स्कूलों के सहायता अनुदान अंतगर्त वेतन आदि की भुगतान कराने की मांग की। जिस पर शिक्षा मंत्री ने भी मामले को गंभीरता से लेते हुए मामले का जल्द समाधान कराने का आश्वासन दिया।

# राज्य सरकार के प्रति भाजयुमो ने जताया विरोध

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** भाजयुमो नगर मंडल के अध्यक्ष पवन प्रजापति के नेतृत्व मे युवा मोर्चा के द्वारा जनविरोधी, युवा विरोधी, नियोजन विहीन बताकर हेमंत सरकार के खिलाफ स्थानीय बरवाटोली चौक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया एवं राज्य सरकार निकम्मी तंत्र के विरोध में उग्र प्रदर्शन किया गया। महिला मोर्चा के द्वारा विगत दिनों रूबिका पहाड़िया के निरीक्षण से हत्या के खिलाफ में पुतला दहन किया गया। मौके पर युवा मोर्चा के कार्यकताओं का साफ-साफ और सीधा एक ही बात इस राज्य की सरकार को कहना था की हेमंत सोरेन कि सरकार जो युवाओं को नौकरी देने के लोक लुभावने वादे के साथ सत्ता पर आई थी। आज वह नौकरी देना तो दूर राज्य के युवाओं के लिए एक स्पष्ट नियोजन नीति तक तैयार नहीं कर पा रही है। आने वाले समय में अगर जल्द से जल्द एक ठोस नियोजन नीति के साथ युवाओं को नौकरी देने का कार्य नहीं किया गया। भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ता सड़क से लेकर सदन तक उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे। मौके पर मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओमप्रकाश सिंह, श्री चंद्र प्रजापति, चंद्रशेखर अग्रवाल, भाजयुमो प्रदेश मंत्री अजातशत्रु, भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विश्वजीत शाहदेव, भाजयुमो जिलाध्यक्ष मनीष शिखर, राजकिशोर महतो,अजय पंकज, राजकुमार वर्मा, अनिल उरांव, सजल कुमार, वाल्मीकि कुमार, कलावती देवी, श्याम वर्मा, कमलेश कुशवाहा, सत्यजीत सिंह, डॉ मृत्युंजय चक्रवर्ती, विजय महतो सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## चिंतामणि पार्श्वनाथ भगवान का मना जन्म-कल्याणक

# कष्टों से निजात पाने के लिए अपनी शक्ति बढ़ाएं

**नवीन मेल संवाददाता**

**ठेठईटांगर।** टुकुपानी के जैन गुरुकुल में 23 वें तीर्थंकर पार्श्वनाथ भगवान का मंगलवार को जन्म उत्सव मनाया गया। इस दौरान मंगलाचरण के साथ ही सभा को सम्बोधित करते हुए कथावाचक डॉ. पद्मराज स्वामी महाराज ने कहा हम सबके जीवन में कष्ट अवश्य आते हैं। जो व्यक्ति उत्कृष्ट श्रद्धा के साथ प्रभु पार्श्वनाथ के नाम का सुमिरण करता है वह कष्टमुक्त हो जाता। कष्टों से निजात पाने के दो ही उपाय हैं, एक तो यह कि हम अपनी शक्ति को बढ़ाएं और कष्टों पर विजयी बनें। दूसरा यह कि उनका नामस्मरण करें जो सभी कष्टों से मुक्त हो चुके हों। इसी श्रेणी में परमात्मा के नाम की गणना है।मौके पर स्वामी ने भगवान की अष्ट प्रकारी पूजा सम्पन्न करवाई। मारवाड़ी



महिला समिति एवं ओमप्रकाश अग्रवाल की तरफ से जरूरतमन्दों को कम्बल वितरण किया गया महिला समिति के इस कार्य की स्वामी ने भरपूर सराहना की गुरुमा ने सुमधुर भजनों से भक्ति रस की छटा बिखेर दी। प्रसाद वितरण में पवन जैन, ओमप्रकाश अग्रवाल का विशेष योगदान रहा। मौके पर ओमी अग्रवाल, पवन जैन, अशोक जैन, सत्यभामा बंसल, माया अग्रवाल, रेखा जैन, सावित्री अग्रवाल, मंजू अग्रवाल, ऊषा जैन, शुशीला खोवाला, सुषमा बंसल, शारदा बंसल, गायत्री शर्मा, सीमा अग्रवाल, शकुंतला अग्रवाल, ऊषा मित्तल, कमलेश बोन्दिया, सारिका जैन, कुसुम शर्मा, सन्तोष अग्रवाल, अनु देवी, रेखा रानी, श्रीमती सीताराम अग्रवाल, श्रीमती कैलाश अग्रवाल सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित थे।

# लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध ग्रामीणों को किया जायेगा जागरूक

**नवीन मेल संवाददाता**

**कैरो / लोहरदगा।** मंगलवार को कैरो प्रखंड में जेएसएलपीएस के दीदियों के द्वारा ३लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध देशव्यापी अभियान नई चेतना पहल बदलाव की के तहत जागरूकता वाहन को प्रखण्ड विकास पदाधिकारी पवन कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जो कैरो प्रखंड के विभिन्न गांवों में जाकर जागरूक करेगी।

### हिंसा के विरुद्ध खड़ी हो रही है नई चेतना को जगाना है : बीडीओ

मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा महिलाएं अब जाग रही हैं, इन पर होने वाली हिंसा के विरुद्ध खड़ी हो रही है नई चेतना जगाना है। समाज में जागरूकता के अभाव में महिलाओं पर अत्याचार होता है,महिला पुरुष में भेदभाव बिल्कुल नही होना चाहिए ,हम सभी को जागरूक होने की जरूरत है,ताकि महिलाओ को लिंग आधारित हिंसा से सुरक्षित रखा जा सके और समाज में व्याप्त बुरी कुरीतियों डायन प्रथा, महिला हिंसा, बेटा बेटी में भेदभाव दूर करना, इत्यादि। दीदियों के द्वारा स्लोगन के माध्यम से प्रचार प्रसार किया गया।इस मौके पर चंदन कुमार तिवारी, नितेश कुजूर, एसडी बीआरपी शीला उरांव, सुमिता कुमारी, गजाला प्रवीण, मुन्नी उरांव, हीरामुनी तिग्गा, सुषमा उरांव, बलराम केवट के साथ जेएसएलपीएस की महिलाएं उपस्थित थे।

**पहल** | आजादी के अमृत महोत्सव, फिट इंडिया पर तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ

# करीम सिटी में आयोजित प्रदर्शनी से लाभान्वित होंगे युवा: पंडा

**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** आजादी का अमृत महोत्सव प्रगतिशील भारत के 75 वर्ष और इसके लोगों की संस्कृति और उपलब्धियों के गौरवशाली इतिहास को मनाने और याद करने के लिए भारत सरकार की एक पहल है। इस के अंतर्गत केंद्रीय संचार ब्यूरो, गुमला एवं मास कम्युनिकेशन विभाग, करीम सिटी कॉलेज, जमशेदपुर के संयुक्त तत्वावधान में करीम सिटी कॉलेज के सभागार में 20 दिसंबर से 22 दिसंबर, 2022 तक चित्र प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

दिनांक 20 दिसंबर, 2022 इस चित्र प्रदर्शनी के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि कोल्हान विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. गंगाधर पंडा और विशिष्ट अतिथि एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्री नन्द किशोर लाल, ओलंपियन और झारखंड




ओलंपिक एसोसिएशन उपाध्यक्ष श्री हरभजन सिंह, तीरंदाजी में गुरु द्रोणाचार्य पुरस्कार प्राप्त श्रीमती पूर्णिमा महतो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के पत्र सूचना कार्यालय व केंद्रीय संचार ब्यूरो रांची क्षेत्र के अपर महानिदेशक श्री अखिल कुमार मिश्रा के साथ करीम ट्रस्ट के ट्रस्टी सय्यद अशफाक करीम, करीम सिटी कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ मोहम्मद रेयाज, मास कम्युनिकेशन विभाग की प्रभारी डॉ. नेहा तिवारी और क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी श्रीमती महविश रहमान उपस्थित रहीं।

सर्वप्रथम एनसीसी कैडेट्स के द्वारा अतिथि जनों को सैल्यूट पेश किया गया और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के पंजीकृत दल द्वारा पारंपरिक स्वागत किया गया। तत्पश्चात सभी अतिथियों ने फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया और भगवान बिरसा मुंडा की तस्वीर पर पुष्पांजलि दी। सभी अतिथियों ने प्रदर्शनी स्थल पर लगे स्टॉल का अवलोकन किया और विभाग द्वारा लगाए गए सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी ली। उसके बाद सभी अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और मंच पर आगमन के बाद सभी अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित किया गया।

### रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति

मास कम्युनिकेशन की छात्रा ओलिविया द्वारा गणेश वंदना की प्रस्तुति दी गई और साथ ही मास कम्युनिकेशन के छात्र छात्राओं ने जनजातीय नृत्य प्रस्तुत किया। आजादी का अमृत महोत्सव पर आधारित रैंप वॉक में मास कम्युनिकेशन के छात्र छात्रा वीर स्वतंत्रता सेनानी बन मंच पर आए और इनकी प्रस्तुति ने बैठे सभी अतिथियों तथा दर्शकों का मन मोह लिया।

उद्घाटन समारोह का स्वागत भाषा देते हुए करीम ट्रस्ट के ट्रस्टी सय्यद अशफाक करीम ने कहा कि करीम सिटी में आयोजित इस प्रदर्शनी से युवा लाभान्वित होंगे। पत्र सूचना कार्यालय एवं केंद्रीय संचार ब्यूरो, रांची रीजन के अपर महानिदेशक श्री अखिल कुमार मिश्रा ने सभी से अपील की कि वे अपने परिवारों के साथ प्रदर्शनी देखने जरूर आएं। मुख्य अतिथि के रूप में कोल्हान विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. गंगाधर पंडा ने कहा कि केंद्रीय संचार ब्यूरो की प्रदर्शनी का आयोजन पूरे प्रमंडल के लिए गौरव की बात है और खास कर करीम सिटी कॉलेज में आयोजित होना बेहद गर्व की बात है।

विशिष्ट अतिथि एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्री नंद किशोर लाल में कहा कि देश के स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद करने के लिए यह प्रदर्शनी एक महत्वपूर्ण पहल है। विशिष्ट अतिथि ओलंपियन और झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के उपाध्यक्ष श्री हरभजन सिंह ने कहा कि फिट इंडिया देश के नागरिकों को जागरूक करने के लिए भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण कोशिश है।

तीरंदाजी में गुरु द्रोणाचार्य पुरस्कार प्राप्त श्रीमती पूर्णिमा महतो ने कहा कि करीम सिटी कॉलेज के छात्र छात्राओं का प्रदर्शन सराहनीय है।

### विभिन्न प्रतियोगिता के विजेता हुए पुरस्कृत

चित्र प्रदर्शनी के पूर्व दिनांक 19 दिसंबर को करीम सिटी कॉलेज के छात्र छात्राओं के बीच कबड्डी, कविता, भाषण, रचनात्मक लेखन आदि का आयोजन किया गया था। इन प्रतियोगिताओं के करीब 50 विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया।

### जनोपयोगी स्टॉल्स

मौके पर पोस्ट ऑफिस, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया आदि के स्टॉलस के द्वारा जनोपयोगी योजनाओं से संबंधित जानकारियां भी दी जा रही हैं।

एक स्टॉल एनसीसी, मास कम्युनिकेशन एवं एनएसएस के विद्यार्थियों द्वारा लगाया गया है जिसमें सेना में भर्ती व सरकारी प्रतियोगिताओं में शामिल होने की तैयारी के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी जाएगी।

इस अवसर पर सेल्फी बूथ भी तैयार किए गए जिस पर छात्र-छात्राओं एवं आम जनों को सेल्फी लेने का मौका प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन मास कम्युनिकेशन की प्रभारी डॉ. नेहा तिवारी ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की फील्ड पब्लिसिटी अधिकारी श्रीमती महविश रहमान ने किया। कार्यक्रम में एनसीसी के अधिकारी कैप्टन डॉ. फखरुद्दीन अहमद और केंद्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी श्री गौरव पुष्कर भी उपस्थित थे।

## NEWS इन ब्रीफ

### बाइक से गिर कर दो युवक घायल

**कोडरमा।** मंगलवार को थाना अंतर्गत चंद्रोडीह के समीप मोटरसाइकिल दुर्घटना में दो युवक घायल हो गए। घायलों की पहचान गुलाम साहेब (उम्र 25 वर्ष पिता मुस्तकीम अंसारी, हजारीबाग और रवि कुमार (उम्र 25 वर्ष पिता महेंद्र प्रसाद यादव, लरियाडीह) के रूप मे हुई है। जानकारी के अनुसार अपनी मोटरसाइकिल से कोडरमा की तरफ आने के दौरान चंद्रोडीह पुल के समीप सड़क पर पशु आ जाने के कारण मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिसमें दोनों युवक घायल हो गए। आनन-फानन में आसपास के लोगों ने ग्रामीणों की मदद से कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज चल रहा है।

### नदी में गिरी बोलेरो, एक की मौत, दूसरा घायल



**बरकट्ठा।** गोरहर थाना क्षेत्र के ग्राम बेलकप्पी के सूर्यकुंड होटल के समीप एक बोलेरो पुल के नीचे नदी में गिर गई। घटना सोमवार की देर शाम की है। बोलेरो गिरने से दो व्यक्ति जख्मी हो गए। घटना की सूचना मिलते ही गोरहर पुलिस मौके पर पहुंची। जहां पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से ताजमूल अंसारी 60 पिता कारू अंसारी और कलीम अंसारी 50 पिता रौशन अंसारी दोनों ग्राम औरा थाना बगोदर गिरिडीह निवासी को सीएचसी लाया गया। जहां चिकित्सकों ने ताजमूल अंसारी को मृत घोषित कर दिया। वही घायल कलीम अंसारी को प्राथमिक उपचार के बाद उसे सदर रेफर कर दिया गया।

### भाकपा की बैठक जयनगर में 21 को

**कोडरमा।** भाकपा अंचल मंत्री अर्जुन यादव ने विज्ञप्ति जारी कर कहा कि 21 दिसंबर दिन बुधवार दोपहर 12 संस्कृतिक भवन जयनगर में भाकपा अंचल कमेटी जयनगर की बैठक बुलाई गई है। इसमें नवीकरण एवं भर्ती विगत कार्यक्रमों का समीक्षा, किसान सम्मेलन पर विचार आगे आंदोलन आदि सवालों पर विचार विमर्श किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से भाकपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य महादेव राम, भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक, जिला कार्यकारिणी सदस्य महेश प्रसाद सिंह, देवी मौजूद रहेंगे।

### एसएमसी प्रशिक्षण हुआ संपन्न

**बरही।** झारखंड सरकार के निर्देशानुसार प्रत्येक विद्यालय में प्रबंधन समिति के सदस्यों के बीच प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है । इसी के तहत प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में प्रोजेक्टर के माध्यम से एसएमसी सदस्यों को विद्यालय प्रबंधन से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण जानकारियां दी जा रही है। मंगलवार को प्राथमिक विद्यालय उज्जैना में भी एसएमसी सदस्यों के बीच प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे एसएमसी अध्यक्ष अशोक कुमार यादव सहित के कुल 13 सदस्य उपस्थित थे।

### अनुसूचित जाति उप परियोजना के तहत बीज का वितरण

**बरही।** गौरियाकरमा पंचायत स्थित भारतीय कृषि बीज अनुसंधान केंद्र के द्वारा केदारुत पंचायत के बीच बीज वितरण किया गया। जानकारी के अनुसार संस्थान के द्वारा प्रति किसान 5 किलोग्राम बीज वितरित किए गए । इस दौरान किसानों को अनुसंधान केंद्र के वैज्ञानिकों के द्वारा उत्तम कृषि करने के तरीका एवं उसके देखभाल की जानकारी भी दी गई। किसानों से अपील की गई कि वेलोग समय-समय पर संस्थान आकर कृषि संबंधित विभिन्न जानकारियां भी प्राप्त करें। इस अवसर पर अनुसंधान केंद्र के निदेशक विशाल नाथ पांडेय, स्थानीय मुखिया सरिता देवी, संस्थान के वैज्ञानिक सहित कई किसान मौजूद थे।

---

## मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन, डीडीसी ने कहा

# किसी भी परिस्थिति में कोई भी योग्य किसान लाभ से वंचित ना हो



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** समाहरणालय सभाकक्ष में मंगलवार को उप विकास आयुक्त नागेंद्र कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के तहत किए जा रहे कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने प्रखंडवार सुखाड़ राहत योजना के तहत प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए सभी अंचल अधिकारियों एवं सीआई को पोर्टल पर ज्यादा से ज्यादा किसानो का पंजीकरण करने का निर्देश दिया। साथ ही उप विकास आयुक्त ने ऑपरेटररों की संख्या बढ़ा कर हर स्थिति में आवेदनों को डीसी लॉगिंन में फॉरवर्ड करने का निर्देश दिया। उप विकास आयुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों एवं सभी सीआई को निर्देश दिया कि वे यह सुनिश्चित करें कि किसी भी परिस्थिति में कोई भी योग्य किसान लाभ से वंचित ना हो यह भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान उप विकास आयुक्त श्री सिन्हा ने परियोजना निदेशक आत्मा को सभी अंचल अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर सुखाड़ राहत योजना के तहत लंबित आवेदनों को दो दिनों के अंदर निष्पादित करते हुए ज्यादा से ज्यादा कृषक मजदूरों को लाभान्वित करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर परियोजना निदेशक आत्मा, कार्यपालक दंडाधिकारी सह प्रभारी विधि शाखा रामगढ़, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रामगढ़, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी रामगढ़, सभी अंचल अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत लाभुकों को दिया लाभ

**मुख्यमंत्री** पशुधन विकास योजना के माध्यम से लाभुकों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से मंगलवार को प्रखंड कार्यालय सभागार, गोला में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी एवं उप विकास आयुक्त नागेंद्र कुमार सिन्हा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के द्वारा मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत कुल 84 लाभुकों को बत्तख चूजा (प्रति यूनिट 15 चूजा) का वितरण किया गया वहीं भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजेश कुमार के द्वारा सभी लाभुकों को बत्तख के पालन एवं उनके देखरेख के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, जिला पशुपालन पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी गोला, भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी, लाभुकों को सहित अन्य उपस्थित थे।

## अवैध शराब के साथ एक हुआ गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरीतिलैया।** कोडरमा स्टेशन पर ऑपरेशन सतर्क के तहत मंगलवार को सीसीटीवी के मदद से एक व्यक्ति को अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। कोडरमा निरीक्षक प्रभारी जवाहरलाल के नेतृत्व में आरक्षी बिपिन कुमार, विकास कुमार मिश्रा तथा महिला आरक्षी नीतू कुमारी सभी रेसुब पोस्ट कोडरमा के प्लेटफार्म सं चार पाँच लोगों पर आपराधिक निगरानी कर रहे थे। इसी क्रम में एक व्यक्ति को एक वजनी लाल रंग के ट्राली बैग लेकर जाते हुए देखा गया। शंका होने पर उसके नजदीक जाकर उससे पुछताछ किया गया तो उसने अपना नाम आयूश कुमार, उम्र 21 वर्ष पिता दामोदर प्रसाद ग्राम यादव चक कुरथौल, थाना परसाबाजार पटना (बिहार) का रहने वाला बताया। उसके बैग को खोल कर देखा गया तो उसमे लगभग 6400 रुपये अनुमानित राशि के अवैध शराब थे। जिसके बाद उपलब्ध गवाहों के समक्ष शराब के साथ उस ब्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया। उसके बाद अग्रिम कार्यवाही करते हुए उक्त शराब को उत्पाद विभाग कोडरमा को सुपुर्द कर दिया गया।

---

## जानकी प्रसाद यादव ने किया प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के गोरहर पंचायत सचिवालय में उद्यमी कल्याण शिक्षण संस्थान के तत्वावधान में प्रशिक्षण शिविर आयोजित की गई। तीस दिनों तक चलने वाला प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने फीता काटकर किया। प्रभारी डॉ. सुभाष चंद्रा की टीम के द्वारा लगभग 100 महिला एवं पुरुष को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मौके पर पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त कर महिलाएं और पुरुष लोगों का उपचार कर सकेंगे साथ ही साथ लोगों को छोटी-बड़ी बीमारी से बचने के लिए बेहतर उपचार के लिए सलाह देंगे। मौके पर प्रशिक्षण प्रभारी डॉ. सुभाष चंद्रा, डॉ. वसीम अहमद,स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि छोटन कोल,पंसस लखन प्रसाद, बासुदेव महतो, कार्तिक महतो, मनोहर प्रसाद, रीना कुमारी, कुंजलाल महतो, उषा देवी(एन.एम), सुनील कुमार, डॉ. गणेश, कोलेश्वर महतो, नारायण प्रसाद, नारायण महतो, टहल महतो समेत अन्य महिलाएं और पुरुष उपस्थित थे।

### कला शिक्षा महत्व पर गोष्ठी का आयोजन

**बरही।** प्रखंड परिसर स्थित पुस्तकालय सभागार में भारतीय शिक्षा मंडल ने त्रिवेणी साव की अध्यक्षता में 'कला शिक्षा का महत्व' विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया। जिसमे कला और शिक्षा के महत्व पर चर्चा की गई। बताया गया कि कला की शिक्षा बालकों के शारीरिक मानसिक नैतिक मूल्यों के साथ उनके संवेगात्मक विकास में योगदान करती है। जिससे विद्यार्थियों के शारीरिक मानसिक और सौंदर्यात्मक व्यक्तित्व का विकास होता है। एक कला प्रेमी कलात्मक व्यवहार से परिपूर्ण होता है और प्रत्येक वस्तु स्थान परिस्थिति में अपनी विद्या का सदुपयोग करता है। वह घर सज्जा से लेकर दैनिक गतिविधियों में कला का बखूबी उपयोग करता है। वह हर पल कला के उद्देश्य सृजनात्मकता और सौंदर्यात्मक विकास के साथ साथ आध्यात्मिक बल पर जोर देता है। गोष्ठी में कई प्रबुद्धजनों ने अपने विचार रखे।

## 13 वाहन धराये, 9 लोग गिरफ्तार




**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** सोमवार की देर रात्रि खनन पदाधिकारी सुनील कुमार के नेतृत्व में किए गए छापेमारी में एनएच दो से कुल 13 वाहन जब्त किये गये। जिसमे दो टर्बो वाहन इचाक थाना क्षेत्र से जबकि 9 ट्रक और दो पिकअप बरही थाना क्षेत्र से जब्त किया गया। जब्त किये वाहनों से 18 लाख मूल्य के कुल 285 टन कोयला होने का अनुमान बताया गया है। जब्त किये गये वाहनो में ट्रक संख्या यूपी53टी 5743, जेएच 09यू 9945, बीआर 04 जिए 4672, यूपी 53ईटी1884, जेएच 02एएफ 3541, जेएच 02एडी 9093, बीआर 21जीबी 9721, जेएच 10बी20 8333 और पिकअप जेएच 10 एई 6266 तथा जेएच 02 बीजी 5199 शामिल है। छापेमारी में 9 चालक की गिरफ्तारी हुई है। गिरफ्तार किये गए चालक में मुराईडीह बस्ती थाना जिला धनबाद के 18 वर्षीय अर्जुन रवानी पिता नारायण रवानी, बगोदरडीह थाना बगोदर जिला गिरिडीह के मंजर अंसारी पिता अकबर अंसारी, पदमा थाना अंतर्गत बंदर बेला के अंकित कुमार सोनी पिता राजेश सोनी, बिसाही, दरियापुर, जिला सारण बिहार के बृज किशोर प्रसाद पिता दारोगा राय एवं इसी थाना के साकीन एमकुमार निवासी धर्मेंद्र कुमार राय पिता योगेंद्र प्रसाद राय, बोकारो जिला अंतर्गत गांधीनगर थाना के गांधीनगर निवासी नारायण यादव पिता चंद्रदेव यादव, सिरसिहवा, कपिलवस्तु जिला सिद्धार्थनगर निवासी सदावृक्ष जायसवाल पिता कृष्णा जायसवाल, गुलजारबाग थाना वासेपुर बैंक मोर जिला धनबाद निवासी साहेब अली पिता मोहम्मद सलीम और उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर जिला अंतर्गत लोटन थाना के निबायहवा निवासी लाल चंद्र यादव पिता जंग बहादुर यादव शामिल है। इन सभी के खिलाफ आईपीसी की धारा 04/12 एमएम(डीआर) एक्ट 1957 तथा 09/13 झारखंड कुल अधिनियम 2017 के तहत बरही थाना में कांड संख्या 517/22 दर्ज किया गया है। छापेमारी दल का नेतृत्व खान निरीक्षक स्वयं कर रहे थे। जिनका सहयोग सब इंस्पेक्टर आदित्य कुमार, नवीन कुमार पांडेय एवं बरही थाना के रिजर्व पुलिस बल ने किया।

### जरूरतमंद लोगों के बीच सही समय पर कंबल वितरण

**रामगढ़।** नगर परिषद क्षेत्र के कुरुम में 20 दिसंबर को कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कंबल वितरण में बतौर मुख्य अतिथि नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो उपस्थित हुए। श्री महतो ने अपने हाथों से जरूरतमंदों के बीच कम्बल का वितरण किया। उन्होंने कहा कि ठंढ से बचाव के लिए कम्बल खरीदने में असमर्थ एवं असहाय लोगों को चयनित कर इस योजना का लाभ उन्हें दिया जा रहा है। मनोज कुमार महतो ने कहा कि सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना को सही समय पर क्रियान्वित कराने के लिए नगर परिषद की सहयोगात्मक भूमिका है। कहा कि सही समय पर सभी वार्डों में जरूरतमंदों को कंबल मिलने से उन्हें लाभ हो रहा है। इस अवसर पर ललन सिंह, बबन सिंह, डब्लू सिंह, मंटू सिंह, रमेश महली, संतोष मुंडा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

---

## बरही: धनवार मुखिया और आप नेता कैडर संघ के धरना में हुए शामिल




**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** झारखंड राज्य आजीविका कैडर संघ विभिन्न मांगों को लेकर बीते कई दिनों से राजभवन रांची के समीप धरना प्रदर्शन कर रहे है। इनके प्रमुख मांगो में संघ महंगाई के अनुरूप आईपीआरपी और आईबीएपी के मानदेय में बढ़ोतरी, मानदेय को निजी खाता में नियमित और निर्धारित तिथि तक भेजने के साथ योग्यता के आधार पर एचआर लाभ देने संबधित शामिल है। इनके मांगो को धनवार मुखिया राजेंद्र प्रसाद और बरही विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सह आम आदमी पार्टी के युवा नेता संजय मेहता ने जायज बताते हुए धरने का समर्थन करते हुए मंगलवार को राजभवन रांची के पास चल रहे धरना में शामिल हुए। धनवार मुखिया ने कहा कि आजीविका के सदस्यों द्वारा ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को संगठित कर उन्हें प्रशिक्षण देकर सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक, स्वास्थ्य, स्वच्छता, साक्षरता आदि रूप से सशक्त बनाने का कार्य लगातार किया जा रहा है। इनकी सभी मांगे जायज है। आप पार्टी के युवा नेता ने कहा कि आजीविका कैडरों द्वारा झारखंड में संचालित जेएसएलपीएस महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण क्षेत्र की सूरत बदलने में अग्रणी भूमिका का निर्वहन कर रही है। राज्य और केंद्र सरकार द्वारा दी गई जिम्मेवारी का निर्वहन आजीविका कैडर द्वारा किया जा रहा है। बावजूद उनके हक और अधिकार को सरकार द्वारा नजर अंदाज किया जाता है। दोनो नेताओ ने सरकार से इनके मांगो पर यथाशीघ्र विचार करने का अपील किया। नेताद्वय के साथ धरना में अजय कुमार कुशवाहा, दामोदर प्रसाद वर्मा, प्रकाश साव आदि ने भी साथ दिया।

### गरीबों व असहायों के बीच नगर परिषद ने किया कंबल वितरण



**कोडरमा।** जिले में लगातार बढ़ रहे कपकपाती ठंड के मद्देनजर मंगलवार को झुमरीतिलैया नगर परिषद के द्वारा वार्ड संख्या 18 में गरीबों व असहायों के बीच कंबल वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से स्थानीय निवर्तमान पार्षद अनुराग सिंह व सीएलटीसी नोडल अधिकारी निर्मल दास मौजूद थे। निवर्तमान पार्षद अनुराग सिंह ने बताया कि जिले में लगातार ठंड बढ़ रही थी। ऐसे में कई ऐसे लोग थे जिन्हें बढ़ती ठंड से काफी परेशानी हो रही थी। जिसके पश्चात नगर परिषद के सौजन्य से यह कार्यक्रम आयोजित कर वैसे असहाय लोगों के बीच कम्बल वितरण किया गया।

## डीसी ने समाज कल्याण विभाग ने संचालित योजनाओं की समीक्षा की

# योग्य लाभुकों को किशोरी समृद्धि योजना से जोड़ें

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** मंगलवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में जिला समाज कल्याण विभाग की समीक्षा की गई। बैठक में उपायुक्त द्वारा जिला समाज कल्याण विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओं व अन्य पर बिंदुवार समीक्षा किया गया। प्रखंडवार सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना के तहत अबतक प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली गई। उपायुक्त द्वारा जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा गया कि प्रखंडवार विद्यालयों की सूची बनाकर सभी सीडीपीओ व एलएस को प्रतिदिन पांच-पांच विद्यालय भेजकर योग्य बालिकाओं का फॉर्म भरवाना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने सख्त हिदायत देते हुए कहा कि कोई



भी योग्य लाभुक किशोरी समृद्धि योजना से ना छूटे। इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण कार्य को यथाशीघ्र पूरा करने का निदेश समाज कल्याण पदाधिकारी को दिया। उपायुक्त ने कहा कि कोडरमा प्रखंड अंतर्गत चितरपुर बिरहोर टोला एवं चनाको में मॉडल आगनबाड़ी केंद्र के रूप में विकसित करें। कुपोषण उपचार केंद्र में बच्चों का उचित देख भाल करने का भी निर्देश दिए और पेयजल की समुचित व्यवस्था रहे, यह भी सुनिश्चित करेंगे। आंगनबाड़ी केन्द्र के सभी बच्चों को समावेशी शिक्षा प्रदान करें। बैठक में मुख्य रूप से सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी आरती कुमारी, सीडीपीओ जयनगर सारांश जैन, सभी प्रखंड के महिला पर्यवेक्षक व अन्य मौजूद थे।

---

## उद्घाटन: बरकट्ठा के विधायक ने किया पैक्स धान क्रय केंद्र का उद्घाटन

# क्रय केंद्र पर उचित मूल्य पर ही बेचें धान

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पंचायत गयपहाड़ी के ग्राम कलहाबाद में सुदर्शन किसान जागृति समिति एग्री प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के कार्यालय में पैक्स धान क्रय केंद्र का उद्घाटन विधायक अमित कुमार यादव ने फीता काट कर किया। विधायक ने कहा कि सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर झारखंड के किसानों से धान की खरीददारी सरकार 15 दिसंबर 2022 से शुरू कर दी है। किसान अब अपने धान की बिक्री अपने प्रखंड के किसी भी पैक्स में कर सकते है। सरकार द्वारा धान का न्यूनतम मूल्य 2050 रुपये



प्रति क्विंटल तय की है। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे बिचौलियों से बचे और अपने धान को औने-पौने दामों में ना बेचकर सरकार द्वारा स्थापित धान क्रय केंद्र को उचित मूल्य पर ही बेचे। विधायक ने उपस्थित सहकारिता पदाधिकारी व अध्यक्ष को निर्देशित किया की वे किसानों का धान क्रय विक्रय पारदर्शिता के साथ करायें तथा किसानों के बीच पैक्स से खरीद का प्रचार प्रसार ज्यादा से ज्यादा करावें। वहीं एफपीओ निदेशक हीरालाल प्रसाद ने कहा कि धान बेचने वाले किसान जिसका पंजीयन नहीं हुआ है वह जमीन का रसीद, आधार कार्ड, बैंक पासबुक का छायाप्रति मोबाइल नंबर, दो फोटो और प्रपत्र के साथ भरकर एफपीओ कार्यालय में जमा करना अनिवार्य है। मौके पर जिप सदस्य कुमकुम देवी, पंसस प्रतिनिधि छोटे लाल मेहता, एफपीओ निदेशक हीरालाल प्रसाद, बरकट्ठा भाजपा मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक, बेड़ोकला मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद, लीलाधर प्रसाद,कृष्णदेव प्रसाद, संजय कुमार, वचनदेव कुमार भारती, अनिल कुमार आजाद, तुलसी चौधरी, गुड़िया देवी, बीरेन्द्र मेहता समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## कंबल वितरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

### मानवता की सेवा करना जरूरी : निशि

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने वाली समाजसेविका निशी पांडेय ने सोमवार को ठंड को देखते हुए गर्म कपड़े और कंबल का वितरण किया। पतरातू के साथ ही हजारीबाग स्थित स्नेहदीप होली क्रॉस कम्यूनिटी केयर सेंटर परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहां आवासीय विद्यालय का संचालन किया जाता है जिसमें लगभग 170 बच्चे पढ़ते हैं। आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को ध्यान में रखते हुए यहां पर कंबल का वितरण किया गया। निशि पांडेय ने कहा कि यहां पढ़ने वाले बच्चों के माता-पिता आर्थिक रूप से कमजोर हैं। इसको देखते हुए आवासीय विद्यालय के बच्चों के बीच कंबल का वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि यहां पढ़ने वाले



बच्चे विशिष्ट हैं। उन्हें पढ़ाने और उनकी देखरेख करने वाले लोग भी मानवता की सेवा कर रहे हैं। पहली से आठवीं कक्षा तक के बच्चों को यहां पढ़ाया जाता है। उन्होंने कहा कि जीवन में कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। यहां के बच्चे भी कई तरह की समस्याओं से जूझ रहे हैं लेकिन संस्था ने एक नेक प्रयास करके उन्हें एक नई दिशा दिखाई है। उन्होंने बच्चों को शुभकामनाएं दी और हरसंभव सहायता की बात कही। संस्था की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## NEWS इन ब्रीफ

### शिविर लगाकर 59 लोगों का बनाया गया प्रशिक्षु ड्राइविंग लाइसेंस

**जलडेगा।** जलडेगा प्रखंड सह अंचल कार्यालय में मंगलवार को ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने हेतु जिला परिवहन कार्यालय द्वारा शिविर का आयोजन किया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी ओमप्रकाश यादव ने बताया कि सड़क सुरक्षा की दृष्टि से जिले में अधिक से अधिक लोग आकर लाइसेंस बनवा सके इसके लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिला परिवहन कार्यालय से आए बरनाबास सुरीन, राजेश कुमार ने बताया कि मंगलवार को शिविर में कुल 59 लोगों ने लर्निंग लाइसेंस हेतु आवेदन दिया।

### सड़क दुर्घटना में कैरो के युवक की यूपी में मौत

**कैरो/लोहरदगा।** थाना क्षेत्र के कैरो निवासी सोमा उरांव का 28 वर्षीय पुत्र बिनोद उरांव का उत्तरप्रदेश के आजमगढ़ में सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गया। परिजनों ने बताया कि बिनोद उरांव रोजी रोजगार की तलाश में आजमगढ़ स्थित इट भठ्ठा गया था। साप्ताहिक दिन बिनोद उरांव बाजार जा रहा था तभी रास्ते मे अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। सोमवार को शव बिनोद उरांव के पैतृक गांव कैरो भेज दिया गया जो मंगलवार को कैरो पहुंची जिसका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

### अर्धकुशल राजमिस्त्रियों का वेतन निर्धारण

**कैरो/लोहरदगा।** प्रखंड सभागार एव गृह निर्माण क्षेत्र में मंगलवार को 45 दिनों तक चलने वाले अर्धकुशल राजमिस्त्रियों को निर्धारण किया गया जिसमे प्रशिक्षण प्राप्त मिस्त्रियों की कार्यकुशलता की जांच की गई। मौके पर प्रक्षिक्षक सादाब अख्तर ने कहा कि राजमिस्त्रियों के कार्य क्षमता व गुणवत्ता में बढ़ोतरी के उद्देश्य राजमिस्त्रियों 45 दिनों तक गैर आवासीय निःशुल्क प्रशिक्षण दिया गया साथ ही साथ प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके राजमिस्त्रियों को प्रतिदिन 374 रु की दर से कुल 16830 रु प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत प्राश्रमिक के रूप मे दिया जाएगा। मौके पर जिला समन्वयक विजेंद्र कुमार, राहुल कुमार, अमन कुमार, दिनेश कुमार आदि उपस्थित थे।

### लैंगिक भेदभाव के विरुद्ध चर्चा का आयोजन

**सिमडेगा।** सिमडेगा शहरी क्षेत्र के वार्ड नंबर 5 के सामुदायिक भवन सलडेगा में मंगलवार को नई चेतना पहल बदलाव के तहत लैंगिक भेदभाव के विरुद्ध चर्चा का हुआ आयोजन। इस चर्चा बैठक का आयोजन एरिया लेवल फेडरेशन के द्वारा किया गया था जिसमें डे-एनयूएलएम की संसाधन सेवी विनिता कूजूर मुख्य रुप से उपस्थित थीं। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए घरेलु हिंसा अधिनियम 2005 की जानकारी देते हुए लैंगिक हिंसा को रोकने संबंधी व्यवस्थाओं के बारे सभी को विस्तारपूर्वक बताया। मौके पर गुड़िया देवी,जानकी देवी, आशा देवी, सुमन देवी, छोटी आदि महिलाएं उपस्थित थीं।

### विधिक सेवा प्राधिकार ने चलाया बानो डिग्री कॉलेज में जागरूकता

**बानो।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव के निदेर्शानुसार मंगलवार को मॉडल डिग्री कालेज बानो में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान मानव तस्करी, साइबर क्राइम, डायन प्रथा निषेध अधिनियम, पाक्सो अधिनियम, महिला उत्पीड़न, शिक्षा का अधिकार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा दी जाने वाली निःशुल्क विधिक सहायता एवं कार्य प्रणाली के विषय में विस्तृत रूप से जानकरी पीएलवी अशोक तिवारी द्वारा दी गई। कार्यक्रम में लैक्चरर डॉ हर्ष वर्धन, डॉ नीलम कुमारी, कुमारी प्रिया, गीता रानी कुजूर, उत्तम रॉबर्ट गुड़िया, अंजना केरकेट्टा एवं विद्यालय 92 छात्र, छात्राएं उपस्थित थे।

### लिंग आधारित हिंसा के विरूद्ध अभियान 'सहेंगे नहीं, कहेंगे' की शुरूआत के मौके पर डीसी ने कहा

# महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए शिक्षित और आर्थिक रूप से स्वावलंबी होना जरूरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि आज महिलाएं अगर असुरक्षित महसूस करती हैं तो उसके पीछे कुछ कारण हैं। इनमें शिक्षा और आर्थिक रूप से पिछड़ा होना एक कारण हो सकता है। आज महिलाएं असुरक्षित महसूस नहीं करें और वे सशक्त हों तो इसके लिए उनका शिक्षित होना और आर्थिक रूप से स्वावलंबी होना सबसे जरूरी है। जो महिला आज शिक्षित और अपने पैरों पर मजबूती से खड़ी हैं तो वे आत्मविश्वास से भरी होती हैं, खुद को सुरक्षित महसूस करती हैं। उक्त बातें उपायुक्त, लोहरदगा ने आज नया नगर भवन, लोहरदगा में ग्रामीण विकास विभाग और शहरी विकास विभाग द्वारा संयुक्त रूप से प्रारंभ किये जा रहे लिंग आधारित हिंसा के विरूद्ध अभियान 'सहेंगे नहीं, कहेंगे' की शुरूआत पर बतौर मुख्य अतिथि कही।



#### बच्चों को पढ़ाएं, किसी बंधन में ना रखें

उपायुक्त ने कहा कि बच्चों को अगर आगे बढ़ते हुए देखना है तो उसे किसी बंधन में ना बांधें। खासकर बच्चियां जहां पढ़ना चाहती हैं, उन्हें अवसर दें। लोहरदगा जिला प्रशासन द्वारा ऐसी बच्चियां जो 11वी या 12वीं कक्षा में पढ़ रही हैं और नीट/जेईई प्रवेश परीक्षा की तैयारी करना चाहती है तो उनके लिए निःशुल्क कक्षा की व्यवस्था की गई है। अगर लड़कियां पढ़-लिख कर डॉक्टर या इंजीनियर बनेंगी तो उनके अंदर असुरक्षा की भावना नहीं रहेगी।

इसी प्रकार जो ग्रेजुएट हैं और सरकारी नौकरी की तैयारी करना चाहती हैं उनके लिए जिला प्रशासन द्वारा निःशुल्क कोचिंग की व्यवस्था की गई है। उपायुक्त ने कहा कि आज महिलाओं का स्वयंसहायता समूह कोई ना कोई व्यवसाय कर रहा है। इसे और बड़ा रूप देने की आवश्यकता है। आप इसे और आगे बढ़ाएं। जो पैसा कमाएं उसे अपने बैंक खाते में रखें। आर्थिक रूप से मजबूत रहेंगी और सुरक्षित महसूस करेंगी।

#### पुलिस हमेशा आपके साथ : आर रामकुमार

कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार ने कहा कि पुलिस हमेशा आपके साथ है। आपको कोई भी समस्या हो तो आप अपने संबंधित थाना प्रभारी, महिला थाना या जिला के पुलिस अधीक्षक से सीधे शिकायत कर सकते हैं। आपको आर्थिक रूप से सशक्त होना चाहिए।

#### कानूनी सुविधाओं की जानकारी अवश्य रखें : राजेश कुमार

डालसा सचिव राजेश कुमार ने कहा कि डालसा, लोहरदगा द्वारा विभिन्न कानूनी सुविधाएं जिला में दी जा रही हैं, उनकी जानकारी आप अवश्य रखें।

महिला हिंसा से जुड़ी कानूनी सहायता प्रदान करने के लिए विभिन्न थानों में पारा लीगल वॉलेंटियर्स मौजूद हैं। आप उनसे कानूनी सहायता प्राप्त कर सकते हैं। आज के कार्यक्रम में नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी देवेंद्र कुमार, नगर प्रबंधक विजय कुमार, होप संस्था की मनोरमा एक्का समेत बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।

### उपायुक्त ने हरमू पंचायत में नये मतदाताओं से संबंधित सुपरचेकिंग की

**जिला** निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण के द्वारा सदर प्रखंड में हरमू पंचायत के नदिया ग्राम में नये मतदाताओं से संबंधित सुपरचेकिंग की गई। इस दौरान उपायुक्त द्वारा मतदाताओं के मतदाता संबंधी दस्तावेजों की जांच की गई और बीएलओ द्वारा बनाये गये मतदाता चेकलिस्ट से मतदाता के नाम का सत्यापन किया गया। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी नारायण राम, उपायुक्त के स्टेनो लाल बालकिशोर नाथ शाहदेव, बीएलओ अभिषेक हिमांशु, सुपरवाईजर रामजीत भगत समेत निर्वाचन कार्यालय के कर्मीगण उपस्थित थे।

### दुष्कर्म मामला : पुलिस की करवाई से नाखुश है पीड़ित परिवार



**नवीन मेल संवाददाता**

**जलडेगा।** थाना क्षेत्र ग्राम कोनमेरला बरटोली मामले में पुलिस की कारवाई से पिड़ित परिवार असंतुष्ट हैं। परिवार के सदस्यों का कहना है आरोपी पर कार्रवाई होनी चाहिए। पुलिस पोक्सो एक्ट के तहत द्विपक्षीय मामला दर्ज की है लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। पिडित परिवार के लोग डर के साए में जीवन जी रहे हैं, घटना के बाद मिली धमकी के बाद से पीड़ित परिवार वालों की रोजमर्रा की जिंदगी ही बदल गई है। रात कहीं और गुजारते हैं तो दिन कहीं और काटने को मजबूर है।घटना को चार दिन दिन गुजर गए लेकिन पिडित परिवार को मेडिकल सुविधा नही दी गई, दुर्गा लोहरा ने बताया कि मार पड़ने के कारण एक कान से सुनाई नहीं दे रहा है। वहीं पिताजी को मार पड़ने से वो दाहिनें हाथ से अपंग एवं पैर से लंगडा रहें हैं। पीड़ित परिवार के घर में खाने के लाले हो गए हैं। कई बार आवेदन देने के बाद भी परिवार का राशन कार्ड नही बन पाया। बताते चलें की पीड़ित परिवार के पास जॉब कार्ड नही होने से वो दिहाड़ी मजदूर करने को विवश हैं। परिवार आज भी नरेगा से वंचित है। परिवार रोजाना मजदूरी कर जीवन यापन करते हैं परिवार के पास राशन कार्ड, जॉब कार्ड यहां तक कि एक दो लोगों के पास आधार कार्ड भी नही है। गरीबी के कारण दुर्गा और उसकी 13 वर्षीय बहन दोनों बच्चे शिक्षा से वंचित हैं। मामले की वस्तु स्तिथि को जांचने गए पत्रकार परिवार संघ को जब यह बात पता चली की उनके पास राशन कार्ड तक नही है और शाम को खाने के लिए घर में चावल भी नही है, तो तत्काल पीड़ित परिवार को एक बोरा चावल उपलब्ध कराया गया।

## विद्या भारती प्रतिभा चयन व प्रतिभा खोज की मुख्य परीक्षा आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में विद्या विकास समिति झारखंड द्वारा आयोजित गुमला विभाग की प्रतिभा खोज और प्रतिभा चयन की मुख्य परीक्षा का आयोजन हुआ। विद्या भारती प्रतिभा चयन की मुख्य परीक्षा प्रातः 10:30 बजे प्रारंभ हुई। द्वितीय पाली में विद्या भारती प्रतिभा खोज की परीक्षा 12:00 बजे से प्रारंभ हुई। इस परीक्षा में पर्यवेक्षक के रुप में साहिबगंज विभाग के सह विभाग प्रमुख रमेश कुमार उपस्थित थे। इस परीक्षा में सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर गुमला, सरस्वती शिशु /विद्या मंदिर सिसई ,शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा, सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा एवं सरस्वती शिशु/ विद्या मंदिर कैरो के कुल चयनित 59 भैया-बहन सम्मिलित हुए। इस अवसर पर लोहरदगा



संकुल के संयोजक शशिधर लाल अग्रवाल, विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य सह संकुल प्रमुख विपिन कुमार दास, शिशु मंदिर लोहरदगा के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे, महेंद्र मिश्रा, मधुमिता शर्मा, गीता टोप्पो एवं गणेश कुमार उपस्थित रहे। वंदना सभा में प्रांतीय पर्यवेक्षक रमेश कुमार ने दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन किया। तत्पश्चात विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य विपिन कुमार दास ने रमेश कुमार को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। सभी भैया-बहन परीक्षा में सम्मिलित होकर अत्यंत हर्षित एवं उत्साहित दिखे।

## तीन दिवसीय रामकथा का हुआ आयोजन

**बानो।** प्रखंड के रायकेरा में एकल अभियान श्री हरि सत्संग समिति सिमडेगा के तत्वाधान में तीन दिवसीय राम कथा का आयोजन हुरदा मंच की ओर से किया गया। कथा वाचिका यशोदा कुमारी एवं निर्मला कुमारी द्वारा सनातन धर्म की महत्ता को विस्तृत रूप से लोगों को समझाया राम कथा में भगवान के चरित्र एवं उनके द्वारा आसुरी शक्ति को समाप्त कर धरती पर रामराज्य स्थापित किये, कथा वाचिका यशोदा कुमारी ने भगवान राम के मयार्दा पुरुषोत्तम का चित्रण करते हुए लोगो को अपने धर्म के प्रति जगरुक करते हुए उनकी जीवनी को आत्मसात सच्चे मार्ग पर चलने की बात कही इसी में सनातन धर्म एवं विश्व का कल्याण होगा। कार्यक्रम में घनश्याम सिंह, घूरन सिंह, गोपाल दास, सुंदर साहू, विक्रम सिंह, फितुंग सिंह, दर्शन मांझी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

## सिमडेगा में निकाली गयी क्रिसमस शोभा यात्रा लाइव कार्निवल पर झूमे युवक-युवती

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा में ऑल कार्निवल कमेटी की ओर से मंगलवार को क्रिसमस शोभायात्रा सह लाइव कार्निवल निकाली गई। कांग्रेस नेता दिलीप तिर्की के नेतृत्व में निकली शोभायात्रा अलबर्ट एक्का मैदान से शुरू हुई।जो कचहरी परिसर, झूलन सिंह चौक, बस स्टैंड, महावीर चौक, नीचे बाजार पेट्रॉल पंप होते हुए प्रिन्स चौक होकर पुनः अलबर्ट एक्का स्टेडियम पहुंची। शोभायात्रा के माध्यम से जिले वासियों को क्रिसमस और नव वर्ष की शुभकामना दिया। शोभायात्रा में शामिल लोग शंता क्लॉज की टोपी पहने हुए प्रभु येसु के भक्ति गीतों में थिरकते-झूमते हुए चल रहे थे। साथ ही प्रभु येसु की चरनी को एक वाहन में सजाते हुए झांकी एवं क्रिसमस कैरोल द्वारा लोगों को



संदेश दिया गया। इस दौरान वाहन में लाइव कैरोल गाते हुए युवक-युवतियों को झूमने पर मजबूर कर दिया। मौके पर दिलीप तिर्की ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य क्रिसमस में युवाओं को प्रभु येसु के प्रति उनके प्रेम में बढ़ने और संगठित करना है। उन्होंने कहा कि क्रिसमस का पर्व आपसी, प्रेम और भाईचारा का संदेश देता है। उनका कि प्रत्येक वर्ष प्रकार के कार्निवाल का आयोजन करने के एकमात्र उद्देश्य के समाज के सभी लोगों को मिल जुलकर एकता भाईचारे का भी संदेश देना है। मौके पर इग्नेश तिर्की, जॉनसन मिंज, अनिल खेस पतरस एक्का, विशाल तिर्की, नॉमिता बा, ओलिवर लकड़ा, मुकुल बरला, विकास कंडुलना, एमानुवेल कुजूर, इस्माइल केरकेट्टा, पूर्व विधायक बसन्त कु लौंगा सहित सैकड़ों की संख्या में युवक युवतियां शामिल रहे।

## बानो थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

**बानो।** क्रिसमस एवं नव वर्ष को लेकर बानो थाना परिसर में मंगलवार को प्रमुख सुधीर डांग, थाना प्रभारी प्रभात कुमार की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक हुई। थाना प्रभारी ने उपस्थित जन प्रतिनिधियो से अनुरोध करते हुए कहा कि त्योहार को खुशी पूर्वक मनाया जाय लेकिन आपके आस पास अवैध रूप से शराब बनाये जाने पर प्रतिबंध लगाने में सहयोग करें उन्होंने कहा कि पुलिस प्रसासन इसके लिए कृत संकल्प है। अवैध शराब बनाने को रोकने के लिये छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है, नशे में बाइक चलाने पर दुर्घटना बफह गई है जिससे कितनी जिंदगी समाप्त हो जा रही है पुलिस प्रशासन से जो सहयोग चाहिए मिलेगा। 1 जनवरी को प्रखंड के सभी पिकनिक स्थल में थाना के पुलिस पदाधिकारी, निगरानी रखी जाएगी। वाहन चालक हेलमेट पहन कर चले। मौके एसआई कामेश्वर उरांव, बीस सूत्री अध्यक्ष बिदेशिया बड़ाईक, आदि लोग उपस्थित थे।

## अफरोज ने अवैध कब्जा हटवाने की लगायी गुहार

**नवीन मेल संवाददाता**

**किस्को/लोहरदगा।** जिले के किस्को अंचल क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत अरेया के निरहू निवासी अफरोज अंसारी पिता स्वर्गीय सिकंदर अंसारी ने अंचलाधिकारी बुडाय़ं सारू के समक्ष ग्रामीणों का हस्ताक्षरयुक्त आवेदन देकर निरहू ग्राम निवासी सकूर अंसारी के द्वारा सरकारी रास्ते पर जबरन अवैध कब्जा कर मवेशी गुहाल व घर बनाकर और पेड़ लगाकर अवैध रूप से कब्जा किया हुआ जमीन को हटवाने की मांग रखी है। इधर सीओ को दिये गये आवेदन में अफरोज अंसारी ने उल्लेख किया है कि हमारे घर के समीप एक कच्ची सड़क कई पीढीय़ों से है और उक्त सड़क पर एक गोहाल घर व एक गड्ढा एवं पेड़ जो लोगों के लिए बड़ी समस्या बनी हुई है। इन्होंने सीओ बुडाय़ं सारू को दिये गये आवेदन में कहा है कि इन सभी परेशानियों का मुख्य वजह है गांव के ही सकूर अंसारी जो सरकारी जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर गोहाल घर व अन्य तरीके से कब्जा जमाकर लोगों के समझाने पर उल्टा रौब दिखाकर लड़ाई करने पर उतारू हो जाता है। आगे आवेदन में अफरोज अंसारी ने कहा है कि सकूर अंसारी गांव की शांति व्यवस्था को भंग करने की कोशिश कर रहा है। अफरोज अंसारी के द्वारा लिखित आवेदन में कहा गया है कि मामले की छानबीन कर गांव वालों के हित में सुलझाया जाये ताकि भविष्य में लोगों को किसी तरह की परेशानियों का सामना न करना पड़े। इधर सीओ को दिये गये आवेदन में अफरोज अंसारी के अलावा ग्राम पंचायत अरेया की मुखिया यशोदा उरांव ने भी सत्यापन किया है। साथ ही हफीज अंसारी, फिरोज अंसारी, नूर हसन नुरूल्लाह, जवेल, समसुल अंसारी, अयुब अंसारी, मंसुर, अतवला खान एवं मंसूर अंसारी आदि ने भी उक्त आवेदन पर हस्ताक्षर कर सीओ से न्याय की गुहार लगाया है।

## चयन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिला एथलेटिक एसोसिएशन के द्वारा बी एस कॉलेज मैदान में दो दिवसीय 20 और 21 दिसंबर 2022 को इंटर डिस्ट्रिक्ट चैंपियनशिप और जूनियर नेशनल के लिए चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चयनित प्रतिभागी आगामी 11 जनवरी 2023 से 14 जनवरी 2023 तक बिहार के पटना में आयोजित इंटर डिस्टिक एथलेटिक मीट में भाग ले सकेंगे। पहला दिन के कार्यक्रम मे अंडर 14 बालिका 600 मीटर रेस में क्रमानुसार सूरजी उरांव, प्रेरणा पन्ना और सुनीता उरांव ने स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग में शोभित उरांव, सुकेस उरांव और रोशन उरांव ने स्थान प्राप्त किया। अंडर 16 के बालक वर्ग 1500 मीटर रेस में सूरज कुमार, रामविलास पासवान और छोटू उरांव ने स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में जयश्री उरांव, अंडर 20 आयु वर्ग के पुरुष वर्ग के 15 मीटर रेस में मंजय उरांव, कुंदन कुमार साहू और राहुल उरांव ने स्थान प्राप्त किया। बालिका ग्रुप में सुरखी कुमारी, सीता कुमारी साहू और रिया कुजुर ने स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता की सफलता हेतु ऑफिशियल के तौर पर राष्ट्रीय एथलीट संतोष राम, विनय उरांव, सुनील साहू, तबारक हुसैन अंसारी, वीरेंद्र गोप, निलेश कुमार तमेड़ा, विनोद महली, गुलशन उरांव, नेहा कुमारी, आदि मौजूद थे।

### आयोजन | जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की समीक्षात्मक बैठक

# गांव स्तर पर सफल संचालन कराएं : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त आर. रॉनीटा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में उपायुक्त ने जिले में आधार निर्माण से सम्बंधित कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने जिला व प्रखंड पंचायतों में कितना सीएससी सेन्टर है जिसकी जानकारी ली। साथ ही प्रखंड व पंचायत स्तर पर संचालित आधार सेवाओं की स्थिति की भी विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने जिले में 5 वर्ष से अधिक उम्र के बच्चों का अनिवार्य बायोमैट्रिक अपडेट कराने हेतु स्कूलों में जब अभिभावकों की संगोष्ठी का आयोजन किया जाता है जिसमें बच्चों का बायोमैट्रिक अपडेट कराने से संबंधित सूचना देने की बात कहीं। समिति के द्वारा बताया गया कि सभी सिमडेगा जिले के निवासी द्वारा आधार कार्ड बनवाया गया है जिसमें यदि 5 से 10 वर्ष



हो चुका और अब तक उस आधार कार्ड में कभी भी कोई अपडेट नहीं कराया गया है तो उनका आधार कार्ड रद्द हो जायेगा। जिसके तहत उपायुक्त ने ग्रामीणों के बीच अपना एक पहचान पत्र के साथ प्रज्ञा केंद्र पर आधार कार्ड अपडेट कराने, सुधार कराने एवं आधार कार्ड पर मोबाइल नम्बर जुड़वाने से सम्बंधित कार्यों की प्रखंड, पंचायत व सुदूरवर्ती क्षेत्रों में व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने जिले में संचालित आधार सेवाओं को सभी पंचायत व गांव स्तर पर सफल संचालन कराने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्देश दिये। बैठक में उप विकास आयुक्त, अरूणा वाल्टर सांगा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी राजेंद्र प्रसाद सिंह, पोस्ट मास्टर, प्रधान डाकघर, इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक मैनेजर, प्रोजेक्ट मैनेजर यू.आई.डी.ए.आई., डीपीओ यू.आई.डी, सीएससी मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग के डीपीएम व अन्य उपस्थित थे।

### अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी ने केशलपुर स्कूल का किया निरीक्षण, सुविधाओं की ली जानकारी

**पाकरटांड।** अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी बादल राज ने मंगलवार को राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय केसलपुर का भ्रमण किया इस दौरान उन्होंने प्रातकाल पुलिस अंकल टुटोरिअल कक्षा में दसवीं बोर्ड के बच्चों को अंग्रेजी पढ़ाया उसके बाद विद्यालय का निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने प्रार्थना में भाग लेकर कक्षाओं में पठन-पाठन की भी निरीक्षण करते हुए जानकारी प्राप्त की। उन्होंने विद्यालय में संसाधनों की कमी के बावजूद जिस प्रकार से यहां पर संचालन की व्यवस्था जा रही है उसकी उन्होंने तारिफ की। विद्यालय के बच्चों को उन्होंने अपना परिचय देने को कहा बच्चों का जवाब सुनकर उन्होंने विद्यालय की प्रशंसा की। बच्चों से बातचीत और कक्षा में अनुश्रवण में उन्हें बच्चों को पढ़ाई के कई टिप्स दिए उन्होंने मध्यान भोजन की तैयारियों का जायजा लेते हुए किचन गार्डन के विकास पर सुझाव दिया साथ साथ उन्होंने विद्यालय के खेल के मैदान का निरीक्षण करते हुए उन्होंने चार पांच खेलों के कोर्स के विकास के लिए निर्देश दिया। विद्यालय में गार्डन के विकास का सुझाव देते हुए विद्यालय के संचालन की तारीफ की।



## दो पक्षों में मारपीट, दोनों ओर से थाना में मामला दर्ज



**नवीन मेल संवाददाता**

**कैरो/लोहरदगा।** थाना में मंगलवार को दो पक्षों ने एक-दूसरे पर गली गलौज मारपीट व डायन बिसाही कहने का आरोप लगा प्राथमिकी दर्ज कराई है। पहला मामला में थाना क्षेत्र के हनहट गांव निवासी जबीना खातून पति रजीबुल खान ने गांव के ही ईदुल खान,जमाल खान पिता स्व इराब खान,फिरोज खान अफरोज खान,पिता ईदुल खान,नौशाद खान, सगीर खान,सरताज खान, रईस खान, मो शरीफ खान,पिता सदुल खान,याकूब खान,मुंताजिर खान, पिता राशिद खान व साहिना खातून पति याकूब खान के द्वारा डायन बिसाही कहकर मारपीट करने लगे। मेरे परिवार वाले बीच बचाव करने लगे तो उन लोगो को भी मारपीट किया गया जिससे मेरे पति राजीबूल खान, संमसाद खान सहित बच्चों को चोट आई। इस मामले मे थाना कांड संख्या 53/22 धारा 325,504,506,34 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर लिया गया। वहीं हनहट निवासी साहिना खातून पति याकूब खान ने भी जबीना खातून पति राजू खान,राजू खान पिता सिकंदर खान व उनके परिवार के सदस्य द्वारा गली गलौज घर में घूंसकर मारपीट करने व पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए लिखित आवेदन दिया।जिसके आधार पर कैरो थाना कांड संख्या 54/22 धारा 354,323,504,506,34 आईपीसी के थी मामला दर्ज कर आगे का करवाई में जुट गई है।

## NEWS इन ब्रीफ

### पलामू एसपी के आदेश पर वाहन चेकिंग अभियान चला

**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी चंदन सिन्हा के आदेश पर ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह के नेतृत्व में छह मुहान चौक के पास सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान ट्रैफिक प्रभारी व जवानों के द्वारा सभी दोपहिया वाहनों को रोककर वाहन के कागजात की जांच की गई। जिन वाहन चालकों के पास कागजात नहीं पाया गया उनके वाहन को फाइन के लिए डीटीओ के पास भेजा गया। वहीं सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार के नेतृत्व में सदर थाना क्षेत्र में सभी दो पहिया चार पहिया वाहनों को रोककर उसकी तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान जिन वाहनों के कागजात नहीं पायेगा उसे थाना भेज दिया गया। वहीं मौके पर उपस्थित सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार ने कहा कि लाख मना करने के बाद भी मोटरसाइकिल चालक बिना हेलमेट के वाहन चला रहे हैं।

### वार्ड पार्षद ने 12 लाभुकों को दिया गैस सिलेंडर

**मेदिनीनगर।** शाहपुर वार्ड पार्षद चंचला देवी और समाजसेवी विजय चंद्रवंशी ने अपने आवासीय कार्यालय में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत वैष्णवी गैस एजेंसी के द्वारा 12 लाभुकों के बीच एचपी गैस का वितरण किया। मौके पर उपस्थित वार्ड पार्षद चंचला देवी ने कहा की मेरी कोशिश है। सरकार की जितने भी महत्वकांक्षी योजना है। वह मैं अपने क्षेत्र में धरातल पर उतारने की काम करूं। मेरे क्षेत्र के कोई भी लाभुक वंचित ना बचे।

### आयोग में फिर से डीवी शुरू आज से

**मेदिनीनगर।** पलामू सहित अन्य जिलों के अभ्यर्थियों का आज से जेएसएससी में 2 दिसंबर को स्थगित प्रमाण पत्रों की जांच शुरू किया जाएगा। उसके साथ ही हाई स्कूल में बने मूल याचिकाकर्ता के प्रमाणपत्रों की भी जांच का कार्यक्रम शुरू होगा। आज से 30 दिसम्बर तक अलग अलग विषय के अभ्यर्थियों को आयोग के द्वारा निर्धारित समय में बुलाया गया है। सभी अभ्यर्थियों को सभी मूल प्रमाणपत्र के साथ आयोग बुलाया गया है। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट के 15 दिसम्बर के आदेश के अनुसार नियुक्ति प्रक्रिया पूरी की जानी है। जिसमे लगभग नौ हजार पदों पर नियुक्ति की जानी है। ये प्रक्रिया बिगत 5 सालों से चल रही है।

### सदर अस्पताल से मरीज के परिजन का मोबाइल चोरी

**मेदिनीनगर।** सदर अस्पताल में प्रतिदिन मरीजों का मोबाइल चोरी हो रहा है। मंगलवार की सुबह 3:00 बजे सदर अस्पताल में एक व्यक्ति का मोबाइल चोरी हो गया। जानकारी के अनुसार सदर थाना क्षेत्र के ग्राम चियांकी निवाशी दुखराज राम का पुत्र छोटू कुमार मंगलवार को अपनी मां को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लेकर आया था। वह इलाज के लिए अपने मां को भर्ती कराया था। इस बीच मंगलवार की सुबह बेड से उसका मोबाइल चोरी हो गया। वहीं दूसरी घटना सोमवार की है। एक नर्स सहित दो लोगो का भी मोबाइल चोरी हुआ है। इस मोबाइल चोरी की घटना से मरीज और मरीज के परिजन काफी चिंतित हैं। पिछले दिनों नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति का पाकिटमारो द्वारा पर्स चोरी कर ली गयी थी। जिसका अभी तक कुछ पता नहीं चल पाया है।

### संत गाडगे महाराज को दी गई श्रद्धांजलि

हुसैनाबाद। संतो के संत महासंत, समाज सुधारक व स्वच्छता अभियान के जनक गाडगे जी महाराज की पुण्यतिथि पर मंगलवार को मनाई गई। हुसैनाबाद व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा के जपला धरहरा स्थित आवास पर इस कार्यक्रम के आयोजन में गाडगे जी के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

# इंतजार : सैलानियों के स्वागत के लिए तैयार गुरुसिंधु जलप्रपात




**कई राज्यों के पिकनिक के लिए आते है सैलानी**

**करोडो रुपए की लागत से पहुंच पथ का निर्माण भी सरकार की ओर से कराया जा रहा**

**मकर सक्रांत पर गुरसिंधु जलप्रपात में सन 1952 से लगता आ रहा है मेला**

## अलौकिक दृश्यों को देख मंत्रमुग्ध हो जाते है लोग, नव वर्ष पर उमड़ते है सैलानी

छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश तथा झारखंड के कई जिलों से लोग गुरूसिंधु जलप्रपात आते है। यह जलप्रपात चिनियां प्रखंड मुख्यालय से महज 15 किमी दूरी पर है। जबकि जिला मुख्यालय से पहुंचने के लिए श्री बंशीधर नगर, धुरकी होते हुए पहुंचा जा सकता है। वहीं रंका अनुमंडल से पहुंचने के लिए चिनियां चपकली होकर पहुंचा जा सकता है, जिसकी दूरी 40 किलोमीटर है।



**हेमंत कुमार**

**चिनियां/गढ़वा।** नव वर्ष का स्वागत करने के लिए गढ़वा जिला का पर्यटन स्थल गुरु सिंधु जल प्रपात पर्यटकों के लिए पूरी तरीके से तैयार है। बताते चलें कि चिनिया प्रखंड स्थित डोल पंचायत के ग्राम चपकली से सटे गुरूसिंधु जल प्रपात की एक अलग ही पहचान है। इस जलप्रपात की लोग एक झलक पाने के लिए व्याकुल हो जाते हैं, यह जलप्रपात छत्तीसगढ़ के सीमा से सटे झारखंड के चिनियां प्रखंड के डोल पंचायत के चपकली के जंगलों में अवस्थित है। यहां का झील प्रकृति का दिया हुआ अनमोल वरदान है। इसकी छटा बड़े-बड़े राजा महाराजाओं के किले की तरह नदियों के दोनों तरफ दूधिया रंग की पथरों से मेल खाती हुई नजर आती है। प्राकृतिक रूप से बने यह झील से रंग-बिरंगे की फुहार निकालकर बहते हुए पानी में समा जाती है। जिसे देख पर्यटकों मंत्रमुग्ध हो जाते हैं। बताते चलें कि प्रत्येक वर्ष मकर सक्रांति के दिन 14 जनवरी को सन 1952 से यहां मेला लगता आ रहा है।

## भ्रष्टाचार : कूप निर्माण कार्य में बिचौलिया एवं पदाधिकारियों के मिलीभगत

# आधा काम, पैसा पूरा !

### फर्जी मजदूर के नाम पर निकाली जा रही मनरेगा योजना की राशि

**नवीन मेल संवाददाता**

**बड़गड़/गढ़वा।** प्रखंड के सदर पंचायत में मनरेगा योजना में किए गए कार्य के अनुपात में बिचौलिया एवं पदाधिकारीयों के मिली भगत से ज्यादा राशि का भुगतान किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। लाभुक के शिकायत पर सदर पंचायत के बढ़नी गांव में वित्तीय वर्ष 2020 - 21 में स्वीकृत गणेश यादव के खेत में कूप निर्माण कार्य का राष्ट्रीय नवीन मेल द्वारा किए गए पड़ताल में भारी अनियमितता बरते जाने का खुलासा हुआ है। पड़ताल के दौरान पूछताछ के क्रम में लाभुक गणेश यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि मेरे खेत में बिना मुझे जानकारी दिए गांव के ही किसी व्यक्ति के द्वारा कूप निर्माण का कार्य कराया जा रहा था कार्य की गुणवत्ता भी काफी खराब होने की वजह से मैंने इसका विरोध भी किया है। जहां तक कार्य के एवज में ज्यादा राशि निकाले जाने की बात है। इस संबंध में हमें किसी तरह की जानकारी नहीं है। कूप निर्माण योजना में गड़बड़ी की शिकायत पर राष्ट्रीय नवीन मेल के पड़ताल में एम नरेगा नाइस इन झारखंड के वेबसाइट से जो जानकारी उपलब्ध हुई इसके मुताबिक कूप निर्माण योजना के निर्माण की कुल स्वीकृत राशि 370507 है। जबकि उक्त योजना में कार्य करा रहे व्यक्ति के द्वारा 309996 रूपए का भुगतान ले लिया गया है। योजना में जो कार्य कराया गया पड़ताल में पाया गया कि कुप निर्माण कार्य में जमीन के लेवल से 20 से 21 फीट गहरा तथा लगभग दो फिट ऊपर सीमेंट, छर्री एवं बालू मटेरियल से किनारा बांधने का कार्य किया गया है। कूप निर्माण का चरण भी तैयार नहीं किया गया है। कार्य करा रहे व्यक्ति के द्वारा किए गए कार्य के मुताबिक एक लाख से अधिक की राशि का भुगतान लेकर कूप निर्माण कार्य को अधूरा पिछले 6 माह से छोड़ दिया गया है। उक्त योजना में कार्य करा रहे व्यक्ति द्वारा मजदूरी मद का 149625 तथा सामग्री मद से 148297 तथा मेट का मजदूरी 12038 रुपया का भुगतान ले लिया गया है।

**बिना जानकारी दिए कूप निर्माण किया जा रहा था : लाभुक गणेश यादव**



**कूप निर्माण योजना के निर्माण की राशि**

**स्वीकृत राशि : 370507**

**निकासी राशि : 309996**

अभी तक हमारी जानकारी में नहीं है मैं तत्काल योजना का एमबी बुक मंगा कर जांच करूंगा तथा गलत पाए जाने पर संबंधित लोगों पर कार्रवाई करूंगा।

**-हाशिम अंसारी, बीपीओ ।**

मामला मेरे संज्ञान में आया है। मैं जल्द जांच कर इस पर कार्रवाई करूंगा।

**-विपिन भारती, बीडीओ।**

### फर्जी लेबर कार्ड का इस्तेमाल

पड़ताल में मनरेगा के तहत चल रहे योजनाओं में फर्जी लेबर कार्ड का इस्तेमाल कर राशि की निकासी किए जाने का मामला उजागर हुआ है। पड़ताल में जो तथ्य सामने आए हैं। उसके मुताबिक उपेंद्र यादव नामक मनरेगा मजदूर जिसका जॉब कार्ड संख्या 2021 का विभिन्न योजनाओं में डिमांड लगाकर मास्टर रोल के माध्यम से 14076 रुपए का भुगतान उक्त मनरेगा मजदूर के खाते में की गई है। जबकि बढ़नी गांव में उपेंद्र यादव पिता देवनारायण यादव नामक व्यक्ति जिसका जॉब कार्ड संख्या 2021 है। इस नाम का कोई व्यक्ति गांव में नहीं है। गांव के देव नारायण यादव से संपर्क करने पर उनके द्वारा बताया गया कि उपेंद्र यादव नाम का उनका कोई लड़का नहीं है मेरे 3 पुत्र हैं तीनों में से किसी का यह नाम उपेंद्र यादव नहीं है। पड़ताल में पाए गए तथ्यों के मुताबिक साफ जाहिर होता है कि मनरेगा योजना में फर्जी लेबर कार्ड बनाकर मजदूरी की राशि फर्जी तरीके से निकाली जा रही है।

## सख्ती : पैसा लेकर कार्य नहीं करने वाले लाभुकों पर दर्ज होगा मुकदमा

**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत अरसली(दक्षिणी) में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निमार्णाधीन आवासों का निरीक्षण बीडीओ जयपाल महतों एवं प्रखंड पर्यवेक्षक(आवास) सिराज अहमद के द्वारा किया गया। पर्यवेक्षण के दौरान वैसे लाभुक जो 1वर्ष से पैसा लेकर कार्य नही कर रहें है उन्हें चिन्हित कर मुकदमा दर्ज करने हेतु प्रखंड पर्यवेक्षक(आवास) सिराज अहमद को निर्देश दिया। वही जो लाभुक आधा अधूरा कार्य कर कार्य को रोक दिए है उनको लिखित नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। बीडीओ ने कहा कि लापरवाह लाभुकों को 3 नोटिस के बाद राशि रिकवरी की कार्यवाई की जाएगी,जबकि 2 नोटिस पूर्व में ही कि जा चुकी है।

पर्यवेक्षण के दौरान ही बनखेता स्थित हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर को बंद पाया गया। इस पर ग्रामीणों से पूछने पर बताया गया कि अस्पताल की अठट सरोज कुमारी सिर्फ प्रसूति हेतु ही आती हैं वो भी फोन करने पर बाकी दिन अस्पताल बंद ही रहता है, इस संबंध में इञ्ड के द्वारा प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को सूचित किया और विभागीय कार्यवाई की बात कही।

पर्यवेक्षण टीम में सोनाकिशोर यादव,रोजगार सेवक शशि कुमार,दिलीप ठाकुर,उपेंद्र यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### दो दिनों के कार्य शुरू करने का निर्देश

पर्यवेक्षण के दौरान लाभुक विनय यादव, नागेंद्र यादव,देवकुमार यादव, अशोक यादव,संजय यादव, असरईत भुइयां, सुकन भुइयां, सावित्री देवी, उमेश राम, अमिला देवी, लालती देवी, रामजी साह, गुड़िया देवी, लालबहादुर यादव, पुकार राम सहित अन्य लाभुकों को 2 दिन के अंदर कार्य शुरू करने का निर्देश दिया और इसकी रिपोर्ट करने हेतु स्वयंसेवक विजय यादव,संतोष साह,एवं ललिता देवी को निर्देशित किया।

## लातेहार की राणा बहनों ने जीता सर्च टैलेंट शो का ग्रैंड फिनाले सीजन 5

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** इंडियाज रियलिटी शो बेस्ड सर्च टैलेंट सीजन 4 व 5 का ग्रैंड फिनाले पलामू के पुलिस स्टेडियम में पिछले 18 दिसम्बर को मध्य रात्रि संपन्न हुआ। जिसमें एक से बढ़कर एक हुनर को पहचान मिली। इस बार के सीजन में कई कंटेस्टेंट ने अपने स्टंट, सिंगिंग, मॉडलिंग, क्विज ,डांस से जजों के साथ ऑडियंस का भी दिल जीत लिया । मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के माटी कला बोर्ड सदस्य अविनाश देव एवं विशिष्ट अतिथि उप महापौर मंगल सिंह ने लातेहार जिले के नाव्या राणा और राणा अनन्या दोनों बहनों को इस पुरस्कार के लिए शुभकामनाएं दी। अविनाश देव ने कहा कि आज अभिभावकों को अपने बेटे बेटियों की फिक्र नहीं बल्कि उनपर फक्र करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस शो को देखने के बाद लगा कि सचमुच यह टीवी चैनलों पर आने वाले एक रियलिटी शो के जैसा ही है । जहाँ आज बड़े शहरों में इस तरह के प्रतियोगिताओं को कराकर छुपी हुई प्रतिभा की खोज करते हैं , आज पलामू जैसे जगहों पर सर्च टैलेंट शो का सीजन 5 संपन्न करा कर इस जगह के लोगों ने यह साबित कर दिया है कि संभावनाएं यहाँ भी हैं। जरूरत है तो सिर्फ छिपी हुई प्रतिभा को निकालने की और निखारने की । इस शो में दूर दूर से प्रतिभागियों ने आकर भाग लिया। पलामू, लातेहार, गढ़वा ,रामगढ़, रांची, बनारस, दिल्ली तक से भी बच्चे इसके प्रतिभागी बने। इस शो को मुंबई से आये म्यूजिक डाइरेक्टर रतन रवानी, पलामू प्रमंडल के प्रसिद्ध शास्त्रीय संगीतज्ञ सूरज कुमार मिश्रा, रांची से आये अचिन्त्य बैंड के संचालक श्रीकांत कुमार, रांची के प्रसिद्ध डांस कोरियोग्राफर सचिन राजपूत, फेमस एक्ट्रेस मुनमुन चक्रवर्ती व अनमोल इंटरटेनमेंट बैनर के फिल्म मेकर प्रवेश दुबे ने जज किया।



### गिद्धौर में लोगों को डायन प्रथा के प्रति किया जागरूक

गिद्धौर (चतरा)। मंगलवार को प्रखंड के मुख्य चौक पर समाज कल्याण विभाग के तत्वधान में नुक्कड़ नाटक आयोजित कर डायन प्रथा पर नाट्यकला डहुरी के कलाकारों द्वारा लघु नाटक प्रस्तुत कर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस क्रम में कलाकारों द्वारा डायन भूत के चक्कर में कितनी जिंदगी बर्बाद हो रही है, इसकी विस्तृत जानकारी लोगों को दी गई। ओझा गुनी के द्वारा भोली भाली ग्रामीणों को कैसे अपने झांसे में लेते हैं। इसका भी बखूबी उदाहरण दिया। ग्रामीणों को डायन प्रथा पर विश्वास नहीं करने के साथ आपसी समन्वय बनाने की अपील भी की गई। नुक्कड़ नाटक में बीरेंद्र कुमार राय, राम चरित्र राय, नागेश्वर राजा, युगेश्वर यादव, दिलचन्द यादव, शुभम राय, राकेश दास, कैलास कोहली सहित अन्य शामिल थे।

### निरीक्षण : उपायुक्त अबु इमरान पहुंचे कुंदा व लावालौंग प्रखंड

## समस्याओं का निष्तारण करें:इमरान

**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा/कुंदा।** उपायुक्त अबु इमरान मंगलवार को जिले के अति उग्रवाद प्रभावित कुंदा व लावालौंग प्रखंड पहुंच कर सरकार द्वारा संचालित कार्यक्रमों व योजनाओं का जायजा लिया। साथ ही संबंधितों को कई अवष्यक दिषा निर्देष भी दिए। इस दौरान उपायुक्त कुंदा स्वास्थ्य केंद्र, प्रखंड कार्यालय, अंचल कार्यालय आदि का निरीक्षण किया। वहीं ग्रामीण क्षेत्र से अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर आए ग्रामीणों से मिलकर उनकी समस्याओं से अवगत होते हुए निष्पादन करने का प्रखंड कर्मियों को निर्देशित किया। वही गुड्डू राम व भोला राम ने उपायुक्त को आवेदन देकर रजिस्टर टू में छेड़छाड़ के मामलें में जांच की मांग की। वही पदाधिकारियों को ससमय कार्यालय में उपस्थित रहने व कार्यों का निष्पादन करने का निर्देश उपायुक्त ने दिया। जबकि प्रखण्ड कार्यलय पहुंचे बुजुर्ग व्यक्ति से मिलकर उनका हाल-चाल जाना व ठंड से बचाव को लेकर कंबल प्रदान किया। इसके साथ ही प्रखण्ड कार्यलय कक्ष मे मुखिया से बातचीत के दौरान उपायुक्त ने कहा सरकारी नियमों में रहकर पंचायत क्षेत्र मे जरूरत के हिसाब से विकास कार्य को गति दे। निरीक्षण के दौरान बीडीओ खगेश कुमार, बीपीओ राजेश्वर कुमार, पंचायत सेवक, कंप्यूटर ऑपरेटर समेत अन्य कर्मी व मुखिया आदि उपस्थित थे।




### जंगली क्षेत्र में तेंदुए का बदला व्यवहार इंसानों को बना रहे निशाना

# पलामू रेंज में सैकड़ो की संख्या में सक्रिय हैं तेंदुए

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू, लातेहार और गढ़वा के इलाके में इन दिनों तेंदुए का बदलता व्यवहार खतरे को आमंत्रित कर रही है। पिछले एक पखवाड़े में तेंदुआ ने लातेहार और गढ़वा के इलाके में दो बच्चों की जान ले ली है। गढ़वा के भंडरिया में तेंदुआ ने बच्चे को मारने के बाद उसे खाया भी है। जबकि, घटना के 24 घंटे के बाद एक महिला को भी निशाना बनाया था। पिछले कुछ महीने में पलामू, गढ़वा और लातेहार के इलाके में तेंदुआ का व्यवहार बदल गया है और वे हिंसक हो गए हैं। तेंदुआ जंगल से निकलकर आबादी वाले इलाके में पहुंच रहे हैं। तेंदुआ का हिंसक व्यवहार इससे पहले पलामू, गढ़वा, और लातेहार के इलाके में कभी देखा नहीं गया था। वाइल्ड लाइफ एक्सपर्ट प्रोफेसर डीएस श्रीवास्तव ने बताया कि तेंदुआ के व्यवहार में बदलाव सामान्य नहीं है। उन्होंने बताया कि तेंदुआ मानव जीवन पर तभी हमला करता है। जब वह बेहद मजबूर हो। तेंदुआ या तो बूढ़ा हो गया हो। उसके दांत, नाखून कमजोर हो गए हो या वह जख्मी हो। प्रोफेसर डीएस श्रीवास्तव ने बताया कि तेंदुआ छुप कर अपना शिकार करता है। उन्होंने बताया कि जंगल के इलाके में मानवीय हस्तक्षेप बढ़ गए हैं। नक्सल अभियान के नाम पर भी जंगलों में हस्तक्षेप है। जंगल में तेंदुआ को खाने के लिए भोजन नहीं मिल पा रहा है। जिस कारण वे जंगल से निकलकर आबादी वाले इलाकों में पहुंच रहे। तेंदुआ के बदले व्यवहार को लेकर पलामू, गढ़वा, और लातेहार में निगरानी शुरू हो गई। पलामू टाइगर रिजर्व के उप निदेशक सह सीएफ कुमार आशीष ने बताया कि तेंदुआ के बदले व्यवहार को लेकर निगरानी बढ़ा दी गई है। गढ़वा के भंडरिया के इलाके में तेंदुआ ने बच्चे पर जान बूझ कर हमला किया और उसे खाया।



### वन विभाग की ओर से जारी है आदमखोर तेंदुआ की तलाश

हमला करने वाले तेंदुआ की तलाश जारी है। सीएफ कुमार आशीष ने बताया कि भंडरिया के इलाके में जाल और पिंजरा लगाया गया है। तेंदुआ को खोजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि एक तरह से तेंदुआ आदमखोर की तरह हो गया है। पलामू, गढ़वा, और लातेहार इलाके में 90 से 110 तेंदुआ मौजूद हैं। जिसमें से 100 के करीब तेंदुआ अकेले पलामू टाइगर रिजर्व के इलाके में है।

## एमएमसीएच में कुव्यवस्था को लेकर डीसी को ज्ञापन सौंपा




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आजसू पार्टी के प्रतिनिधि मंडल के द्वारा एमएमसीएच के कुव्यवस्था को लेकर उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा गया। एमएमसीएच पलामू प्रमंडल में एक मात्र चिकित्सा संस्थान हैं। जिस पर गरीब जनता के चिकित्सा व्यवस्था निर्भर है। मगर चिकित्सा पदाधिकारी व कर्मचारियों की घोर लापरवाही है। पहली बात है कि बायोमेट्रिक के द्वारा सभी का उपस्थिति दर्ज होती है, मगर इसका घोर उल्लघंन हो रहा है। चिकित्सक सप्ताह में एक बार बायोमेट्रिक से उपस्थिति दर्ज कराते हैं और एक सप्ताह तक लपता रहते हैं। अपने निजी प्रेक्टिस में लगे रहते हैं ऐसा ही हाल कर्मचारियों का है। दूसरी बात रोस्टर के अनुसार ड्यूटी बटती हैं तीन चिकित्सक को रात्री में ड्यूटी लगती है। मगर केवल एक डाक्टर ही उपलब्ध रहते हैं। प्रतिनिधि मंडल ने उपायुक्त से आग्रह किया है कि उच्च स्तरीय जांच करा कर इस अनियमितता पर रोक लगाई जाए। मौके पर प्रतिनिधि मंडल में सतीश कुमार, बिकेश शुक्ला, बिजय मेहता, तुलसी शुक्ला, संजू सिंह मौजूद रहे।

**ज्ञान की बात**

**ईश्वर आपके साथ ही है। उन्हें खोजने की जरूरत नहीं। ईश्वर को कौन खोजता है? जो नासमझ होता है। समझदार व्यक्ति को मालूम होता है कि ईश्वर उसके अंग-संग हैं। वह उनकी धुनि में रमा रहता है। ईश्वर की पहचान कौन कराए? ईश्वर की पहचान सद्गुरु कराते हैं। अब सद्गुरु कौन हैं? सद्गुरू वो हैं, जो आपको अज्ञानता से ज्ञान की तरफ, अंधेरे से उजाले की तरफ और अन्याय से न्याय की तरफ ले जाएं। अब सद्गुरु की खोज आपको स्वयं करनी होगी। -*अज्ञात***

# अदालती फटकारों का सरकार पर क्यों नहीं हो रहा है असर

***झारखंड*** सरकार उस नटखट और शैतान बच्चे की तरह है जिस पर न तो मां बाप की डांट का असर होता है, और न शिक्षक की फटकार का। वह बच्चा एक कान से सुनता है और दूसरे से निकाल देता है। वह शायद यह सोचता है कि मां बाप और शिक्षक यूं ही बकते हैं। बकते-बकते थक जायेंगे। यही हाल हमारे राज्य सरकार का है। उसके लिए मां बाप तो जनता है। चाहे भूमि सुधार का मामला हो या पेयजलापूर्ति का। हाल के दिनों में आपराधिक गतिविधियां रूकने का नाम नहीं ले रही हैं। साहेबगंज में पहाड़िया आदिम जनजाति समुदाय की एक महिला की हत्या और फिर शव को कई टुकड़ों में काट देने की घटना पूरी मानवता के नाम पर कलंक है तो कहीं गंदा पानी पीने के कारण तरह-तरह की बीमारियां फैल रही हैं। ऐसे में यह कहा जा सकता है कि बुनियादी प्रतिबद्धता और दायित्व को सरकार भूल रही है। लेकिन अखबारों के माध्यम से सजगता का संदेश अवश्य देती है। हालांकि कहने का मतलब यह कतई नहीं है कि झारखंड सरकार कोई काम नहीं कर रही है। काम हो रहे हैं। बस जरूरत है, काम करने के तरीके को समय के साथ बदल देने की। अब देखा जाये तो राज्य में नये पुलिस प्रमुख की नियुक्ति में हो रही देरी पर पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने संज्ञान लिया है। इस मामले में शीर्ष अदालत ने राज्य सरकार को संघ लोक सेवा आयोग को डीजीपी के पद के लिए अधिकारियों के नामों की सिफारिश करने के लिए प्रस्ताव में खामियों को दूर करने के लिए जवाब देने का आदेश दिया है। दरअसल, राज्य के मौजूदा पुलिस महानिदेशक नीरज सिन्हा 1987 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। वे 11 फरवरी, 2023 को सेवानिवृत्त होने वाले हैं। ऐसे में नये डीजीपी की नियुक्ति पर विवाद जारी है। दूसरी तरफ हाईकोर्ट ने रांची के डोरंडा में एक बच्ची के दुष्कर्म के बाद हत्या के छह साल पुराने मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि राज्य में अब तक निर्भया कोष का खर्च नहीं होना शर्म की बात है। जबकि महिलाओं के खिलाफ अपराध के 3.29 लाख मामले दर्ज किये गये।

**सरकार उस नटखट और शैतान बच्चे की तरह है जिस पर न तो मां बाप की डांट का असर होता है, और न शिक्षक की फटकार का। वह बच्चा एक कान से सुनता है और दूसरे से निकाल देता है।**

हाइकोर्ट ने जेएसएससी स्नातकस्तरीय परीक्षा संचालन दूसरी तरफ देखा जाये तो बिजली चोरी की 18 साल की सजा के मामले में भी सुप्रीम कोर्ट ने निचली अदालत को फटकार लगायी है। ऐसे में यह कहने में कोई अतिश्योक्ति नहीं होनी चाहिए कि राज्य सरकार के कार्यों पर बार-बार सुप्रीम कोर्ट को फटकार लगाने के लिए बाध्य होना पड़ता है। बहरहाल झारखंड अन्य राज्यों की तुलना में बच्चा तो अवश्य है। उसकी बचकानी हरकतें जानबूझकर नहीं होती हैं। आखिर अपना बच्चा जैसा भी हो,वह प्यारा होता है। लेकिन उसकी शरारतों पर चुप्पी भी अच्छी बात नहीं है।

# कौन हैं जो तोड़ते हैं सेना का मनोबल?



***ईस्टर्न*** जोनल काउंसिल की बैठक में बंगाल की मुख्यमंत्री ने सीमा सुरक्षा बल के अधिकारों में इजाफा करने वाले नये कानून पर खासी आपत्ति दर्ज की है। वे सुरक्षा बलों को सीमा पर मिलने वाले अधिकारों के विरोध में चिल्लातीं रहीं। बैठक में मौजूद सीमा सुरक्षा बल के अधिकारियों ने राज्य सरकार पर सहयोग न करने के आरोप लगाये। वास्तविकता उजागर होते ही ममता बनर्जी बौखला उठीं। कोलकता में हो रही इस बैठक की अध्यक्षता केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह कर रहे थे। नये कानून के तहत अब सीमा सुरक्षा बल को सीमा से 50 किलोमीटर के दायरे में कार्यवाही करने के लिए मजिस्ट्रेट के आदेश या वारंट की जरूरत नहीं होगी जबकि पुराने नियम में यह अधिकार केवल 15 किलोमीटर तक ही सीमित था। ऐसे में इस सीमित दायरे के बाहर से दुश्मन देश के मददगार खुलकर अपनी गतिविधियां चलाते रहते थे जिसका खामियाजा सुरक्षा बलों को भुगतना पड़ता था। यह दायरा 15 किलोमीटर से बढ़कर 50 किलोमीटर होते ही ममता बनर्जी का क्रोध फूट पडा। वे पहले भी कह चुकीं हैं कि जबरजस्ती देश में घुस आये बांगलादशियों को भारत का ही नागरिक मानतीं हैं। घुसपैठियों को अधिकार दिलाने के लिए वे प्रयास करेंगी। इस कोलकता बैठक में बंगाल के अलावा बिहार, झारखण्ड, उडीसा और सिक्कम के मुख्यमंत्रियों या उनके प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया था। सेना के अधिकारों में बढ़ोत्तरी होते ही ममता बनर्जी जैसी मानसिकता वालों को बौखलाहट होने लगती है। वे तो सेना को कभी घाटी के आतंकियों से पिटते हुये देखना चाहते हैं या फिर सर्जिकल स्ट्राइस के सबूत मांग कर अपनी मंशा जाहिर कर देते हैं। राहुल गांधी ने एलएसी पर सेना के साहस को सलाम करने के स्थान पर उसका मनोबल तोड़ने वाला वक्तव्य देकर ईस्टर्न जोनल काउंसिल की बैठक में ममता बनर्जी के लिए धरातल तैयार कर दिया था। देश के अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर के पास चीन की पीपल्स लिबरेशन आर्मी व्दारा जब एलएसी पार करने की कोशिश को भारतीय सेना ने न केवल विफल किया बल्कि मुंहतोड जबाब देते हुए उसे खदेड दिया। यह जानकारी विभिन्न संचार माध्यमों से देश को मिली। एक कथित वीडियो में भारतीय सेना के व्दारा चीनी सैनिकों को पीट-पीटकर भगाते हुए भी दिखाया गया है परन्तु कांग्रेस को यह सब उल्टा ही दिखा और राहुल गांधी ने तो भारतीय सेना के पिटने जैसे बयान जारी कर दिये। ऐसी ही स्थिति का निर्माण पाकिस्तान में की गई सर्जिकल स्ट्राइक के दौरान भी भारतीय सेना का मनोबल तोड़ने के लिए कांग्रेस ने सबूतों की मांग किया था। राहुल गांधी के हालिया बयान की पूरे देश में निंदा की जा रही है। अपने ही देश को कमजोर करने की फिराक में रहने वाले राहुल गांधी वह हर मौका भुनाने की फिराक में रहते हैं जहां से देश की छवि धूमिल हो या फिर सेना का मनोबल टूट सकता हो। इतिहास के पन्नों में ऐसे अनेक उदाहरण भरे पड़े हैं। विपक्ष के दायित्वों में सरकार के जनविरोधी मुद्दों पर शिकायतें दर्ज करने से लेकर आम आवाम को जागरूक करने जैसे बिन्दु ही शामिल होते हैं परन्तु सरकार के कार्यों को सकारात्मकता और नकारात्मकता की तराजू पर तौले बिना ही विरोध दर्ज करने से नेतृत्व की मानसिकता का स्पष्ट बोध हो जाता है। सत्ता से बाहर होते ही कांग्रेस का यह चेहरा हमेशा ही सामने आता रहा है। सत्ता का विरोध करने के साथ-साथ कांग्रेस ने हमेशा ही देश की रक्षा में प्राण-प्रण से जुटे सैनिकों का मनोबल तोड़ने का ही काम किया है। केन्द्र में कांग्रेस सरकार के दौरान घाटी में आये दिन होने वाली पत्थरबाजी के अलावा सेना के जवानों को असामाजिक तत्वों के थप्पड भी सहना पड़ते थे। अगर कभी आत्मरक्षा हेतु किसी असामाजिक तत्व को गाड़ी में बांध कर सेना ने सुरक्षित निकलने का प्रयास भी किया, तो जान की रक्षा हेतु उठाये गये उस कदम के लिए सेना को कटघरे में खडा कर दिया गया। बंधे हाथों में हथियारों सहित मतपेटी लेकर जाते समय सैनिकों को घाटी के असामाजिक तत्वों की मार भी सहना पडती थी। बाद में उन्हीं असामाजिक तत्वों, आतंकवादियों तथा उनके पनाहगारों को मानवाधिकार के कवच तले मासूम बताकर निर्दोष साबित करने वाले खद्दरधारियों की फौज काला कोट पहन कर खडी हो जाती थी। राहुल गांधी के हालिया बयान पर पूरे देश में उबाल आ रहा है।

**राहुल गांधी के एलएसी पर सेना के साहस को सलाम करने के स्थान पर उसका मनोबल तोड़ने वाला वक्तव्य देकर ईस्टर्न जोनल काउंसिल की बैठक में ममता बनर्जी के लिए धरातल तैयार कर दिया था। देश के अरूणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर के पास चीन की पीपल्स लिबरेशन आर्मी द्वारा जब एलएसी पार करने की कोशिश को भारतीय सेना ने न केवल विफल किया बल्कि मुंहतोड़ जवाब देते हुए उसे खदेड़ भी दिया...**

इन दिनों



डा. रविन्द्र अरजरिया

## बोधि वृक्ष

### जब बड़े भाई से मिले भीमसेन

जब पांडव वन में अपना जीवन व्यतीत कर रहे थे तभी एक दिन वहां उड़ते हुए एक सहस्त्रदल कमल आ गया। उसकी गंध बहुत ही मनमोहक थी। उस कमल को द्रौपदी ने देख लिया। द्रौपदी ने उसे उठा लिया और भीम से कहा- यह कमल बहुत ही सुंदर है, मैं यह कमल धर्मराज युधिष्ठिर को भेंट करूंगी। अगर आप मुझसे प्रेम करते हैं तो ऐसे बहुत से कमल मेरे लिए कदलीवन से लेकर आइये।
द्रौपदी के कहने पर भीम पुष्प की तलाश में आगे बढ़ते गए। रास्ते में एक बड़ा-सा बंदर लेटा हुआ था। भीम ने गरजकर उसे रास्ता छोड़ने को कहा पर बंदर ने कहा कि मैं बुढ्ढा हूँ। तुम्हीं, मेरी पूँछ उठाकर एक ओर रख दो। भीम ने पूँछ उठाने की बहुत कोशिश की, पर भीम से उसकी पूँछ हिली तक नहीं। भीम हाथ जोड़कर उस बंदर के आगे आ खड़े हो गये और पूछने लगे कृपया अपना परिचय दें।
बूढ़े बंदर ने कहा कि मैं राम का दास हनुमान हूँ। तुम मेरे छोटे भाई हो। भीम ने हनुमान से माफी माँगी और प्रार्थना की कि आप मेरे भाई अर्जुन के नंदिघोष रथ की ध्वजा पर बैठकर महाभारत का युद्ध देखिए। हनुमान ने भीम की यह प्रार्थना स्वीकार कर ली।
हनुमान ने भीम को कमल सरोवर का पता भी बताया। सरोवर पर पहुँचकर भीम ने फूल तोड़ने शुरू कर दिए तो सरोवर के राक्षस यक्षों ने उन्हें रोका। भीम राक्षसों को मारने लगे। जब सरोवर के स्वामी कुबेर को पता चला कि पांडव यहाँ आए हैं, तो प्रसन्नता से वहाँ के फल-फूल पांडवों के पास भेजे।

# बच्चों का बचपन बचाने की बड़ी चुनौती

हाल में विश्व बैंक के एक अध्ययन में चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं कि भारत में यौन शोषण के मामलों में सजा पाने वाले दोषियों से करीब तीन गुना ज्यादा संख्या बरी होने वालों की है। हालांकि बच्चों को इंसाफ दिलाने के लिए 2012 में पाक्सो (प्रोटेक्शन आफ चिल्ड्रन फ्राम सेक्सुअल अफेंसेस) कानून लागू किया गया था। मगर अब भी अधिकांश राज्यों में बच्चों को समय पर न्याय नहीं मिल पा रहा। पाक्सो कानून के तहत नाबालिग के प्रति यौन उत्पीड़ तथा यौन शोषण जैसे अपराध और छेड़छाड़ के मामले में कार्रवाई की जाती है। इसके तहत बारह वर्ष तक की बच्ची से बलात्कार के दोषियों को मौत की सजा भी सुनाई जा सकती है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने 2007 में बाल शोध अध्ययन रिपोर्ट में बच्चों को यौन शोषण से बचाने के लिए एक सख्त कानून बनाने की सिफारिश की थी। उसी के आधार पर यह कानून बनाया गया था। इस कानून का मुख्य उद्देश्य अठारह वर्ष से कम उम्र के बच्चों को यौन दुर्व्यवहार तथा लैंगिक हमलों से सुरक्षा प्रदान करना और उनमें शारीरिक, भावनात्मक, बौद्धिक, सामाजिक विकास को सुनिश्चित करने का अवसर देना भी शामिल है। चिंता की बात है कि इस कानून के तहत जितने दोषियों को सजा मिल रही है, उससे तीन गुना ज्यादा रिहा हो रहे हैं। इस मामले में सबसे बुरा हाल आंध्र प्रदेश का है, जहां पाक्सो कानून के सबसे ज्यादा आरोपी बरी हो रहे हैं। वहां एक आरोपी दोषी ठहराया जाता है, तो सात मामलों में आरोपी बरी हो रहे हैं। पश्चिम बंगाल में भी एक दोषी तो पांच आरोपी बरी हो रहे हैं। देश भर में करीब चौरानबे फीसद मामलों में ऐसा ही हो रहा है। इसी पर चिंता जताते हुए पिछले दिनों सर्वोच्च न्यायालय की खंडपीठ ने पाक्सो अधिनियम के तहत दोषी ठहराये गये एक व्यक्ति की अपील खारिज करते हुए टिप्पणी की थी कि इस कानून के तहत अपराध करने वाले व्यक्तियों के प्रति कोई नरमी नहीं बरती जानी चाहिए। खंडपीठ का कहना था कि यौन उत्पीडन और यौन हमले की प्रकृति के अनुरूप उपयुक्त सजा देकर समाज को बड़े पैमाने पर संदेश दिया जाना चाहिए। मगर देश की पाक्सो अदालतों में लंबित मामले प्रतिवर्ष बीस फीसद से ज्यादा की दर से बढ़ रहे हैं। 2012 में बच्चों से बलात्कार के 8,541 मामले दर्ज हुए थे, वहीं 2021 में इनकी संख्या 83,348 हो गई। उत्तर प्रदेश में पाक्सो के सबसे ज्यादा मामले लंबित हैं। वहां नवंबर 2012 से फरवरी 2021 के बीच इस कानून के तहत दर्ज मामलों में से 77.77 फीसद लंबित पाये गये। पश्चिम बंगाल में 74.6, बिहार में 67.6, महाराष्ट्र में 60.2, गुजरात में 51.5, कर्नाटक में 45.5, हरियाणा में 41.4, झारखंड में 38.6, पंजाब में 36, चंडीगढ़ में 35, आंध्र प्रदेश में 33.5, राजस्थान में 24.9 तथा तमिलनाडु में 19.7 फीसद मामले पाक्सो अदालतों में लंबित हैं। इन मामलों के निपटारे की रफ्तार भी साल-दर-साल धीमी हो रही है। पाक्सो कानून के तहत एक वर्ष की अधिकतम अवधि में फैसला हो जाना चाहिए, लेकिन देश में पाक्सो का एक मामला निपटाने में औसतन पांच सौ दस दिन का समय लग रहा है। दस फीसद से भी ज्यादा मामलों में तीन साल से ज्यादा समय लग रहा है। देश की राजधानी दिल्ली में तो ऐसे मामलों को निपटाने का औसत समय सर्वाधिक करीब साढ़े तीन साल (1284 दिन) है, जहां औसतन 593 दिन तो सबूत जुटाने और पुष्ट करने में ही लग जाते हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो की 2020 की रिपोर्ट के मुताबिक बच्चों के यौन शोषण के 42 फीसद मामलों में पुलिस की जांच एक साल तक पूरी नहीं हो पाई थी, इसलिए अदालती कार्यवाही शुरू ही नहीं हो पाई। प्रोत्साहन इंडिया फाउंडेशन की रिपोर्ट में भी यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि पिछले दस वर्षों में बच्चों से बलात्कार के मामलों में 290 फीसद वृद्धि हुई है, जिनमें से 64 फीसद पीड़ितों को न्याय नहीं मिल पाया है।

**महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने 2007 में बाल शोध अध्ययन रिपोर्ट में बच्चों को यौन शोषण से बचाने के लिए एक सख्त कानून बनाने की सिफारिश की थी। इस कानून का मुख्य उद्देश्य अठारह वर्ष से कम उम्र के बच्चों को यौन दुर्व्यवहार तथा लैंगिक हमलों से सुरक्षा प्रदान करना और उनमें शारीरिक, भावनात्मक, को सुनिश्चित करने का अवसर देना भी शामिल है।**

बचपन इन दिनों



योगेश कुमार गोयल

## फोटो की दुनिया



**पलामू में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। उस ठंड को दूर भगाने के लिए लोग अलाव का सहारा लेते हैं। मंगलवार को रेलवे स्टेशन पर यात्री आग ताप कर ठंड को दूर भगाने का प्रयास करते हुए।**

## ट्विट-ट्विट



## फेसबुक वॉल से




# मोदी के खिलाफ क्यों बिलबिला रहे बिलावल

***जब*** से पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने मुस्कुराते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपशब्द कहे हैं, भारत में लोग काफी गुस्सा हैं। चर्चा पाकिस्तान में भी है, लेकिन 'सियासी मजबूरियों' से बंधे लोगों की ये आदतें अब वहां के लोगों से छिपी नहीं है। पाकिस्तान का इतिहास पलटकर देख लीजिए जो भी प्रधानमंत्री या सरकार में रहा है, भारत के खिलाफ दुश्मनी के ऐंगल को उसने सियासी फायदे के लिए खूब भुनाया। इमरान खान से दोनों देशों की आवाम को उम्मीद थी लेकिन आखिर में वह भी सियासी पिच के खिलाड़ी बनकर रह गये। ऐसे में भारतीयों को समझना होगा कि भाई, बिलावल ने कुछ भी ऐसा नहीं किया है जो अप्रत्याशित हो। 16 दिसंबर की तारीख, एक दिन पहले मुंबई हमले की गवाह नर्स का संयुक्त राष्ट्र में कसाब के कच्चे चिट्ठे को सामने रखना, उसके बाद विदेश मंत्री जयशंकर का प्रेसवार्ता में पाकिस्तान को लताड़ा, बेचारे पाकिस्तानी बौखलाएंगे नहीं तो क्या करेंगे। उन्हें समझ में ही नहीं आ रहा कि 1971 का जख्म छिपाएं या आतंक के सौदागरों का कारनामा। इसमें सबसे अच्छा यही है कि अपनी बात न करो, उल्टा भारत की सियासत में कूद पड़ो। बहरहाल, बिलावल ने 2002 के गुजरात दंगों का जिक्र करते हुए जिस तरह से मुसलमानों का रहनुमा बनने की कोशिश की है, उससे एक चीज जरूरी हो जाती है कि हर शख्स को सच्चाई पता चले भले ही वह भारतीय हो या पाकिस्तानी। यह भी समझना दिलचस्प है कि आखिर बिलावल ने सर्द मौसम में दांत दिखाते हुए माहौल गरमाने वाली बात क्यों की? यही ख्याल मन में आया तो मैंने पाकिस्तानी चैनल बदलने शुरू कर दिए। तभी एक लाइव कार्यक्रम पर नजर पड़ी। आगे दो हिस्से में पढ़िये दिलचस्प बात। पाकिस्तान की समा टीवी पर एक प्रोग्राम आता है, ब्लैक एंड वाइट। फीमेल ऐंकर ने सलाम करने के बाद सीधे अपने गेस्ट पाकिस्तान के वरिष्ठ पत्रकार हसन निसार से पूछ लिया- जनाब, आज 16 दिसंबर है, सियाह तरीन दिन है जितना अफसोस किया जाए उतना कम है। क्या कहेंगे? गेस्ट सिर झुकाए कहते हैं, ह्यअ जी, मुझे सुबह से एक अजीब तरह का डिप्रेशन है। बहुत ज्यादा डिप्रेशन है। थोड़ा सा नहीं, हमारे जो कैमरामैन हैं ये भी कह रहे थे। एक मुल्क का टूटना इससे ज्यादा भयानक वारदातें किसी भी कौम के साथ क्या हो सकती हैं। देखो, मेरी नस्ल खुशनसीबी और बदनसीबी का हैरतअंगेज मिश्रण है। खुशनसीबी ये कि जब पाकिस्तान बना, हम लोग नहीं थे 'हमने वो तबाही, बबार्दी, जिल्लत नहीं देखी है। लेकिन उसके बाद सारी कसर निकल गई। बांग्लादेश बनते देख लिया।' हसन निसार अपने ही हुक्मरानों को सुनाते हुए कहते हैं कि पाकिस्तान को तोड़कर अलग देश का बनानाज्ये लोग पूर्वी पाकिस्तानियों को कमजोर समझते और जलील किया करते थे। मुजीबुर्रहमान वो आदमी था मुस्लिम लीग का, जानिसार था। हमारा अपना माइंडसेट ही ठीक नहीं था। इन्होंने बंगालियों के साथ सौतेला व्यवहार किया। सच्ची बात है, मैं कबूल कर रहा हूं। हम जब 1968 में अंडरग्रेजुएट में थे तो पूर्वी पाकिस्तानी स्टूडेंट्स का अच्छा-खासा कोटा हुआ करता था। हॉस्टल नंबर 1 में अच्छी खासी बंगालियों की तादाद थी। मुझे याद है कि उनके साथ बिहैवियर कैसा होता था। रवैये के चलते आखिर में ये मुल्क तो टूटना ही था।

**औकात क्या है हमारी :** हसन आगे पाकिस्तानियों पर भड़कते हुए कहते हैं कि कुछ लोग ऐसे भी होते हैं जो शर्म-ओ-हया की वजह से भी डूब मरते हैं, खुदकुशियां कर लेते हैं। आगे वह पाकिस्तान और बांग्लादेश का अंतर समझाते हैं। वे (बांग्लादेशी) 103 टके दें तो 1 डॉलर मिलता है, हम (पाकिस्तानी) 224 रुपये दें तब 1 डॉलर मिलता है। ये औकात है हमारी। आगे वह कहते हैं कि बांग्लादेश का विदेशी मुद्रा भंडार 46.4 अरब डॉलर है और प्यारा इस्लामी जम्हूरिया पाकिस्तान जिसकी गर्दनों पर शरीफ, भुट्टो-जरदारी सवार रहते हैं उसकी औकात 6.9 अरब डॉलर है। ये सूरत-ए-हाल है। ये तो मातम का समय है। नई नस्लों को अंदाजा भी नहीं है कि आवाम को क्या कीमत अदा करनी पड़ रही है।

**पाकिस्तान की समा टीवी पर एक प्रोग्राम आता है, ब्लैक एंड वाइट। फीमेल ऐंकर ने सलाम करने के बाद सीधे अपने गेस्ट पाकिस्तान कि वरिष्ठ पत्रकार हसन निसार से पूछ लिया-जनाब, आज 16 दिसम्बर है, सियाह तरीन दिन है जितना अफसोस किया जाए उतना कम है। क्या कहेंगे? गेस्ट सिर झुकाये कहते हैं, 'अ जी, मुझे सुबह से एकअजीब तरह का डिप्रेशन है।'**

दुनिया-समाज



अनुराग मिश्र

**स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सौल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.) प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155,** प्रधान संपादक : **सुरेश बजाज,** संपादक : **हर्षवर्द्धन बजाज,** स्थानीय संपादक : **आनंद सिंह*, प्रेस कार्यालय** : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, **फोन नंबर :** 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, **रांची कार्यालय :** 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, **दिल्ली कार्यालय :** 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, **ई-मेल :** rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

NEWS इन ब्रीफ

### वर्ष के अंत में फिर पीएम मोदी से मिलेंगी ममता



कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एक बार फिर पीएम से मुलाकात करने जा रही हैं। इस बार बैठक कोलकाता में होगी। राज्य प्रशासन सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि आगामी 30 दिसंबर को पीएम राष्ट्रीय गंगा परिषद की बैठक के लिए कोलकाता आ सकते हैं। पीएम इस परिषद के अध्यक्ष हैं। इसमें मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी सदस्य के तौर पर शामिल हैं।

### बाराबंकी में बस पेड़ से टकरायी, सात घायल

**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश में बाराबंकी के मोहम्मदपुर खाला क्षेत्र में सोमवार को घने कोहरे के कारण एक तेज रफ्तार बस सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकराने के बाद पेड़ से जा टकरायी। इस हादसे में सात यात्री घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सुबह लगभग सात बजे फतेहपुर बेलहरा मार्ग पर बिहुरा गांव के पास फतेहपुर की ओर से आ रही बस पहले से खड़े ट्रक से टकरा गई। टक्कर लगने के बाद बस असंतुलित हुई और सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। सभी घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां एक की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### म.प्र में कोरोना का एक नया मामला, पांच सक्रिय मरीज

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में पिछले चौबीस घंटों के दौरान कोरोना के 552 सेंपलों की जांच में एक नया मरीज सामने आया है। वर्तमान में प्रदेश में कुल पांच सक्रिय मरीज हैं। राज्य के गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने आज यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में कोरोना संक्रमण का सिर्फ 01 नया केस आया है। वर्तमान में प्रदेश में कुल सक्रिय मरीज पांच हैं, वहीं, संक्रमण दर 0.36 प्रतिशत और रिकवरी रेट 98.70 प्रतिशत है।

### भट्टी ने नये डीजीपी का कार्यभार संभाला



**पटना।** आईपीएस के वरिष्ठ अधिकारी आरएस भट्टी ने बिहार के नये पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) के रूप में कार्यभार संभाल लिया है। तेज तर्रार 1990 के आईपीएस अधिकारी आरएस भट्टी अपराध और बाहुबली माफियाओं पर नकेल कसने के लिए जाने जाते है। बता दें कि आरएस भट्टी ने एस के सिंघल का स्थान लिया है, जो 19 दिसंबर को सेवानिवृत्त हो गए हैं।

### क्रिसमस कार्यक्रम में भाग लेंगी ममता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी आज सेंट जेवियर्स कॉलेज ग्राउंड में आयोजित होने वाले प्री-क्रिसमस कार्यक्रम में हिस्सा लेंगी। कार्यक्रम का आयोजन सेंट जेवियर्स कॉलेज (ऑटोनॉमस) कोलकाता और सेंट जेवियर्स कॉलेज (कलकत्ता) के पूर्व छात्र संघ की ओर से किया जा रहा है।

### निषाद पार्टी सुप्रीमो डा. संजय निषाद ने पीएम से की मुलाकात

**लखनऊ।** निषाद पार्टी सुप्रीमो एवं कैबिनेट मंत्री (मत्स्य विभाग) डॉ. संजय कुमार निषाद ने मंगलवार को मोदी से संसद भवन में प्रधानमंत्री के कार्यालय में मुलाकात की। संजय निषाद ने कहा कि पीएम के नेतृत्व में देश दिन प्रतिदिन विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आज हमने अपने मछुआ समाज की ओर से प्रधानमंत्री को धन्यवाद प्रेषित किया कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना से मछुआ समाज उत्तर प्रदेश और देश में कल्याण हो रहा है।

# यूपी में एग्रीकल्चर और एयरक्राफ्ट सेक्टर में निवेश करेगा फ्रांस

**सिंगापुर के निवेशकों की ओर से हजारों करोड़ रुपये के एमओयू पर हुए हस्ताक्षर**

**नवीन मेल नेटवर्क। लखनऊ**

किसानों की आय दोगुनी करने के योगी सरकार के लक्ष्य को हासिल करने में अब फ्रांस की कंपनियां भी सहयोग करेंगी। फ्रांस में निवेश की संभावनाएं तलाशने गई टीम योगी को कृषि और एयरक्राफ्ट मेंटीनेंस जैसे क्षेत्रों में कंपनियों की ओर से निवेश के महत्वपूर्ण प्रस्ताव मिले हैं। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल के फ्रांस के पेरिस में रोड शो व बिजनेस मीटिंग्स के दौरान ये प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। वहीं, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह के नेतृत्व में सिंगापुर गए प्रतिनिधिमंडल ने भी सिंगापुर के व्यापारिक समुदाय के साथ 7700 करोड़ के एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं जबकि यूके और यूएस जैसे देशों से 4 लाख करोड़ के निवेश के प्रस्ताव मिल चुके हैं। उल्लेखनीय है कि सीएम ने फरवरी 2023 में होने जा रही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के जरिए 10 लाख करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य रखा है और जिस तरह से टीम योगी को विदेशों में निवेशकों का समर्थन मिला है, उसे देखते हुए संभावना है कि प्रदेश ने लक्ष्य से अधिक का निवेश हो सकता है।



**फ्रांस में रोड शो और बिजनेस मीटिंग के जरिए टीम योगी ने किए महत्वपूर्ण करार**

**किसानों की आय बढ़ाने के लिए इनोटेरा एजी ने टीम योगी से किया एमओयू**

**इंटरनेशनल कॉपोरेशन एयरक्राफ्ट मेंटीनेंस रिपेयर व ओवरहॉल के क्षेत्र में निवेश का उत्सुक**

### निवेश सारथी पर 4 हजार से ज्यादा ने जताई निवेश में रुचि

योगी सरकार ने देसी और विदेशी निवेशकों के लिए उत्तर प्रदेश में निवेश के साधनों को आसान बना दिया है। यदि आप उत्तर प्रदेश में किसी भी सेक्टर में निवेश के इच्छुक हैं तो निवेश सारथी पोर्टल पर जाकर रजिस्ट्रेशन के माध्यम से निवेश की इच्छा जाहिर कर सकते हैं। जानकारी के मुताबिक निवेश सारथी के माध्यम से प्रदेश सरकार को 4 हजार से ज्यादा निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। ये निवेश प्रस्ताव अगर धरातल पर उतरते हैं तो प्रदेश में लाखों करोड़ रुपये का निवेश होगा और लाखों रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

### यूपी के किसानों की आय बढ़ाएगा फ्रांस

**डिप्टी** सीएम केशव प्रसाद मौर्य और आईटी मंत्री योगेंद्र उपाध्याय के नेतृत्व में फ्रांस में रोड शो व बिजनेस मीटिंग के जरिए हजारों करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। प्रतिनिधिमंडल ने इनोटेरा एजी के सीईओ पास्कल फॉन से मुलाकात की, जिन्होंने प्रदेश सरकार के साथ 1000 करोड़ के निवेश इंटेंट पर हस्ताक्षर किए। इस निवेश के जरिए इनोटेरा प्लेटफॉर्म का सेट-अप किया जाएगा। यह किसान कनेक्ट प्लेटफॉर्म है जो प्रदेश में किसानों की आय को दोगुना करने का लक्ष्य हासिल करने में सहायक हो सकता है। इसी तरह प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात सैफरन ग्रुप के सीनियर वाइस प्रेसीडेंट इंटरनेशनल एंड पब्लिक अफेयर्स मार्टिन क्लॉट्ज से मुलाकात की और उत्तर प्रदेश में निवेश योजनाओं पर चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें यूपीजीआईएस 2023 के लिए आमंत्रित किया है।

### उत्तर प्रदेश में निवेश का उत्सुक सिंगापुर

**सिंगापुर** में जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल भी बड़े निवेश प्रस्ताव प्राप्त करने में कामयाब रहा। सिंगापुर में निवेशकों के साथ वन टू वन बिजनेस मीटिंग के जरिए 7,700 करोड़ रुपये से अधिक के एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इसके तहत विभिन्न सेक्टर्स में ये कंपनियां उत्तर प्रदेश में निवेश करेंगी। सिंगापुर की कंपनियों ने पार्किंग एवं ट्रैफिक सिस्टम जैसे तकनीकी क्षेत्रों में भी निवेश में रुचि दिखाई है। स्वतंत्रदेव सिंह ने सिंगापुर की सस्टेनेबिलिटी एंड एनवायर्न मंत्री ग्रेस फू हाय येन से भी भेंट की थी और उत्तर प्रदेश में निवेश के स्वर्णिम अवसरों पर चर्चा की। इससे पहले, प्रतिनिधिमंडल ने आईटीई, विडा टेक्नोलॉजी और स्टार कंसोर्टियम प्रा. लि. के प्रतिनिधियों से मुलाकात कर 4 हजार करोड़ से अधिक के एमओयू पर हस्ताक्षर किए थे।

### यूके और यूएस बनेंगे बड़े भागीदार

**यूएस** और यूके में वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना के नेतृत्व में रोड शो एवं बिजनेस डीलिंग के माध्यम से निवेश की संभावना तलाशने गई टीम द्वारा 4 लाख 7 हजार करोड़ रुपये के 21 प्रस्ताव पर एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। प्रतिनिधिमंडल ने अमेरिका और इंग्लैंड जैसे विकसित देशों के प्रमुख कंपनियों के प्रतिनिधियों से विभिन्न चरणों में यूपी में निवेश हेतु विस्तार से चर्चा की। सुरेश कुमार खन्ना ने इन देशों के उद्यमियों से आईटी, अवस्थापना, स्वास्थ्य, डेयरी, खाद्य प्रसंस्करण, कृषि, पर्यटन, शिक्षा के साथ अन्य क्षेत्रों में निवेश का प्रस्ताव दिया। सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि योगी की ख्याति एवं उनके नेतृत्व में यूपी की सुशासन तथा इन्वेस्टमेंट अनुकूल सुलभ एवं सहज नीतियों के कारण औद्योगिक घराने निवेशकर्ता प्रदेश में निवेश हेतु स्वतः इच्छुक दिखे।

# अपराधियों पर सख्ती में कोई कोताही न बरतें : योगी

**नवीन मेल नेटवर्क। गोरखपुर**

फरियादियों की समस्याओं के प्रति संवेदनशीलता और उनके साथ आए नौनिहालों के प्रति स्नेह-अनुराग। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की यह सहज कार्यशैली सबको अपना मुरीद बना लेती है। मंगलवार को भी सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में ऐसा ही दृश्य देखने को मिला। करीब दो घण्टे तक सीएम योगी जनता दर्शन में मौजूद रहे। फरियादियों की भीड़ में एक-एक फरियादी तक खुद जाकर उनकी पीड़ा सुनी, उसे महसूस किया और समस्या के त्वरित निराकरण का निर्देश अधिकारियों को दिया। अफसरों को हिदायत देते हुए दो टूक कहा, प्राथमिकी दर्ज करने और अपराधियों पर सख्ती में कोई कोताही नहीं होनी चाहिए।



### 600 लोगों की सुनीं समस्याएं

गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार के बाहर आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दो चरणों में करीब 600 लोगों की समस्याएं सुनीं। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्देशित किया कि हर मामले का निस्तारण संतुष्टिपरक होना चाहिए ताकि कोई भी फरियादी परेशान न हो। एक फरियादी ने सीएम को बताया कि कुछ लोग घर से लड़के को बुलाकर ले गए थे। चार दिन बाद उसकी लाश मिली थी। मुकदमा नहीं दर्ज हो रहा। इस पर मुख्यमंत्री ने फरियादी को आश्वस्त किया कि वह चिंता मत करे, कार्रवाई कराकर न्याय दिलाएंगे। उन्होंने एसएसपी को उसका प्रार्थना पत्र देते हुए त्वरित एक्शन लेने का निर्देश दिया। एक महिला ने बैंक में रुपया जमा होने के बाद भी बैंक से जमा संबंधी कागज न मिलने की शिकायत की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि यदि रुपया जमा हुआ है तो जमा का कागज दिलाया जाए या महिला का रुपया बैंक से वापस कराया जाए। जनता दर्शन में कमिश्नर रवि कुमार एनजी, डीएम कृष्णा करुणेश, एसएसपी डॉ गौरव ग्रोवर आदि मौजूद रहे।

### बच्चों को चॉकलेट संग मिला सीएम योगी का प्यार-दुलार

जनता दर्शन में अपनी माताओं के साथ आए नन्हे मुन्ने बच्चों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का प्यार-दुलार व आशीर्वाद मिला। उन्होंने बच्चों का हालचाल पूछा, पढ़ने के लिए प्रेरित कर उन्हें चाकलेट गिफ्ट किया।

### दर्शन-पूजन के बाद गोसेवा भी

सीएम योगी ने जनता दर्शन में आने के पूर्व गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन किया। उसके बाद ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि पर माथा टेक आशीर्वाद लिया। भ्रमण करते हुए गोशाला पहुंचे और गोसेवा की। गायों, बछड़ों को चना और गुड़ खिलाया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोप्रेम और गोसेवा के लिए विख्यात हैं। गोवंश के प्रति उनके स्नेह का असर यह कि उनकी एक आवाज पर गोरखनाथ मंदिर की गोशाला के गोवंश दौड़े चले आते हैं। मंगलवार सुबह मंदिर की गोशाला में जैसे ही योगी ने गौरी, श्यामा का नाम लेकर आवाज दी, गाय व बछड़े झूमते हुए उनके पास आ गए। एक बछड़े के अधिक रंभाने पर वह बोल पड़े, तेरी माई कहां है। योगी ने सभी गोवंश को अपने हाथों से गुड़-चना खिलाकर दुलार किया।

## अणुव्रत को दिल्ली से पहले दुबराजपुर ले जाया गया



**आसनसोल।** पशु तस्करी मामले में गिरफ्तार तृणमूल नेता अणुव्रत मंडल को उनके गृह जिले बीरभूम के दुबराजपुर ले जाया गया है। आसनसोल दुर्गापुर पुलिस कमिश्नरेट की पुलिस मंगलवार सुबह तकरीबन आठ बजे आसनसोल विशेष सुधार गृह पहुंची। विशेष सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि अणुव्रत मंडल को पेशी के लिए आसनसोल से दुबराजपुर कोर्ट ले जाया गया। सूत्रों ने बताया कि कई साल पहले बीरभूम जिले के दुबराजपुर में सीपीएम और तृणमूल में झड़प हुई थी जिसमें दुबराजपुर थाने के एक सब-इंस्पेक्टर की मौत हो गई थी। मंडल को उसी मामले को लेकर दुबराजपुर कोर्ट में पेशी के लिए ले जाया गया। वहीं ईडी को दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट ने अनुव्रत मंडल को दिल्ली लाकर पूछताछ करने की अनुमति दे दी है जिसके बाद ईडी अणुव्रत मंडल को दिल्ली ले जाने की तैयारी में थी लेकिन अब इसमें कुछ विलंब हो सकता है।

## कटिहार में बेकाबू भीड़ पर पुलिस ने भांजी लाठी

**एजेंसी। कटिहार**

मंगलवार को मतगणना स्थल के बाहर खड़ी भीड़ पर पुलिस को लाठी भांजनी पड़ी। प्रतिनिधियों के समर्थक तीनगछिया बाजार समिति के बाहर खड़े थे और मुख्य प्रवेश द्वार के अंदर घुसने का प्रयास कर रहे थे। पहले तो प्रवेश द्वार पर तैनात पुलिस बल ने बेकाबू समर्थकों को समझाने का प्रयास किया लेकिन समर्थक मानने को तैयार नहीं हुए। जबरन प्रवेश द्वार के भीतर घुसने लगे। इसके बाद पुलिस ने भीड़ को काबू में लाने के लिए लाठी चार्ज कर दिया। इससे अचानक वहां भगदड़ मच गई। इस दौरान पुलिस और समर्थकों के बीच जमकर बहसबाजी भी हुई। शहर के तीन गछिया स्थित कृषि उत्पादन बाजार समिति के प्रांगण में मंगलवार को नगर पालिका चुनाव के प्रथम चरण की मतगणना चल रही है। जिले के पांच नगर पंचायत अमदाबाद, मनिहारी, बारसोई कोढा, कुसेर्ला के मतों की गिनती प्रारंभ हो गई है। मतगणना के बाद पांचों नगर पंचायत मुख्य विभिन्न पदों के कुल 516 प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला आज होना है।

## सीवान में लॉटरी से हुआ हार-जीत का फैसला

**सीवान।** सीवान में मतगणना के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। यहां 2 प्रत्याशियों को एक साथ बराबर मत मिला। इसके बाद निर्वाचित पदाधिकारी (एसडीओ) संजय कुमार ने लॉटरी के माध्यम से जीत हार का फैसला किया। महाराजगंज नगर पंचायत के वार्ड छह के महिला प्रत्याशी रंजू देवी और संगीता देवी के मतगणना के दौरान दोनों का वोट बराबर हो गया। दोनों को ही 249 मत प्राप्त हुए। इसके बाद महाराजगंज निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीओ संजय कुमार ने डोनेट को फैसला सुनाते हुए एक बॉक्स में हार जीत का लिफाफा लिख कर उस बॉक्स में छोड़ दिया। फिर दोनों प्रत्याशियों को एक-एक पर्ची निकाल कर दिखाने को कहा गया।

**सुधाकर सिंह का नीतीश पर हमला**

## बिहार को आपातकाल की तरफ ले जा रहे हैं सीएम



**एजेंसी। पटना**

मंगलवार को बिहार के पूर्व कृषि मंत्री सुधाकर सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर फिर से नीतीश सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री बिहार को आपातकाल की तरफ ले जा रहे हैं। सुधाकर सिंह ने साफ तौर पर आने वाले समय में वो बिहार के 38 जिलों में जनसभा कर नए कृषि विधेयक के बारे में जागरूक करने के साथ साथ सरकार की नीतियों का भी पोल खोलने का काम करेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि बिहार में कार्यपालिका विधायिका की नहीं सुन रही है और इस सरकार में किसानों के हितों की बात नहीं हो पा रही हैं। इसके लिए बजट सत्र से पहले सभी जिलों में घूम कर किसानों से राय लेने के साथ-साथ जनसभा कर लोगों को जागरूक किया जाएगा। सुधाकर सिंह ने सीएम नीतीश कुमार पर भी बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सरकार विधानसभा की कार्रवाई भी अपने हिसाब से चलवा रही है। विरोधी और सताधारी दल के विधायकों की भी स्पीकर नहीं सुनते हैं। पूर्व कृषि मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री बिहार को आपातकाल की तरफ ले जा रहे है। एक तानाशाह की भाषा सीएम नीतीश कुमार बोलते हैं। कृषि को लेकर लाए हुए विधेयक पर चर्चा नहीं कराना चाहते हैं।

## पुलिस व नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर



**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में पुलिस और नक्सलियों की मुठभेड़ में आज एक नक्सली को मार गिराया गया। घटना स्थल पर हथियार और अन्य सामग्री बरामद की गयी है। पुलिस अधीक्षक आंजनेय वाष्णेय ने बताया कि सुबह मिरतुर थाना से जिला रिजर्व पुलिस के जवान गश्त में निकले थे, जैसे ही जवान तिमेनार और पोरावाड़ा जंगल के पास पहुंचे, घात लगाए नक्सलियों ने गोलीबारी शुरू करी दी। एक घंटे तक गोलीबार चली। घटना स्थल से एक नक्सली का शव और हथियार बरामद किया गया। क्षेत्र में गश्त जारी है।

## जायजा लेने गंगासागर पहुंचे भौमिक

**एजेंसी। गंगासागर**

मेले की तैयारियों का जायजा लेने पश्चिम बंगाल के सिंचाई मंत्री पार्थ भौमिक मंगलवार को गंगासागर पहुंचे हैं। वह आज करीब दस बजे काकद्वीप के लट आठ नंबर घाट पहुंचे। इसके बाद उन्होंने मुरीगंगा नदी से गाद निकालने की ताजा स्थिति जानी। बाद में कचुबेरिया होते हुए गंगासागर मेला मैदान पहुंचे। यहां उन्होंने सीबेड कटाव को रोकने के लिए टेट्रापोट विधि का उपयोग कर बांधों के निर्माण का भी निरीक्षण किया। साथ ही मंत्री मेले की समग्र तैयारियों का भी जायजा लिया। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बुधवार को सचिवालय में आगामी गंगासागर मेले को लेकर उच्च स्तरीय बैठक करेंगी। मेले की अधोसंरचना व प्रबंधन से जुड़े विभागों के मुख्य सचिव, गृह सचिव सहित सभी सचिव उपस्थित रहेंगे। मिली जानकारी के अनुसार, दक्षिण 24 परगना के जिलाधिकारी सुमित गुप्ता, सुंदरबन के पुलिस अधीक्षक भास्कर मुखर्जी के बैठक में शामिल होने की उम्मीद है। इस दिन सिंचाई मंत्री ने कहा कि मुरीगंगा नदी में कचुबेरिया और नामखाना से लट नंबर आठ से बेनुबन प्वाइंट तक पांच जनवरी तक ड्रेजिंग का काम पूरा कर लिया जाएगा। हालांकि 10 जनवरी को मेला शुरू होने से ठीक पहले बताया गया है कि सिंचाई विभाग और जिला प्रशासन 26 दिसंबर और छह जनवरी को दो पूर्ण कोटल के कारण समुद्र के किनारे बाढ़ को ध्यान में रखते हुए सभी तरह की तैयारियां पहले से कर रहा है।



## बघेल ने किया शहीद वीरनारायण सिंह इको टूरिज्म सर्किट का लोकार्पण

**रायपुर।** भेंट मुलाकात कार्यक्रम के तहत प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मंगलवार को बलौदाबाजार जिले के बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र में स्थित ग्राम सोनाखान पहुंचे, जहां पर उन्होंने छत्तीसगढ़ के शहीद वीरनारायण सिंह की स्मृति में बनाए गए इको टूरिज्म सर्किट एवं म्यूजियम का शुभारम्भ किया। सोनाखान के कुरूर्पाठ के घने जंगलों में प्रकृति के बीच इस कलाकृति को आकार दिया गया है। यह प्रदेश में अपनी तरह का पहला ऐसा म्यूजियम है, जहां ऑडियो-विजुअल सेटअप और एक विशेष धातु कॉर्टेन स्टील के माध्यम से शहीद वीर नारायण सिंह की जीवनी को प्रदर्शित किया गया है।

**महक उठा** पूरे बिहार में मकर संक्रांति पर बढ़ जाती है तिलकुट की डिमांड

# सहरसा में खाएं 'गया के तिलकुट'

**एजेंसी। सहरसा**

बिहार में गया जिले का तिलकुट पूरे हिंदुस्तान में फेमस है। तिलकुट की ब्रांडिंग भी गया जिला के ही तौर पर देश भर में की जाती है। लेकिन, अब गया का तिलकूट खाने के लिए न तो गया जाने की जरूरत है और न ही अपने जान-पहचान वालों के मध्यम से वहां से मंगाने की। सहरसा का बाजार भी तिलकुट की सौंधी खुशबू से महक उठा है।



गुड़ के चट्टे और तिल के लच्छे फेंटते दिखने वाले कारीगर गया जिले से ही आ गए हैं। बताया जाता है कि गया के कारीगरी अब सहरसा में अगले 45 दिनों तक रहेंगे और तिलकुट का कारोबार करेंगे। खासतौर से मकर संक्रांति के दिन बिहार में तिल और गुड़ खाने का रिवाज भी है। इस कारण से तैयारी अभी से ही शुरू कर दी गई है।

गया के कारीगर बताते हैं की ये लोग अब अगले 45 दिनों तक यहां रहेंगे। इस दौरान वे लोग हर दिन 2 क्विंटल तिलकुट तैयार करेंगे। इस तरह से सहरसा जिला में तकरीबन 90 क्विंटल तिलकुट बनाया जाएगा। तिलकुट बनाते समय इन कारीगरों का हाथ इतना तेज चलता है मानो हाथ नहीं, मशीन चल रहा हो।

कारीगर कन्हैया कुमार ने बताया कि वह हर साल 4 से 5 लोग सहरसा आते हैं, जो तिलकुट बनाने में उनकी मदद करते हैं। 45 दिन तक सहरसा में रहकर 90 क्विंटल तिलकुट बना लेंगे। इस बाबत स्वास्तिक तिलकुट दुकान संचालक रोहित कुमार ने बताया कि वे 40 वर्षों से गया के कारीगरों द्वारा तिलकुट बनवाते हैं। जिसे लोग काफी पसंद करते हैं। गया के कारीगर के हाथों के बने तिलकुट का स्वाद ही अलग होता है। तभी इतनी मात्रा में तिलकुट हमारे दुकान से हर साल बिक जाती हैं।

कन्हैया बताते हैं कि वे लोग तिलकुट के आइटम बनाते हैं। जिसमें चापड़ी, कटोरी, गुल्लक, काजू, तिल पापड़ी, साथ ही साथ खोवा का भी तिलकुट शामिल है।

## शराबकांडः मानवाधिकार की टीम पहुंची छपरा, करेगी जांच

**एजेंसी। पटना**

छपरा जहरीली शराबकांड की जांच करने नेशनल ह्यूमन राइट कमीशन की जांच टीम मंगलवार को बिहार पहुंच गयी है। टीम पहले पटना पहुंची और सड़क मार्ग से छपरा के सारण के लिए रवाना हो गई हो गई है। नेशनल ह्यूमन राइट कमीशन की जांच टीम सारण में पिछले दिनों शराब से हुई 71 से अधिक लोगों की मौत की जांच करेगी। नेशनल ह्यूमन राइट्स कमीशन की 10 सदस्यीय टीम आज दोपहर बिहार पहुंची है। जहरीली शराबकांड मामले पर एनएचआरसी की टीम पूरी तहकीकात कर केंद्र को अपना रिपोर्ट सौंपेगी। अब केंद्रीय जांच टीम के रिपोर्ट सौंपने के बाद ही इस मामले में कुछ कहा जा सकता है। केंद्रीय जांच टीम के सदस्यों ने फिलहाल इस मामले पर कुछ भी बतलाने से इंकार किया है। उल्लेखनीय है कि बिहार में शराबबंदी को लगभग सात साल पूरे हो गये है लेकिन जहां तहां शराब मिलने का सिलसिला लगातार जारी रहता है। पिछले सात साल में कई लोगों की मौत जहरीली शराब पीने से भी हो गयी है लेकिन खास बात यह है कि पिछले दिनों छपरा के सारण में हुई जहरीली शराबकांड में मरने वालों की संख्या अब तक की सर्वाधिक संख्या है। मानवाधिकार आयोग की टीम के आने के बाद नीतीश सरकार की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। क्योंकि, इस शराबकांड को लेकर विपक्ष लगातार हमलावर रहा है और इसमें दी जाने वाली मुआवजे को सीएम की ओर से दिये जाने से इंकार करने के बाद बिहार की राजनीति गर्म रही है।

## NEWS इन ब्रीफ

### रोहित के बाद सैनी भी दूसरे टेस्ट से बाहर

**मीरपुर।** भारत के टेस्ट कप्तान रोहित शर्मा इंजरी से पूरी तरह उबर नहीं पाये। वे बांग्लादेश के खिलाफ पहला टेस्ट मिस करने के बाद दूसरे मैच से भी बाहर हो गये हैं। मुंबई में अंगूठे की चोट का इलाज कराने के बाद वे बांग्लादेश आकर टीम से जुड़ने वाले थे। अब तेज गेंदबाज नवदीप सैनी भी दूसरे टेस्ट से बाहर हो गये। उन्हें मांसपेशियों में खिचांव है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने कन्फर्म किया कि रोहित शर्मा और नवदीप सैनी दूसरा टेस्ट नहीं खेलेंगे।

### भारत में वनडे नहीं खेलेंगे विलियमसन और साउदी

**वेलिंग्टन।** न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम ने जनवरी 2023 में होने वाले भारत दौरे के लिए वनडे टीम घोषित कर दी है। इस टीम में लिमिटेड ओवर्स के कप्तान केन विलियमसन और टेस्ट कप्तान टिम साउदी को आराम दिया गया है। दोनों पाकिस्तान में टेस्ट और वनडे सीरीज के बाद अपने घर लौट जाएंगे। विकेटकीपर टॉम लैथम विलियमसन की गैरमौजूदगी में कप्तानी करेंगे। वनडे सीरीज 18 जनवरी से शुरू होगी। टी-20 सीरीज के लिए टीम अब तक जारी नहीं की गई है।

### फुटबॉल सही मायने में वैश्विक बन रहा : जियानी

**दोहा (एजेंसी)।** अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ (फीफा) के अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने मंगलवार को कहा कि दुनिया भर के फुटबॉल प्रेमियों ने कतर में फीफा विश्व कप 2022 का आनंद लिया और अब यह खेल सही मायने में वैश्विक बन रहा है। इन्फेंटिनो ने कहा कि इतिहास में पहली बार हर महाद्वीप से टीमें फीफा विश्व कप के नॉकआउट चरण में पहुंची हैं, जिससे प्रतियोगिता का स्तर अविश्वसनीय रूप से ऊंचा रहा है। हम देख सकते हैं कि फुटबॉल वास्तव में वैश्विक होता जा रहा है। उन्होंने टूर्नामेंट के मेजबान कतर को धन्यवाद देते हुए कहा कि आपने और यहां के लोगों ने इस खूबसूरत देश में दुनिया का स्वागत करने के लिए जो किया है, वह अविश्वसनीय है।

### आईसीसी रैंकिंग : रिचा घोष चार पायदान बढ़ी

**दुबई।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 19 गेंदों पर नाबाद 40 रन बनाने वाली भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज रिचा घोष आईसीसी महिला टी-20 रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में चार पायदान आगे बढ़कर 40वें स्थान पर पहुंच गई हैं। भारत की ही दीप्ति शर्मा रैंकिंग के साप्ताहिक अपडेट के बाद एक पायदान ऊपर 32वें स्थान पर पहुंच गई हैं। ऑस्ट्रेलिया की ऑलराउंडर एशलीग गार्डनर ने भी अपनी रैंकिंग में सुधार किया है। वह बल्लेबाजों की सूची में एक पायदान ऊपर नौवें स्थान पर पहुंच गयी हैं।

# अपने ही घर में पाक का सूपड़ा साफ

## इंग्लैंड ने कराची टेस्ट में आठ विकेट से दी मात, सीरीज पर 3-0 से किया कब्जा

**एजेंसी। कराची**

इंग्लैंड ने पाकिस्तान को कराची टेस्ट मैच में हराकर इतिहास रच दिया है। पाकिस्तान में खेली गई तीन मैच की टेस्ट सीरीज में इंग्लैंड ने 3-0 से जीत हासिल की और पाकिस्तान का सूपड़ा साफ कर दिया। सीरीज के तीसरे और आखिरी टेस्ट में इंग्लैंड ने 8 विकेट से जीत हासिल की। इंग्लैंड की बैजबॉल नीति का असर यहां भी दिखा, क्योंकि पाकिस्तान के खिलाफ टीम ने पूरी तरह से आक्रामक खेल दिखाया।

इस टेस्ट मैच में पाकिस्तान ने पहली पारी में 306 का स्कोर बनाया था, जबकि इंग्लैंड ने पहली पारी में 354 रन बनाये थे। दूसरी पारी में पाकिस्तान की टीम 216 पर ही ऑलआउट हो गयी थी और फिर बाद में इंग्लैंड ने सिर्फ दो विकेट खोकर ही 170 के लक्ष्य को हासिल कर लिया और सीरीज को क्लीन स्वीप कर दिया। कराची टेस्ट में इंग्लैंड के लिए 18 साल के रेहान अहमद हीरो साबित



हुए, जिन्होंने अपने टेस्ट डेब्यू पर पांच विकेट झटके। रेहान अहमद टेस्ट क्रिकेट में अपने डेब्यू पर 5 विकेट लेने वाले सबसे युवा प्लेयर भी बन गए हैं, उन्होंने यह कारनामा 18 साल 128 दिन की उम्र में किया है। रेहान अहमद ने पहली पारी में 2, दूसरी पारी में 5 विकेट लिए थे।

पाकिस्तान के लिए यह हार काफी बुरी है, क्योंकि टेस्ट क्रिकेट इतिहास में पाकिस्तान को पहली बार घर में क्लीन स्वीप झेलना पड़ा है। साथ ही यह घर में उसने लगातार दूसरी सीरीज गंवाई है, इंग्लैंड से पहले ऑस्ट्रेलिया भी उसे घर में ही 1-0 से हराकर गया था। पाकिस्तान ने अपने घर में पहली बार कोई टेस्ट सीरीज 1954/55 में खेली थी, जब भारत वहां गया था। पांच टेस्ट की वह सीरीज 0-0 ड्रॉ हो गयी थी। इंग्लैंड ने पाकिस्तान में करीब 22 साल के बाद टेस्ट सीरीज जीती है। इससे पहले जब इंग्लैंड ने 2000/01 में पाकिस्तान का दौरा किया था, तब उसने 1-0 से सीरीज जीती थी। इंग्लैंड की पाकिस्तानी जमीं पर ये कुल मिलाकर तीसरी टेस्ट सीरीज जीत है।

### बाबर से छिन सकती है पाक टीम की कप्तानी

पाकिस्तान क्रिकेट में इस समय कुछ ठीक नहीं चल रहा है। पाकिस्तानी टीम इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज पहले ही 3-0 से गंवा चुकी है और अब बाबर आजम को कप्तान से हटाने की अटकलें लगायी जाने लगी है। देखा जाये तो पाकिस्तान टीम अपने होम सीजन में इस साल लगातार चार टेस्ट मुकाबले हार चुकी है। इंग्लैंड से पहले उसे ऑस्ट्रेलिया ने भी एक टेस्ट मैच में हरा दिया था। पाकिस्तान की टीम वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप 2021-23 से भी बाहर हो गयी है। अगर टीम का परफॉर्मेंस नहीं सुधरा तो उसे न्यूजीलैंड जैसी तगड़ी टीम के खिलाफ भी घरेलू सीरीज में परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

# अपने घर में अजेय अभियान जारी रखने उतरेगा राउंडग्लास पंजाब



**एजेंसी। पंचकुला**

**राउंडग्लास** पंजाब एफसी (आरजीपी) हीरो आई-लीग 2022-23 के राउंड-9 में बुधवार को अपने घरेलू मैदान ताऊ देवी लाल स्टेडियम पर वापसी करते हुए गत चैंपियन गोकुलम केरल एफसी को मात देना चाहेगी। इससे पहले आरजीपी ने घरेलू मैदान पर श्रीनिधि डेक्कन एफसी, मोहम्मडन स्पोर्टिंग क्लब और आइजोल एफसी को मात दी है, जबकि राजस्थान यूनाइटेड एफसी के साथ उसने ड्रॉ खेला है। आरजीपी अब तीन मैचों के बाद ताऊ देवी लाल स्टेडियम पर वापसी कर रही है। आरजीपी के मुख्य कोच स्टाइकोस वेरगेटिस ने मैच से पहले यहां संवाददाताओं से कहा कि हर मैच की तैयारी लगभग एक जैसी होती है। हम प्रतिद्वंद्वी का विश्लेषण करके मैच के लिए योजना बनाते हैं और उस के अनुसार ही प्रशिक्षण लेते हैं। हमारे खिलाड़ी मुकाबले के लिए अच्छी लय में हैं। फिलहाल अंक तालिका पर ध्यान देना जल्दबाजी होगी। एक टीम के रूप में हम एक समय में एक मैच पर ध्यान दे रहे हैं।

फिलहाल हमारा ध्यान मुकाबले पर है। आरजीपी ने अपना आखिरी मुकाबला गोवा में चर्चिल ब्रदर्स एफसी के खिलाफ खेला जो ड्रॉ रहा था। इस मैच में आरजीपी की रक्षण पंक्ति मजबूत दिखी थी और मेजबान टीम गोकुलम केरल की मजबूत फॉरवर्ड पंक्ति के खिलाफ उसे बरकरार रखना चाहेगी। आरजीपी पिछले सीजन में गोकुलम केरल एफसी के खिलाफ दोनों मैच हार गयी थी। फिलहाल यह टीम इस सीजन के सात मैचों में 14 अंक हासिल करके तालिका में चौथे स्थान पर है, जबकि गोकुलम केरल आठ मैचों में 15 अंकों के साथ तालिका में तीसरे स्थान पर है।

# फैन ने मोबाइल पर ऑटोग्राफ मांगा, धर्मसंकट में पड़े ईशान

### मोबाइल पर पहले से था माही का साइन, धोनी से ऊपर कैसे करें साइन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे वनडे में दोहरा शतक जड़कर सुर्खियां बटोरनेवाले भारतीय क्रिकेटर ईशान किशन रणजी ट्रॉफी के दौरान उस समय धर्मसंकट में फंस गये जब एक फैन ने अपने मोबाइल पर ऑटोग्राफ मांगा। दरअसल, उस कवर पर पहले से ही महेंद्र सिंह धोनी का ऑटोग्राफ था। ईशान के सिग्नेचर के लिए नीचे जगह नहीं थी। हां, थोड़ी जगह धोनी के ऑटोग्राफ के ऊपर जरूर थी। ऐसे में किशन सोच में पड़ गये कि धोनी के ऑटोग्राफ के ऊपर कैसे साइन कर दें...? सोशल मीडिया पर इसका वीडियो काफी पसंद किया जा रहा है।

वीडियो में ईशान को कहते सुना जा रहा है कि माही भाई का सिग्नेचर है और उसके ऊपर मुझे कह रहे हैं करने को, मुझसे यह हो नहीं रहा है। माही भाई के सिग्नेचर के साथ में मैं क्या करूंगा। माही भाई के सिग्नेचर के ऊपर मैं कहां से घुस जाऊं, अभी हम लोग उनके बराबरी तक पहुंचे नहीं हैं। मैं नीचे कर देता हूं, ठीक है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि टीम इंडिया के क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी की कितनी इज्जत करते हैं।

### पाक टीम में अनुभवी खिलाड़ियों की कमी

**कराची।** पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने घरेलू टेस्ट सीरीज में इंग्लैंड के हाथों मिली 3-0 की हार के बाद मंगलवार को कहा कि टीम में अनुभवी खिलाड़ियों का न होना उन पर भारी पड़ा। वर्ष 2000 के बाद पहली बार टेस्ट खेलने पाकिस्तान आयी इंग्लैंड ने मेजबान टीम को तीसरे टेस्ट में मंगलवार को आठ विकेट से मात देकर सीरीज क्लीन स्वीप कर ली। इससे पूर्व इंग्लैंड ने पाकिस्तान को पहले टेस्ट में 74 रन से, जबकि दूसरे टेस्ट में 26 रन से हराया था। बाबर ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा कि इस सीरीज में पाकिस्तान के लिये कई खिलाड़ियों ने पदार्पण किया। आपको टेस्ट क्रिकेट में अनुभव की जरूरत होती है और हमारे पास इनकी कमी थी।



# अर्जेंटीना पहुंचे मेसी, सड़कों पर उमड़ा हुजूम

**एजेंसी। ब्यूनस आयर्स**

फीफा वर्ल्ड कप 2022 जीतने के बाद अर्जेंटीना की टीम अपने देश लौट गयी है। जहां एयरपोर्ट पर हजारों की भीड़ ने अपनी वर्ल्ड चैम्पियन टीम का स्वागत किया। कप्तान लियोनेल मेसी की अगुवाई में टीम ने फ्रांस को फाइनल में 4-2 (पेनल्टी शूटआउट) में मात देकर इतिहास रचा था। अर्जेंटीना ने 1986 के बाद पहली बार कोई फीफा वर्ल्ड कप जीता है, जबकि यह उसका तीसरा वर्ल्ड कप है। खास बात यह है कि यह लियोनेल मेसी का आखिरी वर्ल्ड कप था। मंगलवार की सुबह (भारतीय समयानुसार) अर्जेंटीना के खिलाड़ी राजधानी ब्यूनस आयर्स के इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पहुंचे। जहां हजारों की संख्या में लोग अपने वर्ल्ड चैम्पियन का स्वागत करने के लिए तैयार थे। कप्तान लियोनेल मेसी हाथ में ट्रॉफी लिए फ्लाइट से बाहर निकले और लोगों का अभिवादन किया। अर्जेंटीना के खिलाड़ियों ने यहां पर बस में बैठकर रोड शो में हिस्सा लिया, चारों ओर हजारों की संख्या में फैन्स बस को घेरे हुए थे और खिलाड़ी ट्रॉफी को दिखाते हुए जश्न मना रहे थे। अर्जेंटीना की राजधानी में लाखों की संख्या में फैन्स लगातार जश्न मना रहे हैं। अर्जेंटीना ने जब फाइनल में फ्रांस को हराया उसी के बाद ये जश्न नॉनस्टॉप जारी है। अर्जेंटीना के फुटबॉल एसोसिएशन ने इस बात की पुष्टि की थी कि वर्ल्ड चैम्पियन खिलाड़ी भी यहां पर आकर फैन्स के साथ जश्न में शामिल होंगे।

# रणजी ट्रॉफी में सूर्यकुमार यादव ने खेली तूफानी पारी, शतक से चूके

**एजेंसी। मुंबई**

टी-20 फॉर्मेट में टीम इंडिया के लिए धमाल मचानेवाले सूर्यकुमार यादव इन दिनों रणजी ट्रॉफी खेल रहे हैं। मंगलवार को मुंबई और हैदराबाद के बीच शुरू हुए रणजी मैच में सूर्यकुमार यादव ने 90 रनों की तूफानी पारी खेली। करीब तीन साल बाद रेड बॉल क्रिकेट में वापसी कर रहे 32 साल के सूर्यकुमार यादव ने 80 बॉल में 90 रनों की पारी खेली। इस दौरान उन्होंने 15 चौके और एक छक्का लगाया। सूर्या ने करीब 113 के स्ट्राइक रेट से रन बनाये। हालांकि, वह 90 के निजी स्कोर पर एलबीडब्ल्यू आउट हो गए। रणजी मैच में भी सूर्यकुमार यादव का तेवर कम नहीं हुआ और उन्होंने आक्रामक खेल ही दिखाया। अपनी पारी में सिर्फ 45 डॉट बॉल खेलीं और अधिकतर रन बाउंड्री से ही



बनाए। सूर्यकुमार यादव की तीन साल बाद रेड बॉल क्रिकेट में वापसी दमदार रही है।

**टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू बाकी :** बता दें कि साल 2022 में सूर्यकुमार यादव टीम इंडिया के लिए सबसे दमदार प्लेयर रहे हैं। टी-20 फॉर्मेट में सूर्यकुमार यादव का जलवा देखने को मिला है, जबकि वनडे क्रिकेट में भी उन्होंने दमदार पारियां खेली हैं। हालांकि, सूर्यकुमार यादव को अभी टेस्ट टीम में जगह नहीं मिली है। रणजी ट्रॉफी में अगर वह दमदार खेल दिखाते हैं तो टीम इंडिया में मिडिल ऑर्डर के लिए एक बेहतरीन च्वाइस हो सकते हैं। जिस फॉर्म और कॉन्फिडेंस के साथ सूर्यकुमार यादव खेल रहे हैं, ऐसे वक्त में टेस्ट क्रिकेट में उनका डेब्यू होना शानदार हो सकता है।

### आईएलटी-20 में खेलेंगे यूसुफ

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय और भारतीय क्रिकेट से संन्यास ले चुके यूसुफ पठान अगले महीने संयुक्त अरब अमीरात में शुरू होनेवाली इंटरनेशनल लीग टी-20 (आईएलटी-20) के उद्घाटन सत्र में दुबई कैपिटल्स के लिए खेलेंगे। कैपिटल्स ने यह जानकारी दी। सितम्बर में भारतीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करने वाले रॉबिन उथप्पा भी कैपिटल्स में शामिल हो चुके हैं।

# झारखंड महिला टीम ने यूपी को 5-1 से हराया

### पुरुष टीम को मेजबान उड़ीसा से मिली शिकस्त

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

ओडिशा की राजधानी भुनेश्वर में 20 से 30 दिसम्बर तक आयोजित क्वालीफाई खेलो इंडिया यूथ गेम 2022 में मंगलवार को हॉकी झारखंड की महिला टीम ने हॉकी



उत्तर प्रदेश को प्रमोदनि लकड़ा के हैट्रिक गोल की बदौलत 5-1 से पराजित कर जीत के साथ शुरुआत की। वहीं, इसी प्रतियोगिता में हॉकी झारखंड पुरुष टीम को उड़ीसा की टीम से 1-3 से पराजय मिली। पुरुष टीम का अगला मैच 21 दिसम्बर को हॉकी मध्य प्रदेश के साथ तथा महिला वर्ग का हॉकी मणिपुर के साथ है।






**आईपीएल 2023** | 23 दिसम्बर को कोच्चि में होना है मिनी ऑक्शन

# खास रणनीति अपनायेगी आरसीबी

**एजेंसी। बेंगलुरु**

आईपीएल 2023 के लिए सभी टीमें तैयारी में लग गयी हैं। इसमें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) इस बार एक खास रणनीति के साथ मैदान पर दिखाई दे सकती है। 23 दिसम्बर को कोच्चि में होनेवाले मिनी ऑक्शन के लिए टीम के पास 8.75 करोड़ रुपये की पर्स वैल्यू मौजूद है। टीम को इस रकम में 9 खिलाड़ी खरीदने हैं। इनमें दो विदेशी खिलाड़ियों में आरसीबी सबसे पहले अफ्रीकी तेज गेंदबाज वेन पार्नेल को अपने खेमे में शामिल करने की ओर देखना चाहेगी। ऑक्शन के लिए पार्नेल की बेस प्राइज 75 लाख रुपये है। इसके अलावा टीम इंग्लैंड के स्पिनर आदिल राशिद को टीम में एक विकल्प के रूप में जरूर देखना चाहेगी। दो करोड़ की बेस



प्राइज वाले आदिल राशिद ने टी-20 वर्ल्ड कप में शानदार गेंदबाजी की थी। टीम ने अभी तक एक भी खिताब अपने नाम नहीं किया है। इस बार टीम पहली ट्रॉफी की उम्मीद में कुछ खास रणनीतियां अपनायेगी। हर बार बल्लेबाजी में मजबूत दिखाई देनेवाली टीम, गेंदबाजी में मात खा जाती है। इस बार टीम ने मिनी ऑक्शन से पहले सिर्फ पांच खिलाड़ियों को ही रिलीज किया है। टीम को फिलहाल नौ खिलाड़ियों की दरकार है। इसमें सात भारतीय और दो विदेशी खिलाड़ी हैं।

**ऐसा है मौजूदा स्क्वाड :** फाफ डु प्लेसिस (कप्तान), शाहबाज अहमद, फिन एलेन, आकाश दीप, वानिंदु हसरंगा, जोश हेजलवुड, दिनेश कार्तिक, सिद्धार्थ कौल, विराट कोहली, महिपाल लोमरोर, ग्लेन मैक्सवेल, हर्षल पटेल, रजत पाटीदार, सुयश प्रभुदेसाई, अनुज रावत, कर्ण शर्मा, मो. सिराज, डेविड विली।

**इन खिलाड़ियों को किया रिलीज :** जेसन बेहरनडॉर्फ (ट्रेडेड), शेरफेन रदरफोर्ड, चामा मिलिंद, अनेश्वर गौतम, लवनिथ सिसोदिया।

### पहले से ही काफी मजबूत है टीम

टीम पहले से ही काफी मजबूत दिखायी दे रही है। मिनी ऑक्शन में टीम ने किसी बड़े और अहम खिलाड़ी को रिलीज नहीं किया था। टीम में विराट कोहली और फिन ऐलन ओपनिंग जिम्मेदारी संभालने के लिए मौजूद हैं। इसके अलावा मिडिल ऑर्डर में टीम के पास फाफ डु प्लेसिस, रजत पाटीदार, शाहबाज अहमद और फिनिशर के रूप में विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक जैसे बल्लेबाज मौजूद हैं। टीम का गेंदबाजी डिपार्टमेंट हमेशा से ही दिक्कत बना है। हालांकि, टीम में बतौर तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड, मोहम्मद सिराज और डेविड विली मौजूद हैं। ऐसे में पर्नेल टीम को मजबूती प्रदान कर सकते हैं। वहीं स्पिनर्स में टीम के पास वानिंदु हसरंगा जैसा स्टार गेंदबाज पहले से ही मौजूद है। ऐसे में आदिल राशिद टीम स्पिन विभाग में मजबूती प्रदान करेंगे।

## NEWS इन ब्रीफ

### कोयला खदानों के लिए बोली जमा कराने की तिथि 13 जनवरी तक बढ़ी

**नयी दिल्ली।** कोयला मंत्रालय ने वाणिज्यिक कोयला खदान नीलामी व्यवस्था के तहत इस समय चल रही प्रक्रिया में बोली जमा करने की तारीख बढ़ा कर 13 जनवरी कर दी है। यह जानकारी मंत्रालय की सोमवार को जारी एक विज्ञप्ति में दी गयी है। मंत्रालय ने पांचवें दौर की नीलामी के दूसरे प्रयास तथा छठे दौर की नीलामी के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन बोलियां जमा करने के लिए 30 दिसंबर 2022 की तारीख तय की थी। मंत्रालय ने इस नीलामी को लेकर हाल ही में मुंबई, बेंगलुरु और इंदौर में निवेशकों के सम्मेलन का आयोजन किए थे। मंत्रालय के अनुसार इन निवेश सम्मेलनों में अच्छी भागीदारी हुई थी।

### टैक्स से शराब को भारी नुकसान

**नयी दिल्ली।** इंटरनेशनल स्पिरिट्स एंड वाइन एसोसिएशन ऑफ इंडिया (आईएसडब्ल्यूएआई) ने शराब पर लगने वाले टैक्स में कौटती की मांग की है।
आईएसडब्ल्यूएआई का कहना है कि भारी टैक्स चलते लीकर इंडस्ट्रीज को भारी नुकसान झेलना पड़ा रहा है, जिसकी वजह से देश में 15 लाख लोगों के रोजगार पर संकट के बाद मंडराने लगे हैं। भारी टैक्स देश में शराब उद्योग के भविष्य को खतरे में डाल रहा है। देश में प्रीमियम अल्कोबेव उद्योग के शीर्ष निकाय आईएसडब्ल्यूएआई ने कहा कि उत्पाद की कीमतों में टैक्स का हिस्सा 67 से 80 प्रतिशत है। इससे व्यापार को बनाए रखने और उसे ऑपरेट करने में बहुत कम बचत होती है।

### रेडियंट कैश मैनेजमेंट का आईपीओ23 दिसंबर को खुलेगा

**नयी दिल्ली।** रेडिएंट कैश मैनेजमेंट सर्विसेज ने अपने 388 करोड़ रुपए के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए मूल्य दायरा 94-99 रुपए प्रति शेयर तय किया है। कंपनी ने मंगलवार को बयान में यह जानकारी दी। कंपनी का आईपीओ 23 दिसंबर को खुलकर 27 दिसंबर को बंद होगा। आईपीओ में 60 करोड़ रुपए तक के नए शेयर जारी किए जाएंगे।

### यूएई एयरपोर्ट पर नहीं पड़ेगी पासपोर्ट और टिकट की जरूरत

नयी दिल्ली। यूएई ने यात्रियों को बेहतर और आसान सुविधाएं देने के लिए अबू धाबी हवाई अड्डे पर बायोमेट्रिक सेवा शुरू कर दी है जिससे यात्रियों को अब किसी पासपोर्ट या टिकट की आवश्यकता नहीं होगी। यात्री का चेहरा ही उसका बोर्डिंग पास होगा यानी यात्री एयरपोर्ट पर बोर्डिंग पास लेने के लिए अपने चेहरे का इस्तेमाल कर सकते हैं। फेस रिकग्निशन सेवाओं को चुनिंदा सेल्फ-सर्विस बैगेज टचपॉइंट्स, इमिग्रेशन ई-गेट्स और बोर्डिंग गेट्स पर लागू की जाएगी।

# बैंकिंग तंत्र में कैश की किल्लत



**एजेंसी। नई दिल्ली**
बैंकिंग तंत्र में तीन हफ्ते में पहली बार नकदी की किल्लत देखी गई। इसकी वजह से बैंकों को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से बड़ी मात्रा में उधारी लेनी पड़ी है। बैंकिंग तंत्र में नकदी की अचानक कमी आने की मुख्य वजह तिमाही के अंत में अग्रिम कर भुगतान के लिए धनरा?शि की निकासी है। इसके अलावा विश्लेषकों का कहना है कि बैंकों से नकदी की निकासी और आरबीआई द्वारा विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप के कारण भी तरलता में कमी आई है। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार 16 दिसंबर तक केंद्रीय बैंक ने बैंकिंग तंत्र में 40,853 करोड़ रुपए डाले हैं। 24 नवंबर के बाद पहला मौका है, जब आरबीआई ने बैंकिंग तंत्र में नकदी डाली है। आंकड़ों के मुताबिक केंद्रीय बैंक ने 30 अक्टूबर के बाद सबसे ज्यादा नकदी 16 दिसंबर को डाली है। 17 दिसंबर को भी 24,220 करोड़ रुपए और 18 दिसंबर को 21,793 करोड़ रुपए की तरलता बढ़ाई गई है। आरबीआई द्वारा नकदी डाले जाने का मतलब है कि बैंकों के पास तरलता कम हुई है, जबकि बैंकिंग तंत्र से नकदी खींचने का अर्थ बैंकों के पास अ?धिशेष नकदी होना है। 16 दिसंबर से पहले आरबीआई हर दिन औसतन 1.5 लाख करोड़ रुपए की नकदी बैंकिंग तंत्र से खींच रहा था। आईडीएफसी बैंक में अर्थशास्त्री गौरा सेनगुप्ता ने कहा, अग्रिम कर भुगतान के लिए निकासी और सरकारी खर्च की धीमी रफ्तार के कारण बैंकों के पास नकदी की किल्लत हुई है। सरकारी व्यय की धीमी रफ्तार का पता सरकार के पास मौजूद नकदी अधिशेष से भी चलता है, जो 2 दिसंबर को 1 लाख करोड़ रुपए था और 9 दिसंबर को बढ़कर 1.5 लाख करोड़ रुपए पहुंच गया। उन्होंने कहा, जीएसटी भुगतान के लिए निकासी की वजह से 20 दिसंबर तक नकदी की कमी बनी रह सकती है। इस महीने के अंत तक सरकारी खर्च में भी तेजी आएगी, जिससे बैंकिंग तंत्र में नकदी की स्थिति में सुधार हो सकता है। विश्लेषकों के मुताबिक बैंकिंग तंत्र से नकदी की निकासी इस महीने बढ़ी है क्योंकि 9 दिसंबर तक नकदी परिचालन 26,900 करोड़ रुपए तक बढ़ गया था।

## आवास ऋण के ब्याज पर कटौती की सीमा बढ़ाई

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट क्षेत्र के निकाय क्रेडाई ने आवास ऋण के ब्याज पर कटौती (डिडक्शन) की सीमा को मौजूदा के दो लाख रुपए से बढ़ाकर पांच लाख रुपये करने की मांग की है। क्रेडाई ने अपनी बजट मांगों में कहा है कि मई से आवास ऋण पर ब्याज दरों में बढ़ोतरी हुई है जिसके मद्देनजर कटौती की सीमा बढ़ाने की जरूरत है। मई से रेपो दरों में 2.25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है जिसकी वजह से आवास ऋण पर ब्याज दरें बीते सात महीने में करीब दो प्रतिशत बढ़कर 8.5 प्रतिशत हो गई हैं। क्रेडाई ने कहा कि आवास ऋण की मासिक किस्त (ईएमआई) में ब्याज दरों की वजह से वृद्धि हुई है। निकाय ने कहा कि आवास ऋण पर अदा किए जाने वाले ब्याज पर छूट की सीमा को मौजूदा दो लाख रुपए से बढ़ाकर कम से कम पांच लाख करने की जरूरत है।

## नई ऑडी अप्रूव्ड प्लस और सर्विस फैसिलिटी का शुभारंभ

**नवीन मेल संवाददाता**
**रांची।** पुरुलिया रोड, कांटाटोली के पास लक्जमरी कार बनाने वाली जर्मन कंपनी ऑडी ने रांची में नई प्री-ओन्ड कार फैसिलिटी ऑडी अप्रूव्डपः प्लस का उद्घाटन किया है। इसके अलावा एक नई सर्विस फैसिलिटी भी खोली गई है। यह नई फैसिलिटी 12500 वर्गफीट में फैली है। यहां 8 कार डिस्प्ले और 7 वर्कशॉप बेज हैं। इस अवसर पर ऑडी इंडिया के हेड बलबीर सिंह ढिल्लटन ने कहा कि लक्जरी को लेकर महत्वाकांक्षाएं बहुत अधिक हैं। रांची में प्री-ओन्ड लक्जरी कारों की मांग उछाल पर है। हमें रांची में नई अत्याधुनिक ऑडी अप्रूव्ड : प्लस फैसिलिटी का शुभारंभ करते हुए खुशी हो रही है। यह भारत में ऑडी की 21वीं प्री-ओन्ड कार फैसिलिटी है। इसके अलावा हमने एक सर्विस फैसिलिटी भी दी है, जो बड़े पैमाने पर ग्राहकों के काम आएगी। ऑडी रांची के डीलर




प्रिंसिपल देवज्योलति पटनायक ने कहा कि हम भुवनेश्वकर से लेकर अब रांची तक ऑडी के साथ अपनी भागीदारी को बढ़ाते हुए खुश हैं। रांची में नये ऑडी अप्रूव्ड्प्ल स शोरूम का उद्घाटन एक महत्व पूर्ण अवसर है। रांची में ऑडी के कारों की मांग है। उस मांग को देखते हुए रांची में शोरूम खोला गया है। पटनायक ने कहा कि हमें एक सर्विस फैसिलिटी जोड़ने की भी खुशी है, जो अपने ग्राहकों के करीब आने में हमारी मदद करेगी। रांची शहर में प्री-ओन्डन लक्जरी कारों की मांग बढ़ी है। डीलरशिप को ऑडी का अनुभव लेने के इच्छुक नये ग्राहकों की भीड़ लगने की उम्मीद है।

## किसान का बेटा बना एयरलाइंस का मालिक

**एजेंसी। नई दिल्ली**
एक तमिल फिल्म है 'सोरारई पोटरू' इस फिल्म में मुख्य किरदार की भूमिका सूर्या ने निभाई है। फिल्म की कहानी गांव के एक ऐसे शख्स के ऊपर बेस्ड है, जो कम लागत वाली एयरलाइन सर्विस शुरू करने के अपने सपने को पूरा करने के लिए तमाम तरह की मुश्किलों से जूझता है। राजनेताओं और व्यापारियों तक से लोहा लेता है। फिल्म एक्शन और ड्रामा से भरपूर है। 'सोरारई पोटरू' फिल्म को कई कैटगरी में नेशनल अवार्ड भी मिला और इसके साथ ही एक बार फिर से चर्चा में आया वो शख्स जिसकी वास्तविक जिंदगी और उसके संघर्षों को इस फिल्म में फिल्माया गया। उस शख्स का नाम है कैप्टन जीआर गोपीनाथ । वह एक किसान का बेटा है जो काफी मेहनत से ऊचाईयों को छु पाया है। आज वह एयरलाइंस का मालिक है। 'मैंने दूध



बेचने के लिए जानवर पाले, मुर्गी फार्मिंग की, सिल्कवॉर्म फर्मिंग की, बाइक का डीलर बना, कृषि सलाहकार बना और अंत में एक एविएशन एंटरप्रेन्योर बना। स्ट्रगलिंग, फॉलिंग, राइजिंग, फॉलिंग, राइजिंग अगेन एंड टेकिंग ऑफ'। सिंपली फ्लाइंग नाम से लिखी किताब में कैप्टन गोपीनाथ अपने जीवन के संघर्षों और सफलताओं को ऐसे ही कुछ शब्दों में बयां कर जाते हैं। लेकिन हर एक शब्द के पीछे छिपी होती हैं उम्मीदें, भावनाएं और अथाह संघर्ष।

## एक्स-रे मशीनों की संख्या बढ़ाने से भीड़ में आई कमी

**नई दिल्ली।** मोदी सरकार के मंत्री ने दिल्ली हवाईअड्डे पर भीड़भाड़ की चिंताओं के बाद एक साझा किया। ट्वीट करते हुए मंत्री ने लिखा कि दिल्ली हवाईअड्डे के टर्मिनल-3 पर सामान (बैगेज) की जांच के लिए एक्स-रे मशीनों की संख्या बढ़ाने से भीड़ कम करने मदद मिली है। यहां पर मशीनों की संख्या बढ़ाकर 18 कर दी गई है। हाल के हफ्तों में राष्ट्रीय राजधानी में इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (आईजीआईए) भारी भीड़ की समस्या से जूझ रहा है। इसकी वजह से यात्रियों को लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। कई यात्रियों सोशल मीडिया पर इस स्थिति की जानकारी दी। इसी के मद्देनजर सभी संबंधित एजेंसियां उपाय कर रही हैं। प्रवेश द्वार पर सुरक्षा कर्मियों की संख्या बढ़ाने जैसे उपाय किए गए हैं। मंत्री ने कहा, दिल्ली हवाई अड्डे पर सुरक्षा जांच क्षेत्र में नौ दिनों के अंदर पांच एक्स-रे मशीनें लगाई गई है।

## एसुस ने सामानों पर की छूट की घोषणा

**नवीन मेल संवाददाता**
**रांची।** एसुस इंडिया, रिपब्लिक ऑफ गेमर्स (आरओजी) ने मंगलवार को एसुस गेमिंग डेज सेल की घोषणा की। इस सेल के अंतर्गत एसुस ई-शॉप, एसुस एक्सक्लूसिव स्टोर्स और आरओजी स्टोर्स पर पूरे गेमिंग पीसी पोर्टफोलियो पर रोमांचक ऑफर्स की पेशकश की जा रही है। 19 दिसंबर से शुरू होकर 23 दिसंबर, 2022 तक चलने वाली इस सेल के तहत ग्राहक सबसे अधिक माँग वाले और नवीनतम आरओजी लैपटॉप्स पर छूट की एक श्रृंखला का लाभ उठा सकते हैं। यह अंतर्गत तमाम गेमिंग लैपटॉप्स पर बिना किसी लागत के ईएमआई के साथ डिस्काउंटेड वॉरंटी एक्सटेंशन को शामिल करता है। वर्ष के अंत में मनाए जाने वाले जश्न को और अधिक खुशनुमा बनाने के उद्देश्य से, पहले 100 ग्राहक, जो रजिस्टर करते हैं।
एसुस आरओजी की श्रृंखला में गेमिंग लैपटॉप्स शामिल हैं, जिन्हें




**एसुस एक्सक्लूसिव स्टोर्स और आरओजी स्टोर्स पर पूरे गेमिंग पीसी पोर्टफोलियो पर रोमांचक ऑफर्स की पेशकश की जा रही है**

गेमिंग एक्सपीरियंस बढ़ाने, प्रोडक्टिविटी बढ़ाने और ग्राहकों को उनकी जरूरतों के अनुरूप व्यक्तिगत पसंद की पेशकश करने के लिए डिजाइन किया गया है। अत्याधुनिक तकनीक के साथ बनाई गईं गेमिंग मशीनें न सिर्फ गेम खेलने वालों को बहुमुखी प्रतिभा प्रदान करती हैं, बल्कि गेमप्ले को अगले स्तर तक ले जाती हैं। गेमिंग डेज सेल के दौरान, ग्राहक मजबूत टीयूएफ सीरीज पर 38% तक की छूट, कॉम्पैक्ट लेकिन प्रभावशाली जेफिरस सीरीज पर 37% की रोमांचक छूट, शानदार गेमिंग मशीनों- स्ट्रीक्स और स्कारसीरीज पर 30% की छूट, और फ्लेक्सिबल और शक्तिशाली आरओजी फ्लो सीरीज पर 33% की छूट का लाभ उठा सकते हैं।

## कोविड ने तोड़ी चीन की कमर अर्थ व्यवस्थ गिरी

**नई दिल्ली।** चीन में अनियंत्रित कोविड का अर्थव्यवस्था पर काफी बुरा असर देखने को मिला है। विश्व बैंक का अनुमान है कि चीन की अर्थव्यवस्था में ग्रोथ पिछले अनुमानों से भी काफी कम रह सकती है। विश्व बैंक ने आज चीन को लेकर अपने ग्रोथ के अनुमानों में तेज कटौती की है। रिपोर्ट के मुताबिक महामारी के साथ-साथ प्रॉपर्टी मार्केट में आई कमजोरी ने दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था को तगड़ा नुकसान पहुंचाया है। एक बयान में विश्व बैंक ने इस साल के लिए चीन की आर्थिक ग्रोथ का अनुमान घटाकर 2.7 प्रतिशत कर दिया है। जून के अनुमानों में 4.3 प्रतिशत की ग्रोथ रहने की उम्मीद जताई गई थी। विश्व बैंक ने इसके साथ ही अगले साल के ग्रोथ अनुमान को 8.1 प्रतिशत से घटकार 4.3 प्रतिशत कर दिया है।

## एचडीएफसी बैंक ने ग्राहकों को दिया झटका

**एजेंसी। नई दिल्ली**
एचडीएफसी बैंक ने अपने ग्राहकों को जोरदार झटका दिया है। बैंक ने हाउसिंग लोन पर अपनी रिटेल प्राइम लेंडिंग रेटमें बदलाव किया है। बैंक ने एक बयान में कहा कि 20 दिसंबर 2022 से उसने अपने प्राइम लेंडिंग रेट में 35 बेसिस प्वाइंट यानी 0.35 फीसदी की बढ़ोतरी करने का फैसला किया है। इस इजाफे के बाद होम लोन की मिनिमम दर बढ़कर अब 8.65 फीसदी हो गई है। एचडीएफसी के अनुसार, होम लोन पर 8.65 फीसदी की ब्याज दर सिर्फ उन ग्राहकों के लिए ही होगी, जिनका क्रेडिट स्कोर 800 या उससे अधिक होगा। इस साल मई से लेकर अब तक एचडीएफसी बैंक अपनी लोन की दरों में 2.25 फीसदी तक का इजाफा कर चुका है। एक बार फिर से हुई बढ़ोतरी के बाद होम लोन और महंगा हो जाएगा। होम लोन पर ब्याज दर बढ़ने से लोगों की ईएमआई बढ़




जाती है। बढ़ी एटक का बोझ कम करने का एक उपाय लोन का टेन्योर बढ़वाना है। आम तौर पर बैंक भी चाहते हैं कि कस्टमर लोन का टेन्योर बढ़वाएं। एचडीएफसी ने पिछले महीने भी प्राइम लेंडिंग रेट में बढ़ोतरी का ऐलान किया था। एचडीएफसी ने अपनी वेबसाइट पर कहा है कि एडजस्टेबल रेट होम लोन को फ्लोटिंग या वेरिएबल रेट लोन के रूप में भी जाना जाता है। एआरएचएल का बेंचमार्क रेट एआरएचएल से जुड़ा होता है। एचडीएफसी का कोई भी बदलाव एआरएचएल लागू ब्याज दरों पर असर डाल सकता है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने कुछ समय पहले रेपो रेट में इजाफा किया था। इसके बाद से देश के प्राइवेट और सरकारी बैंकों ने अपने लोन महंगे कर दिए हैं। रिजर्व बैंक के द्वारा महंगाई पर नियंत्रण के लिए उठाए जाने वाले कदमों से कर्ज की दरों पर असर पड़ रहा है। रिजर्व बैंक ने इस साल लगातार पांच बार रेपो रेट में बढ़ोत्तरी की है। साल के आखिरी महीने में रेपो रेट में 0.35 फीसदी की बढ़ोतरी के बाद रेपो रेट 6.25 फीसदी पर पहुंच गया है। इस साल केंद्रीय बैंक ने ब्याज दरों में कुल 2.25 फीसदी का इजाफा किया है।

## भारत में ऐपल के आपूर्तिकर्ताओं की बढ़ सकती है संख्या

**नई दिल्ली।** खबर है कि ऐपल पूरे देश में आईफोन की उत्पादन क्षमता को तीन गुना करना चाहती है, ऐसे में देश आपूर्ति का हब भी बन सकता है और यह भी संभव है कि भारत, अमेरिका को भी आईफोन की आपूर्ति करने लगे। दुनिया भर में ऐपल के 190 आपूर्तिकर्ता हैं लेकिन सिर्फ 12 आपूर्तिकताओं का ही भारत में निर्माण केंद्र है। ऐपल की रणनीति भारत की ओर अपना ध्यान केंद्रित करना है और जैसे कि कंपनी चीन से बाहर अपने व्यापार को कई देशों में फैलाना चाहती है, यह दूसरे देशों के व्यापार पर भी पकड़ बनानी चाहती है। रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी तकनीकी दिग्गज ने अपने तीन विक्रेताओं- फॉक्सकॉन, पेगाट्रॉन और विस्ट्रॉन को भारत में उत्पादन क्षमता बढ़ाने का निर्देश दिया है। जेपी मॉर्गन ने हाल ही में अपनी रिपोर्ट में बताया कि ऐपल अपने उत्पादन को कई देशों में फैलाना चाहती है।

## वेदांता हुआ वर्ल्ड इंडेक्स में शामिल

**एजेंसी। नयी दिल्ली**
वैश्विक स्तर पर कारोबार कर रही खनिज क्षेत्र की कंपनी वेदांता लिमिटेड ने कहा है कि पारिस्थितिकीय दृष्टि से स्वस्थ उपायों के साथ काम करने के उसके प्रबंध के आधार पर उसे प्रतिष्ठित द डॉउजोन्स सस्टेनेबिलिटी वर्ल्ड इंडेक्स में सूचीबद्ध किया गया है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि यह दुनिया के सबसे भरोसेमंद पर्यावरण, सामाजिक और प्रशासन (ईएसजी) सूचकांकों में से एक है और इस वर्ष वह इस सूचकांक में शामिल की जाने वाली भारत की अकेली कंपनी है। इस सूचकांक में विश्व की 332 वैश्विक कंपनियां शामिल हैं, जिसमें वेदांत सहित छह भारतीय कंपनियों को स्थान दिया गया है।

## पेज एक का शेष

### विस में चालू...

सदन से निंदा प्रस्ताव लाकर लोकसभा अध्यक्ष को भेजना चाहिए। जेएमएम विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने भी निंदा प्रस्ताव लाने की मांग की। वहीं, संसदीय कार्यमंत्री आलमगीर आलम ने भी इस प्रस्ताव पर सहमति जतायी। इसके साथ ही सत्तापक्ष के भी कई विधायक सीएम के खिलाफ सांसद की टिप्पणी को लेकर वेल में पहुंच गये। सत्तापक्ष के विधायक आसन से नियमन जारी करने की मांग कर रहे थे। विधानसभा अध्यक्ष ने सत्तापक्ष के सदस्यों को भरोसा दिलाया कि इस मसले पर विधिसम्मत विचार करने के बाद फैसला लिया जायेगा। वहीं, सदन में हंगामे को देखते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने सभा की कार्यवाही को दोपहर 12 बजकर 45 मिनट तक के लिए स्थगित कर दिया।

इधर, दोपहर 12 बजकर 45 मिनट पर सभा की कार्यवाही दोबारा शुरू हुई, लेकिन पक्ष-विपक्ष के सदस्यों के हंगामे के कारण शून्य काल की सभी सूचनाएं पढ़ी हुई मान ली गयी। वहीं, बीजेपी के सदस्य भी विरोध करते हुए वेल के निकट आ पहुंचे। सत्तापक्ष और विपक्षी विधायकों के शोर-शराबे के बीच ही वित्तमंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव ने वर्ष 2022-23 का द्वितीय अनुपूरक बजट पेश किया। अनुपूरक बजट पर बुधवार को सदन में चर्चा होगी और पारित कराया जायेगा। अंत में विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र्नाथ महतो ने सदन की कार्यवाही को बुधवार पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

### सम्मेद शिखरजी की...

समाज की भावनाओं को देखते हुए इस जैन तीर्थ स्थल को पहले की तरह बनाये रखने की मांग की। तिवारी के इस मुद्दे को उठाने के तत्काल बाद सदन में मौजूद केंद्रीय संस्कृति मंत्री जी किशन रेड्डी ने कहा कि इस मसले पर केंद्र सरकार झारखंड सरकार से बातचीत कर रही है। पूरी कोशिश होगी कि इस संबंध में जैन समाज की भावनाओं के साथ-साथ राज्य सरकार का भी ध्यान रखा जाये।

### जिम्मेदारी से भाग...

गयी नियोजन नीति को विगत 16 दिसम्बर 2022 को झारखंड उच्च न्यायालय ने फिर एकबार रद्द कर दिया है जो हिंदी ,अंग्रेजी भाषा की अनिवार्यता समाप्त करने तथा 10वीं, 12वीं परीक्षा राज्य के विद्यालयों से उत्तीर्ण होने की अनिवार्यता से संबंधित विसंगतियों से परिपूर्ण था। दीपक प्रकाश ने लिखा कि राज्य की नियोजन नीति न्यायालय के विचाराधीन है। ऐसी परिस्थितियों में राज्य के बेरोजगार युवाओं का भविष्य चौराहे पर खड़ा है, अंधकारमय है। इधर, आपने विधानसभा से पारित 1932 के खतियान आधारित स्थानीय और नियोजन नीति को 9वीं अनुसूची में शामिल कराने का प्रस्ताव राज्यपाल को भेजा है, लेकिन सर्वोच्च न्यायालय द्वारा वर्ष 2007 मेंआई आर कोएल्हो मामले में यह स्पष्ट किया गया है कि 9वीं अनुसूची में शामिल विषयों की भी समीक्षा हो सकती है। ऐसे में राज्य सरकार द्वारा खतियान आधारित स्थानीय नीति और नियोजन नीति को 9वीं अनुसूची में शामिल कराने की बात करना न सिर्फ अपनी जिम्मेवारियों से भागने जैसा बल्कि झारखंड के लाखों बेरोजगार नौजवानों के भविष्य को अंधकार में धकेलने जैसा होगा।

### महमूद का योगदान...

डिग्री हासिल की और स्वतंत्रता संग्राम में शामिल होने के लिए भारत लौट आये। होम रूल आंदोलन, असहयोग आंदोलन और खिलाफत आंदोलन के दौरान भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के एक सक्रिय सदस्य महमूद जवाहरलाल नेहरू के साथ अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के उप महासचिव बने। मुस्लिम लीग के विरोध की एक मजबूत आवाज रहे महमूद और डॉ. एमए अंसारी ने कांग्रेस पार्टी के भीतर मुस्लिम राष्ट्रवादी पार्टी की नींव रखी। 1937 तक महमूद इसके महासचिव थे और इसी साल वे श्रीकृष्ण सिन्हा के नेतृत्व वाली बिहार सरकार में शिक्षा, विकास और योजना मंत्री बने। उर्दू और हिंदी बोलने वालों के बीच बढ़ती खाई से बेहद निराश होकर उन्होंने सामाजिक और राजनीतिक स्तर पर विभाजन का मुकाबला करने के लिए द्विभाषी समाचार पत्र 'रौशनी' लॉन्च किया। मंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने 'देहात सुधार' विभाग की स्थापना की जिसमें उन युवाओं को नियुक्त किया गया जिन्होंने स्वतंत्रता की लड़ाई में भाग लिया और ब्रिटिश दमन के कारण बेरोजगार हो गये। द्वितीय विश्व युद्ध के कारण जैसे ही महमूद ने अन्य मंत्रियों के साथ इस्तीफा दिया ब्रिटिश सरकार ने इस विभाग को खत्म कर दिया। वह बिहार के प्रत्येक जिले में एक लाइब्रेरी स्थापित करना चाहते थे। हालांकि, मुस्लिम लीग और अंग्रेजों के विरोध के कारण उन्हें इस योजना को पटना शहर तक ही सीमित रखने के लिए मजबूर होना पड़ा। जिला पुस्तकालयों को स्थापित करने के बजाय महमूद ने इस शहर को अपना पहला और एकमात्र सरकारी उर्दू लाइब्रेरी दिया।

**नियम का उल्लंघन** | **मानदंडों के उल्लंघन को लेकर आरबीआई का फैसला**

# रिजर्व बैंक ने 20 बैंकों पर लगाया जुर्माना

**एजेंसी। नई दिल्ली**
भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बैंक ऑफ बहरीन एंड कुवैत बीएससी, इंडिया पर 2.66 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। साइबर सुरक्षा फ्रेमवर्क के दिशा-निर्देशों के पालन नहीं करने की वजह से केंद्रीय बैंक ने बहरीन एंड कुवैत बीएससी पर फाइन लगाया है। रिजर्व बैंक ने नागरिक सहकारी बैंक समेत 20 अन्य बैंकों पर कुछ मानदंडों के उल्लंघन करने के लिए जुर्माना लगाया है। हालांकि, रिजर्व बैंक के इस कदम बैंक के ग्राहकों पर किसी भी तरह का असर नहीं पड़ेगा। रिजर्व बैंक देश के सभी बैंकों के ऑपरेशन की निगरानी करता है। अन्य बैंकों में बेसिन कैथोलिक को-ऑपरेटिव बैंक, बैंक ऑफ बहरीन एंड कुवैत इरउ,




हरिज नागरिक सहकारी बैंक, हलोल अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक, वीरमगाम मर्केंटाइल को-ऑपरेटिव बैंक, लखवाड़ नागरिक सहकारी बैंक, बोडेली अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक, सरसपुर शामिल हैं। नागरिक सहकारी बैंक, हलोल मर्केंटाइल सहकारी बैंक, गुजरात राज्य कर्मचारी सहकारी बैंक, नागरिक सहकारी बैंक, श्री वर्धमान सहकारी बैंक, बेचारजी नागरिक सहकारी बैंक, गुजरात मर्केंटाइल सहकारी बैंक, कच्छ जिला केंद्रीय सहकारी बैंक, जनता सहकारी बैंक, सरदारगंज मर्केंटाइल बैंक, भुज मर्केंटाइल सहकारी बैंक, दिल्ली राज्य सहकारी बैंक, आंध्र प्रदेश राज्य सहकारी बैंक और श्री महालक्ष्मी सहकारी बैंक पर भी रिजर्व बैंक ने फाइन ठोका है। इन बैंकों पर लगाए गए जुमार्ने की राशि 50,000 रुपये से 2.66 करोड़ रुपये के बीच है। रिजर्व बैंक ने विभिन्न गाइडलाइंस के उल्लंघन के लिए गुजरात के 17 सहित 20 सहकारी बैंकों पर जुमार्ना लगाया है। रिजर्व बैंक ने कहा कि बैंक डेटाबेस में असामान्य और अनधिकृत आंतरिक गतिविधियों का पता लगाने के लिए सिस्टम को लागू करने में असफल रहे हैं। बयान के मुताबिक, बैंक सुरक्षा के मामले में तत्काल सिक्योरिटी ऑपरेशन सेंटर इंपलिमेंट करने में भी विफल रहे हैं। इस संबध में केंद्रीय बैंक ने बहरीन एंड कुवैत बीएससी को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। रिजर्व बैंक ने कहा कि जुमार्ना रेगुलेटरी अनुपालन में खामियों के लिए लगाया गया है। रिजर्व बैंक का ये कदम बैंकों द्वारा अपने ग्राहकों के साथ किए गए किसी भी लेनदेन या समझौते की वैधता पर सवाल नहीं उठाता है। इससे पहले रिजर्व बैंक ने एक साथ 9 को-ऑपरेटिव बैंकों पर जुर्माना लगाया था। रिजर्व बैंक देश के सरकारी और गैर सरकारी बैंकों के ऑपरेशन पर लगातार नजर बनाए रखता है। अगर कोई बैंक नियमों का पालन नहीं करता है।

**इस संबध में केंद्रीय बैंक ने बहरीन एंड कुवैत बीएससी को कारण बताओ नोटिस जारी किया था**




## NEWS इन ब्रीफ

### पाकिस्तानी एक्ट्रेस की रंगत पर छिड़ी बहस

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी सिनेमा हो या फिर बॉलीवुड... एक्ट्रेसेस की रंगत को लेकर अक्सर उन्हें जज किया जाता है। ऐसा ही कुछ अब



पाकिस्तानी एक्ट्रेस को भी फेस करना पड़ रहा है। पाकिस्तानी सिनेमा की एक ऊभरती हुई ऐसी एक्ट्रेस हैं, जिनकी एक्टिंग के साथ उनकी खूबसूरती के भी खूब चर्चे होते हैं, लेकिन अब एक्ट्रेस की रंगत पर ही बहस छिड़ गयी है। एक्ट्रेस की रंगत को लेकर पाकिस्तानी लोग काफी कंफ्यूजन में हैं। किसी का कहना है कि वह सांवली हैं तो किसी का कहना है कि वो गोरी हैं।

### ब्लू टिक वाले ही कर सकेंगे ट्विटर पर वोट

**वाशिंगटन।** ट्विटर के मालिक एलन मस्क ने मंगलवार को ऐलान किया कि भविष्य में केवल ट्विटर ब्लू सब्सक्राइबर ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के नीति संबंधी चुनावों में मतदान कर सकेंगे। एक उपयोगकर्ता ने उन्हें ट्वीट कर कहा था कि जो लोग ब्लू टिक वाले हैं, ट्विटर पर उन्हें ही नीति-संबंधी चुनावों में मतदान करने का अधिकार मिलना चाहिए। इस पर मस्क ने लिखाः अच्छा बिंदु। ट्विटर यह बदलाव करेगा। स्पूतनिक न्यूज के मुताबिक, ट्विटर ने ट्विटर ब्लू पेड मासिक सब्सक्रिप्शन को दिसम्बर की शुरुआत में फिर से लॉन्च किया है।

### सऊदी सरकार का फैसला, एग्जाम हॉल में यूनिफॉर्म जरूरी



**रियाद।** सऊदी अरब सरकार के एजुकेशन डिपार्टमेंट ने गर्ल्स स्टूडेंट से जुड़ा एक अहम कदम उठाया है। सऊदी एजुकेशन एंड ट्रेनिंग एवेल्युशन कमीशन ने फैसला किया है कि लड़कियां एग्जाम हॉल में अबाया नहीं पहन सकेंगी। अबाया एक तरह का फुल बुर्का होता है। यह सऊदी अरब की महिलाओं का पारंपरिक लिबास है। आदेश में साफ कहा गया है कि एग्जाम हॉल में उन्हीं स्टूडेंट्स को एंट्री दी जायेगी जो स्कूल या कॉलेज द्वारा तय की गयी यूनिफॉर्म पहनेंगी।

# बिहार में लगे राष्ट्रपति शासन

## लोकसभा में गूंजा बिहार में जहरीली शराब से मौत का मामला

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

बिहार में जहरीली शराब से मौत के मुद्दे पर बिहार सरकार के खिलाफ विपक्ष हमलावर है। सड़क से लेकर संसद तक नीतीश कुमार के नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार को घेरने का प्रयास किया जा रहा है। बिहार से लोकसभा सांसद चिराग पासवान ने मंगलवार को लोकसभा में इस मुद्दे को उठाया और एबीपी न्यूज के स्टिंग ऑपरेशन की तारीफ की। बता दें कि जहरीली शराब पीकर मरनेवालों की संख्या बढ़कर 75 पहुंच गयी है।

चिराग पासवान ने संसद में कहा कि एबीपी न्यूज ने लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की भूमिका निभाई। एक स्टिंग ऑपरेशन करके यह दिखाया कि वहां पर किस तरह से शराब की बिक्री हो रही है। महागठबंधन के तमाम नेता खामोश हैं, क्योंकि वो भी इसमें लिप्त हैं। चिराग ने शराबबंदी कानून के बाद भी प्रदेश में जहरीली शराब पीने से हुई मौतों के लिए राज्य सरकार को दोषी ठहराया और बिहार में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की।

### बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर साधा निशाना



**इससे** पहले चिराग ने नीतीश सरकार की ओर से पीड़ित परिजनों को मुआवजा नहीं दिये जाने पर सवाल खड़े किये थे। एक टीवी चैनल को दिये गये इंटरव्यू में चिराग ने कहा था कि मारे गये लोगों के परिजनों को मुआवजा जरूर दिया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर हमला करते हुए उन्होंने कहा था कि 2016 में गोपालगंज में जहरीली शराब पीने से 19 लोग मरे थे, तो पीड़ित परिवारवालों को मुआवजा दिया था। मुख्यमंत्री जी की नीति स्पष्ट नहीं है। कभी उन्होंने घर-घर शराब की दुकानें खुलवायीं। 2016 में उन्हें ज्ञान प्राप्ति हुई वो शराबबंदी ले आये। कभी मुआवजा देते हैं, कभी मना कर देते हैं।

### बिहार में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग

**चिराग पासवान ने कहा :** एक के बाद एक शराब से मेरे प्रदेश में हत्याओं का सिलसिला शुरू हुआ है। सरकार और प्रशासन इस पूरी घटना को दबाने का प्रयास कर रहा है। एबीपी न्यूज ने लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की भूमिका निभायी। एक स्टिंग ऑपरेशन करके यह दिखाया कि वहां पर किस तरह से शराब की बिक्री हो रही है। महागठबंधन के तमाम नेता खामोश हैं, क्योंकि वो भी इसमें लिप्त हैं. मैं आपके माध्यम से केंद्र सरकार से स्वतः संज्ञान लेते हुए राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग करता हूं और इन तमाम हत्याओं की सीबीआई जांच की मांग करता हूं।

### शराबकांड के बाद पुलिस का एक्शन

जहरीली शराब कांड के बाद बिहार पुलिस हरकत में आयी है। इस कांड में शामिल आरोपियों के खिलाफ शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। एसआईटी के ऑपरेशन क्लीन ड्राइव में सारण जिले के इसुआपुर के कुख्यात शराब तस्कर अखिलेश राय उर्फ अखिलेश यादव को गिरफ्तार किया। इसके अलावा बिहार में अलग-अलग जगहों पर पुलिस की छापेमारी जारी है। इसके अलावा अब तक 6335 लीटर शराब और 21 वाहनों को जब्त किया गया है।

## रोजाना 20 लाख लोग जन औषधि केंद्रों से खरीदते हैं दवाई

**नयी दिल्ली।** रसायन एवं उर्वरक मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को राज्यसभा में कहा कि देशभर में जन औषधि केंद्रों से प्रतिदिन 20 लाख लोग दवाइयां खरीदते हैं जिससे उन्हें करोड़ों रुपए की बचत होती है। डॉ. मांडविया ने सदन में प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के उत्तर में कहा कि सस्ती और गुणवत्ता पूर्ण दवा उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र शुरू किये गये हैं। फॉर्मेसी के अध्ययन में प्रमाणित व्यक्ति पांच लाख रुपए के निवेश से जन औषधि केंद्र खोल सकता है। जन औषधि केंद्रों पर बिकने वाली दवाई की कीमतों का 20 प्रतिशत केंद्र मालिक का हिस्सा होता है। उन्होंने कहा कि जन औषधि केंद्र में बिकने वाली दवाओं की कीमतें बहुत ही कम होती हैं जिससे कारण केंद्र मालिक की हिस्सेदारी कम होती है। इसलिए जन औषधि केंद्रों के मालिक को पांच लाख रुपए तक की वित्तीय सहायता दी जाती है। इसके अलावा महिलाओं को जन औषधि केंद्र खोलने के लिए विशेष वित्त मदद दी जाती है।

## जम्मू-कश्मीर के शोपियां में मारे गये तीन आतंकी



### सुरक्षाबलों ने लिया कश्मीरी पंडितों की हत्या का बदला

**एजेंसी। श्रीनगर**

सुरक्षाबलों ने कश्मीरी पंडितों की हत्या का बदला ले लिया है। सुरक्षाबलों ने मंगलवार की अल सुबह जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में इन तीन आतंकियों को मुठभेड़ में मार गिराया। मारे गये सभी आतंकी लश्कर-ए-तैयबा के सदस्य हैं। इन मृतकों में एक वो भी है, जिसने एक कश्मीरी पंडित की हत्या की थी। संयुक्त बलों को आतंकवादियों की उपस्थिति के बारे में एक गुप्त सूचना मिलने के बाद शोपियां के मुंझ मार्ग इलाके में एक घेराबंदी और तलाशी अभियान के शुरू किया गया। इस दौरान आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गयी।

एक सुरक्षा अधिकारी ने बताया : जब इलाके की घेराबंदी की जा रही थी तो उसी समय वहां छिपे हुए आतंकवादियों ने स्वचालित हथियारों से गोलीबारी शुरू कर दी। इसका सुरक्षा बलों ने प्रभावी ढंग से जवाब दिया गया। मुठभेड़ में लश्कर के तीन आतंकवादी मारे गये। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विजय कुमार ने मारे गये दोनों लोगों की पहचान शोपियां के लतीफ लोन और अनंतनाग के उमैर नजीर के रूप में की है। उन्होंने कहा : लतीफ लोन एक कश्मीरी पंडित पुराण कृष्ण भट की हत्या में शामिल था। उमर नजीर नेपाल के बहादुर थापा की हत्या के पीछे था।

## मोदी पर विवादित टिप्पणी को बिलावल भुट्टो ने ठहराया सही

**एजेंसी। इस्लामाबाद**

पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर दिए गए अपने विवादित बयान को सही ठहराते हुए कहा है कि उन्होंने वही कहा जो इतिहास में दर्ज है। ब्लूमबर्ग से बात करते हुए बिलावल भुट्टो ने कहा : मैं एक ऐतिहासिक सच्चाई की बात कर रहा था। मैंने जो शब्द इस्तेमाल किए, वो मेरे शब्द नहीं थे। मैंने वो शब्द नहीं गढ़े। मैंने मोदी के लिए गुजरात का कसाई शब्द खुद से नहीं बनाया। गुजरात दंगों के बाद खुद भारत के मुसलमानों ने ये शब्द उनके लिए इस्तेमाल किया था। मुझे लगता है, मैंने एक ऐतिहासिक तथ्य दोहराया, लेकिन वो मानते हैं कि ऐतिहासिक तथ्य दोहराना व्यक्तिगत हमला है। दो दिन पहले नरेंद्र मोदी की पार्टी एक सदस्य ने मेरे सिर पर दो करोड़ रुपये का इनाम रखा है। मुझे नहीं लगता कि ये मेरी टिप्पणी से असहमत होने का ये अतिवादी तरीका सही है।

### अमेरिका की प्रतिक्रिया

अमेरिका ने भी बिलावल भुट्टो के बयान पर प्रतिक्रिया दी है। अमेरिका ने कहा कि दोनों ही देशों के साथ अमेरिका की साझेदारी है और वह दोनों देशों के बीच जुबानी युद्ध नहीं देखना चाहता।

## अजय राय के विरुद्ध मुकदमा महिला आयोग ने भेजी नोटिस

**नवीन मेल नेटवर्क। राबर्ट्सगंज/नयी दिल्ली**

कांग्रेस नेता अजय राय का केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी पर दिया गया बयान अब भारी पड़ रहा है। अजय राय के विरुद्ध मंगलवार को राबर्ट्सगंज में एक प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। उधर, राष्ट्रीय महिला आयोग ने अजय राय के बयान पर उन्हें नोटिस जारी कर 28 दिसम्बर को दिल्ली में तलब किया है। इस बीच अजय राय ने कहा कि वह अपने बयान पर कायम हैं। वह भाजपा नेत्री से हरगिज माफी नहीं मांगेंगे। गौरतलब है कि बीते दिनों सोनभद्र में अजय राय ने कहा था कि अमेठी को जो कुछ भी दिया,



गांधी परिवार ने ही दिया। स्मृति ईरानी ने वहां किया ही क्या। वह अमेठी जाती हैं और लटके-झटके दिखा कर वापस आ जाती हैं। उनके इस बयान का भाजपा ने तीखा वरोध किया था और अजय राय से माफी मांगने को कहा था। अजय राय ने कहा कि उन्होंने जो बयान दिया था उस पर कायम हैं और माफी तो कत्तई नहीं मांगेंगे।

## पाकिस्तान में गैस सिलेंडर फटा, 12 मरे

**एजेंसी। इस्लामाबाद**

पाकिस्तान के दक्षिण पश्चिम में बलूचिस्तान प्रांत के लासबेला जिले के एक बाजार में गैस सिलेंडर फटने से कम से कम 12 लोगों की मौत हो गयी और 13 अन्य झुलसे। मीडिया ने यह जानकारी मंगलवार को दी। लासबेला जिले के उपायुक्त मुराद खान कासी ने मीडिया से कहा कि सोमवार को एक दुकान में रिफिलिंग के दौरान एक सिलेंडर फट गया जिससे एक बड़ा विस्फोट हुआ और लासबेला जिले के बेला इलाके में आस-पास की दुकानों में आग फैल गई। अधिकारी के अनुसार, इस आग में 25 लोग झुलस कर घायल हो गये, जिन्हें बंदरगाह शहर कराची



के सामान्य अस्पताल में भर्ती किया गया, लेकिन घायलों में से 12 लोगों ने सोमवार की रात इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। अधिकारी ने आशंका व्यक्त करते हुए कहा कि मरने वालों की संख्या और ज्यादा हो सकती है, क्योंकि अधिकांश घायलों की स्थिति गंभीर है। इस विस्फोट से लगी आग के कारण दुकान में रखे अन्य सिलेंडर भी उसकी चपेट में आ गये, जिससे और ज्यादा विस्फोट हुआ और आसपास की चार दुकानें तथा आसपास खड़ी लगभग 12 गाड़ियां नष्ट हो गयीं।

## बैंकों ने 11.17 लाख करोड़ रु. फंसे हुए लोन बट्टे खातों में डाले

**नयी दिल्ली। ब्यूरो**

वित्त राज्य मंत्री भागवत कराड ने मंगलवार 20 दिसम्बर को संसद में एक लिखित जवाब में बीते छह वर्ष का आंकड़ा पेश करते हुए बताया कि पिछले छह सालों में बैंकों ने कुल 11.17 लाख करोड़ रुपये के फंसे हुए लोन (बैड लोन) को बट्टे खातों में डाल दिया है और इस बैलेंस को बही खाते से हटा दिया है।

**कराड ने एक अन्य प्रश्न के जवाब में बताया** - भारतीय रिजर्व बैंक ने बताया है कि 30 जून, 2017 तक सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में 25 लाख रुपये और उससे अधिक के बकाया लोन वाले विलफुल डिफॉल्टरों की कुल संख्या 8,045 थी, और 30 जून, 2022 तक 12,439 थी। जबकि प्राइवेट बैंक में यह 30 जून, 2017 को 1,616 और 30 जून, 2022 को 2,447 थी। उन्होंने आगे कहा : आरबीआई ने सूचित किया है कि 30.6.2017 तक, सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के बैंकों में 8,744 सूट-फाइल विलफुल डिफॉल्टर्स और 917 गैर-सूट-फाइल किये गये विलफुल डिफॉल्ट थे, और 30.6.2022 तक, वहीं खड़ा है। वित्त राज्य मंत्री ने आगे बताया कि बैंक अपनी बैलेंस शीट को साफ रख कर लाभ लेने और अपने नियमित अभ्यास के हिस्से के रूप में एनपीए को राइट-ऑफ करते रहते हैं। उन्होंने बताया कि बैंकों के बैड लोन आरबीआई के दिशानिर्देशों और उनके बोर्ड के अनुमोदन की नीति के अनुसार राइट-ऑफ किया जाता है।




**आतंकवाद** | आतंकियों ने कई पुलिस अधिकारियों को बना लिया बंदी

# आतंक विरोधी सेंटर पर ही आतंकियों का कब्जा

**एजेंसी। इस्लामाबाद**

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा इलाके के बन्नु जिले में एक जेल में बंद टीटीपी के 30 आतंकियों ने काउंटर टेररिज्म सेंटर पर ही कब्जा कर लिया। आतंकियों ने कई पुलिस अधिकारियों को बंदी बना लिया और एक की हत्या भी कर दी है। हालात इतने खराब हैं कि 24 घंटे बीत जाने के बावजूद पाकिस्तान की सरकार अपने अधिकारियों को आंतकियों की कैद से छुड़ा नहीं पायी है। आतंकी घटना के बाद से सरकार लगातार अधिकारियों को छुड़वाने में नाकाम रही है। अभी भी बन्नु जिले में पाकिस्तान की



फौज का ऑपरेशन जारी है। सिक्योरिटी फोर्सेस ने फिर से एक सीनियर अधिकारी ने बताया कि जहां पाकिस्तानी तालिबान यानी टीटीपी ने काउंटर टेररिज्म सेंटर पर कब्जा किया है वो जगह अफगानिस्तान के काफी करीब है।

**अफगानिस्तान जाना चाहते हैं आतंकी :** सिक्योरिटी फोर्सेस ने पूरी छावनी को चारों ओर से घेरा हुआ है। पाकिस्तान का प्रशासन बातचीत के जरिये भी अधिकारियों को छुड़वाने का प्रस्ताव दे चुका है, लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं आया है। खैबर पख्तूनख्वा की सरकार के एक प्रवक्ता मुहम्मद अली सैफ ने बताया कि पुलिस अधिकारियों को कैद से छोड़ने के लिए आतंकियों ने सरकार के सामने एक शर्त रखी है। वो चाहते हैं कि सरकार उन्हें सुरक्षित तरीके से अफगानिस्तान जाने दे। काउंटर टेररिज्म सेंटर पर टीटीपी के कब्जे की शुरूआत एक आतंकी से पूछताछ के दौरान हुई। दरअसल, सेंटर में एक अधिकारी टीटीपी के आतंकी से पूछताछ कर रहा था। उसी समय आतंकी ने उसके हाथ से एके-47 बंदूक छीन ली और अपने साथी आतंकियों को रिहा करवा लिया। देखते ही देखते सभी 30 आतंकियों ने पूरे सेंटर पर कब्जा कर लिया और अधिकारियों को अपना कैदी बना लिया।

**काउंटर टेररिज्म सेंटर को तबाह कर देगी मिलिट्री :** अलजजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक ऐसा होने की पूरी संभवनाएं जताई जा रही हैं कि अगर बातचीत से कोई नतीजा नहीं निकला तो पाकिस्तान की मिलिट्री पूरे काउंटर टेररिज्म सेंटर को तबाह कर देगी।